सूर्योदय 6:21 सूर्यास्त 6:34

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.4 न्यू | 21.4 अधि |
| धर्मशाला | 11.2 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,905.51 |
| निफ्टी | 23,350.40 |
| सोना 91,250 | चांदी 1,00,300 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 24 मार्च 2025 | 11 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 84, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702




हैदराबाद ने राजस्थान को 44 रनों से हराया

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### अमेरिका में दो भारतीयों की गोली मारकर हत्या

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक भारतीय मूल के व्यक्ति और उसकी बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दोनों एक जनरल स्टोर में मृत पाए गए। दोनों इस जनरल स्टोर पर काम करते थे। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह अभी तक साफ नहीं हो पाई है। वहीं, भारतवंशी व्यक्ति और बेटी की हत्या की खबर से अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों में शोक की लहर है।

### विदेशी आतंकियों ने कराया था चंडीगढ़ में ग्रेनेड अटैक

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने चंडीगढ़ ग्रेनेड हमले के मामले में चार आतंकियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। चार्जशीट में बताया कि पाकिस्तान में मौजूद हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा और अमेरिका में रहने वाला हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया ने यह हमला करवाया था। दोनों को इस हमले का मुख्य साजिशकर्ता और हैंडलर बताया गया है। एनआईए का कहना है कि ये आतंकवादी भारत में अपनी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए अपने नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे थे। इन आतंकियों पर भारत में आतंकवादी गतिविधियां फैलाने और निर्दोष लोगों की जान लेने की साजिश रचने का आरोप है। सितंबर, 2024 में हुए इस हमले का मुख्य उद्देश्य पंजाब पुलिस के एक रिटायर्ड अधिकारी को निशाना बनाना था।

### सीबीआई की रिपोर्ट में सुशांत की हत्या के सबूत नहीं

**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत डेथ केस में सीबीआई ने 4 साल 6 महीने 15 दिन बाद फाइनल क्लोजर रिपोर्ट फाइल की है। इसमें जांच एजेंसी ने कहा कि आत्महत्या के लिए सुशांत को उकसाने का कोई सबूत नहीं मिला है। सुशांत सिंह राजपूत 14 जून, 2020 को बांद्रा में अपने घर पर रहस्यमय तरीके से मृत पाए गए थे। मीडिया और विपक्षी दलों के प्रेशर की वजह से इस मामले की जांच को सीबीआई को सौंपी थी। अब सीबीआई की आखिरी रिपोर्ट में मौत की असल वजह सुसाइड ही बताई गई है। इस मामले में रिया चक्रवर्ती को 27 दिन जेल में रहना पड़ा था।

### जामा मस्जिद प्रबंधन समिति का अध्यक्ष किया गिरफ्तार

**संभल।** संभल जामा मस्जिद प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और एडवोकेट जफर अली को रविवार को पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जफर अली को सुबह पूछताछ के लिए बुलाया था। पुलिस ने डिजिटल साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जफर अली को गिरफ्तार किया है। संभल में बीते साल नवंबर में जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी। जफर अली की गिरफ्तारी के इलाके में एहतियात के तौर पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बिलासपुर में अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग चैंपियनशिप शुरू -पेज 3
- ठियोग क्षेत्र में भ्रष्टाचारियों के लिए कोई स्थान नहीं: कुलदीप -पेज 6
- भाजपा मंडलों ने 27 को विधानसभा के बाहर प्रदर्शन की बनाई रणनीति -पेज 9
- गाजा में इसराइल के हमले, 19 फिलिस्तीनी मारे गए -पेज 13
- आरसीबी की टीम में क्रुणाल पंड्या शानदार पसंद : मैथ्यू हेडन -पेज 14


# हरित ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की राह पर हिमाचल : सुक्खू

## सीएम बोले- राज्य के आर्थिक विकास के लिए 20 वर्षीय कार्ययोजना होगी तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल को हरित ऊर्जा और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हिमाचल के आर्थिक विकास के लिए 20 वर्षीय कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल हरित ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहा है और हरित ऊर्जा राज्य की दिशा में मजबूत कदम उठाए जाएंगे। यह संकल्प मुख्यमंत्री सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (हिप्पा) में आयोजित समृद्ध हिमाचल 2045 के तीन दिवसीय भौतिक विचार मंथन अभ्यास कार्यक्रम में दोहराया। सीएम इस विशेष कार्यक्रम में नई



दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने बताया कि इन दीर्घकालीन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रदेश सरकार सतत् विकास और आर्थिक वृद्धि के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। सुक्खू ने कहा कि 2025-26 के लिए राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, ऊर्जा क्षेत्र के विकास, पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहन और शिक्षा तथा स्वास्थ्य क्षेत्र की अधोसंरचना को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। वहीं, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने प्रदेश सरकार की ओर से दो साल में उठाए गए विभिन्न कदमों की विस्तृत जानकारी दी।

### सभी क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान

**सुक्खू** ने कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। सरकार जल विद्युत क्षमता का उच्चतम दोहन सुनिश्चित करना चाहती है और सरकार ने ऊर्जा परियोजनाओं में अधिक रॉयल्टी प्राप्त करने का मामला उठाया है। प्रदेश प्राकृतिक खेती में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है और डेयरी क्षेत्र के विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न पहल की गई है और व्यवस्था परिवर्तन का अर्थ आत्मनिर्भर हिमाचल बनने की ओर अग्रसर होना है।

### पित्रोदा ने दिए समावेशी विकास के लिए सुझाव

**अंतरराष्ट्रीय** ख्याति प्राप्त विचारक एवं उद्यमी सैम पित्रोदा भी वर्चुअल माध्यम से अमेरिका से इस सत्र में जुड़े। उन्होंने प्रदेश के समावेशी विकास के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए और इस विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने प्रदेश सरकार की नवाचार प्रयासों की सराहना की और कहा कि हिमाचल के विकास के लिए वह प्रदेश सरकार से अपने ज्ञान को साझा करने के इच्छुक हैं।

# प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का जल्द होगा गठन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

- पहले जिला अध्यक्ष घोषित होंगे, उसके बाद नए पदाधिकारियों की सूची होगी जारी
- दिल्ली में रजनी पाटिल के साथ सुक्खू, मुकेश व प्रतिभा ने की बैठक

**हिमाचल** कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने प्रदेश संगठन को लेकर रविवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के साथ बैठक की। बैठक प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला कमेटी के गठन को लेकर मंथन किया गया। जिला अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के नामों की अंतिम सूची फाइनल कर हाईकमान को दी गई। इसके साथ ही निगम बोर्डों में पदाधिकारियों की तैनाती को लेकर भी चर्चा गई है। पार्टी सूत्रों ने दावा किया कि जल्द प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन कर लिया जाएगा। सबसे पहले जिलाध्यक्षों के नामों की सूची जारी होगी। इसके बाद प्रदेश पदाधिकारियों की सूची को घोषित किया जाएगा। वहीं, तीनों दिग्गज नेताओं को समन्वय स्थापित करने को कहा गया है। विशेषकर सरकार और संगठन साथ-साथ काम करेंगे। कार्यकर्ताओं की समस्याओं और उनके क्षेत्र की समस्या को सुनने के लिए राज्य दफ्तर में सप्ताह में एक बार मंत्री के बैठने की बात भी कही गई है, ताकि सभी कार्यकर्ता अपनी बात रख सकें और उनके क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान दिया जा सके।

# प्रदेश में साइबर स्वच्छता अभियान से होगा अपराधियों का सफाया

## पहले चरण में बिलासपुर और बद्दी शामिल, साइबर प्रवृत्तियों पर रखी जाएगी नजर

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**





**हिमाचल** प्रदेश में साइबर अपराध करना अब आसान नहीं होगा। साइबर स्वच्छता अभियान के तहत साइबर अपराधियों की पहचान को ठोस पहल की है। पहचान होने के बाद उसकी जांच को पायलट परियोजना बनाई है। इस परियोजना के पहले चरण में बिलासपुर और बद्दी को शामिल किया गया है।

दोनों स्थानों में साइबर अपराध के सभी तथ्यों और आंकड़ों पर चर्चा की गई। विस्तृत चर्चा के दौरान साइबर प्रवृत्तियों के बारे में आंकड़े पेश किए गए, जिन पर चिंता जताई गई। पुलिस विभाग के राज्य मुख्यालय में आला पुलिस अफसरों ने इस विचार चर्चा में भाग लिया और अपने-अपने तर्कों के साथ बेहतर प्रस्तुति दी।

**मुहिम से साइबर जांच कौशल में होगा सुधार**

इसमें साइबर सेल सहित क्राइम ब्रांच और पुलिस विभाग के आला अधिकारी भी मौजूद रहे। साइबर स्वच्छता नाम की इस मुहिम में कानून पवर्तन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा और साइबर अपराधों के तहत साइबर जांच कौशल में सुधार होगा व जांच अधिकारियों को साइबर अपराध की जांच में सीधी मदद मिलेगी। खास बात यह है कि इस अभियान से राज्य के सभी नागरिकों को एक सुरक्षित साइबर स्पेस मिलेगा और साइबर अपराध इकाई की एक सक्रिय पहल साबित होगी। (अनंत ज्ञान)

### जागरूकता बढ़ाने पर भी फोकस

**पुलिस** मुख्यालय के अनुसार, डीजीपी अतुल वर्मा की अध्यक्षता में साइबर अपराध से संबंधित स्वच्छ साइबर को लेकर अहम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें इस परियोजना के शुरुआती चरणों की जानकारी दी गई। साइबर अपराधों को रोकने सहित नागरिकों को सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाने पर जोर दिया गया। साइबर अपराधों के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने की भी सहमति बनी और बताया गया कि पुलिस विभाग के आधुनिकरण के लिए भी हरसंभव प्रयास किए जाएंगे, जिसमें साइबर अपराधों से निपटने में पुलिस की क्षमता बढ़ेगी।

### अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

**डीजीपी** अतुल वर्मा ने साइबर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं और कानून पवर्तन और आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में भी काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है।

### साइबर अपराध रोकने को 100 वालंटियर अधिकृत

**हिमाचल** में बढ़ते साइबर क्राइम रोकने के लिए आम जनता भी पुलिस का सहयोग कर रही है। ऐसे नागरिकों को पुलिस अपने वालंटियर के रूप में नियुक्त कर रही है। करीब 100 से ज्यादा वालंटियर को अपराध रोकने के लिए अधिकृत किया गया है, जो अपराध रोकने के लिए पुलिस विभाग की मदद कर रहे हैं।

## नकदी विवाद

### सीजेआई ने गठित की आंतरिक जांच समिति

**नई दिल्ली।** पुलिस आयुक्त की ओर से न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास पर नोटों की जली हुई गड्डियों का वीडियो साझा किए जाने और दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की ओर से अपने प्रारंभिक निष्कर्षों में 'गहन जांच' का आह्वान किए जाने के बाद सीजेआई संजीव खन्ना ने वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए समिति गठित की है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति वर्मा के आवास से कथित रूप से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने के संबंध में दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय की जांच रिपोर्ट को अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया, जिसमें संपूर्ण वीडियो और तस्वीरें हैं।

# भारत ने चीन के चार उत्पादों पर लगाया एंटी-डंपिंग शुल्क

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** ने चीन से आने वाले चार उत्पादों पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया है। इनमें सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क, एल्युमीनियम फॉयल और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड शामिल हैं। सरकार ने यह कदम घरेलू कंपनियों को सस्ते आयात से बचाने के लिए उठाया है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर की सिफारिश के बाद यह फैसला लिया गया।

इससे भारतीय कंपनियों को राहत मिलेगी। ये शुल्क उन उत्पादों पर लगे हैं, जो चीन से कम कीमत पर भारत में बेचे जा रहे थे। इन उत्पादों में सॉफ्ट फेराइट कोर,



वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क, एल्युमीनियम फॉयल और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड शामिल हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने अलग-अलग नोटिफिकेशन जारी किए हैं। नोटिफिकेशन में कहा है कि सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड पर पांच साल के लिए शुल्क लगेगा। एल्युमीनियम फॉयल पर छह महीने के लिए अस्थायी शुल्क लगाया गया है। एल्युमीनियम फॉयल पर 873 डॉलर प्रति टन तक का शुल्क लगाया गया है।

### भारतीय उद्योगों को राहत मिलने की उम्मीद

**डीजीटीआर** (व्यापार उपचार महानिदेशालय) ने इन शुल्कों की सिफारिश की थी। डीजीटीआर वाणिज्य मंत्रालय की एक जांच इकाई है। यह इकाई डंपिंग और सब्सिडी जैसे मामलों की जांच करती है। डंपिंग का मतलब है कि कोई देश अपने उत्पादों को दूसरे देश में कम कीमत पर बेचता है। इससे दूसरे देश की कंपनियों को नुकसान होता है। डंपिंग-रोधी शुल्क लगाकर सरकार घरेलू कंपनियों को बचाती है। डंपिंग-रोधी शुल्क से भारतीय उद्योगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

### डोडा में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार व गोला-बारूद बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के जंगल में जवानों ने आंतकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकी ठिकाने से एक पिस्तौल, तीन मैगजीन और छह राउंड व एके असॉल्ट राइफल की 25 राउंड गोलियां बरामद की हैं। इस बीच, किश्तवाड़ जिले से सटे गुरिनाल, थाथरी और चटरू जंगल में पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की ओर से संयुक्त तलाशी अभियान भी जारी है। कुछ ग्रामीणों ने ऊंचाई वाले इलाकों में संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में जानकारी साझा करने के बाद अभियान शुरू किया है। वहीं, आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है और खोजी कुत्तों और ड्रोन की भी मदद ली जा रही है।







### 6 दिन बाद नागपुर से हटाया कर्फ्यू

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में छह दिन पहले हुई हिंसा के बाद रविवार को शहर के शेष चार इलाकों से भी कर्फ्यू हटा लिया है। 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पचपावली, शांति नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामबाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर पुलिस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया था।

### ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का ऐलान

## वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ चलाया जाएगा देशव्यापी आंदोलन

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने रविवार को वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की। एआईएमपीएलबी के कार्यालय सचिव मोहम्मद वकार उद्दीन लतीफी ने 17 मार्च को दिल्ली में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन के बाद ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। आंदोलन के पहले चरण में 26 मार्च को पटना और 29 मार्च को विजयवाड़ा में राज्य विधानसभाओं के सामने प्रदर्शन किया जाएगा। एआईएमपीएलबी के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय धार्मिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि इन प्रदर्शनों में भाग लेंगे। पटना में बिहार के मुख्यमंत्री सहित जेडीयू, आजेडी, कांग्रेस और लोक जनशक्ति पार्टी के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। आंध्र प्रदेश में टीडीपी, वाईएसआर, कांग्रेस और सीपीआई-एम को भी आंदोलन में शामिल होने को कहा गया है। इलियास ने कहा कि इन विरोध-प्रदर्शनों का उद्देश्य भाजपा के गठबंधन सहयोगियों को स्पष्ट संदेश भेजना है या तो विधेयक के लिए समर्थन वापस ले लें या फिर हमारा समर्थन खोने का जोखिम उठाएं।




# शैक्षणिक सत्र के दौरान अब शिक्षकों के नहीं होंगे तबादले : रोहित ठाकुर

## गुणात्मक शिक्षा देने के होंगे हरसंभव प्रयास, सख्त निर्णय लेने से नहीं करेंगे संकोच

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों तक गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने को राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है, और इसकी बेहतरी के लिये सख्त निर्णय लिए जा रहे है। बाकायदा शैक्षणिक सत्र के दौरान अध्यापकों का स्थानांतरण बंद करने का निर्णय किया गया है, ताकि सत्र के दौरान छात्रों की पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

यह जानकारी शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राजकीय महाविद्यालय ठियोग में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के दौरान दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सख्त निर्णयों से उचित परिणाम अवश्य देखने को मिलेंगे। 'एएसएआर' की रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल प्रदेश ने रीडिंग एवं लर्निंग में प्रथम स्थान हासिल किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रतिभाशाली छात्रों को सिंगापुर एवं कंबोडिया जैसे देशों में एक्सपोजर विजिट पर भेजा जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा में वर्षों से लटके रिक्त पदों को भरा जा रहा है। महाविद्याल में 100 प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों को पदोन्नति के माध्यम से भरा गया है, वहीं 19 रेगुलर प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की गई है। इसी प्रकार, उपनिदेशक के 37 पद पर पदोन्नति को गई है। इसके साथ-साथ 484 सहायक प्रोफेसर के पदों की भर्ती की जा चुकी है जिससे 80 प्रतिशत रिक्त पदों को भरा गया है।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश सरकार के कार्यकाल के दौरान 3500 अध्यापकों की भर्ती बेच वाइस की गई है। वहीं 3100 के आसपास अध्यापकों की भर्ती आयोग के माध्यम से की गई है। इसके अतिरिक्त, 700 से अधिक के पद पीजीटी के भरे गए है। (अनंत ज्ञान)



### नशे के खिलाफ एकजुट होने का किया आह्वान

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि प्रदेश में हम सभी के लिए नशा एक चुनौती बन चुका है। इसके खिलाफ हम सभी को एकजुट होने की आवश्यकता है ताकि नशे जैसी कुरीतियों से क्षेत्र तथा प्रदेश को बचाया जा सके।

### 9850 करोड़ का बजट शिक्षा क्षेत्र में आवंटित

**उन्होंने** कहा कि विपरीत वित्तीय परिस्थिति के बावजूद भी प्रदेश सरकार ने 9850 करोड़ का बजट शिक्षा क्षेत्र में आवंटित किया है, जो कुल बजट का लगभग 17 प्रतिशत है।

### ठियोग महाविद्यालय के लिए 6.37 करोड़ स्वीकृत

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय में मल्टीपरपज हॉल के लिए 6 करोड़ 37 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान हो चुकी है। एफआरए की अनुमति मिलते ही कार्य को शुरू किया जाएगा। महाविद्यालय में व्यवसायोन्मुख विषय को शुरू करने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। वहीं, नॉन-टीचिंग के खाली पदों को भी भरा जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में हम सभी के लिए नशा एक चुनौती बन चुका है। इसके खिलाफ हम सभी को एकजुट होने की आवश्यकता है ताकि नशे जैसी कुरीतियों से क्षेत्र तथा प्रदेश को बचाया जा सके। शिक्षा मंत्री ने राजकीय महाविद्यालय ठियोग के उत्कृष्ट छात्रों को वार्षिक पारितोषिक वितरित किए। इस मौके पर स्थानीय विधायक कुलदीप सिंह राठौर और अन्य पदाधिकारी सहित दर्जनों आलाधिकारी भी मौजूद रहे।





अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702, 8091450407 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# आजादी के 77 साल बाद भी रास्ता नसीब नहीं

## धौलाधार पर्वतों के नीचे बसा चांदमारी गांव आज भी उपेक्षा का शिकार



'हर गांव कुछ कहता है' सीरीज में आज बात धौलाधार पर्वतों के नीचे बसे एक प्यारे से गांव की। प्राकृतिक सुंदरता से लबरेज यह गांव है चांदमारी। धर्मशाला-मैक्लोडगंज रोड से डेढ़ किलोमीटर दूर बसे इस गांव की खूबसूरती को पर्यटक खास तौर पर यहां रुककर अपने कैमरों में कैद करते हैं तथा बर्फ से लदे पहाड़ों को निहारते हैं। विडंबना यह है कि आजादी के 77 साल बाद भी इस गांव के लोगों को रास्ता नसीब नहीं हो पाया। ग्रामीणों के दर्द को प्रदेश की किसी भी सरकार ने समझने की कोशिश नहीं की।


संजय अग्रवाल
धर्मशाला

गांव के साथ कैंट एरिया लगता है जिस कारण यहां लोगों को भारी परेशानियों से दो चार होना पड़ता है। गांव के लोगों की मात्र डेढ़ किलोमीटर पक्के वाहन युक्त रास्ते की मांग भी अब तक पूरी नहीं हो पाई है। लोग आज भी छोटी सी पगडंडी से होकर नीचे अपने गांव की ओर जाने को मजबूर हैं। नेता जब वोट मांगने आते हैं तो उस समय रास्ता पक्का होने का वादा जरूर किया जाता है, लेकिन उसके बाद वे इस गांव को ही भूल जाते हैं।

### 52 साल पहले हुई शादी, अभी भी रास्ते की आस बाकी


धनेश्वरी देवी

**गांव** की पूर्व प्रधान धनेश्वरी देवी का कहना है कि 52 साल पहले उनकी शादी इस गांव में हुई थी, तब से वे इस आस में है कि एक दिन रास्ता जरूर बनेगा। समस्या यह है कि यह सेना का क्षेत्र है, मगर हमने देखा है कैंट एरिया में भी रास्ते निकले हैं। इस चंदमारी गांव के नौ स्वतंत्रता सेनानियों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है तथा कई पूर्व सैनिक आज भी इस गांव में रहते हैं फिर भी गांव के लिए रास्ता नहीं बन पाया। गांव में गोरखाली व गद्दी समुदाय के लोग रहते हैं। बहुत से लोग परेशान होकर पलायन कर अब दाड़ी तथा धर्मशाला में बस गए हैं, क्योंकि यहां कोई बीमार होता है तो उसे पालकी या स्ट्रेचर में लाकर पैदल ऊपर मार्ग तक लाया जाता है तथा फिर उसे अस्पताल पहुंचाया जाता है। कई बार अचानक बीमार हुए व्यक्ति को महिलाओं को ही उठाकर लाना पड़ता है, क्योंकि दिन के समय पुरुष अपने कार्यों के लिए निकल चुके होते हैं।

### हमारे साथ किया जा रहा सौतेला व्यवहार


विशेसन

**गांव** के ही एक बुजुर्ग विशेसन का कहना है कि वह उम्र के तीसरे पड़ाव से गुजर रहे हैं, मगर उनके गांव तक रास्ता क्यों नहीं बन पाया, यह समझ से परे है। चांदमारी गांव में करीब 2,000 परिवार रहते हैं। ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग से गांव तक रास्ता उपलब्ध करवाने की मांग कई बार उठाई, परंतु उनकी मांग को हमेशा अनदेखा ही किया जाता है। जहां से रास्ते का निर्माण होना है वह भूमि फॉरेस्ट के अंतर्गत आती है। कई गांवों में वन विभाग की भूमि से भी रास्ते निकले हैं, मगर उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

### विकास से कोसों दूर है गांव


विकास

**विकास** का कहना है कि गांव में रास्ता न होने के कारण यह विकास से कोसों दूर है। गांव में विकास कार्यों को लेकर प्रशासन ने दौरे भी किए, रास्ते के निर्माण की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए, मगर रास्ता आज तक नहीं बना। आज तक गांव का समग्र विकास सुनिश्चित नहीं हो पाया है। सरकार कागजों में अधिकारियों को नियमित तौर पर विकास कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश देती है, परंतु गांव में जब कोई विकास कार्य हुआ ही नहीं तो निरीक्षण किस बात का।

### यहां जनता की दबाई जा रही आवाज


विशाल

**युवक** विशाल का कहना है कि लोग दशकों से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार और जनप्रतिनिधि कोई ध्यान नहीं दे रहे। लोकतंत्र में जनता की आवाज दबाई नहीं जानी चाहिए। सड़क न बनने से लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। 100 से अधिक गांव रास्ता न होने के कारण भारी परेशानी में हैं।

### बच्चे समय पर नहीं पहुंच पा रहे स्कूल-कॉलेज


रमेश कुमार

**गांव** के रहने वाले रमेश कुमार का कहना कि गांव में रास्ता न होने के कारण यहां के बच्चे उच्च शिक्षा के लिए समय पर स्कूल व कॉलेजों में नहीं पहुंच पा रहे हैं। बरसात के दिनों में तो बच्चों के साथ सभी को गांव से ऊपर मार्ग तक जाने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रास्ता न होने के कारण बरसात के दिनों में लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो जाते हैं। सरकार को चाहिए कि गांव के लिए जल्द से जल्द रास्ते का निर्माण करे।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से ध्वस्त हो गई है, जो घटनाएं प्रदेश में कभी नहीं होती थी, वह अब आए दिन हो रही है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों मंडी में ढाबा संचालक के साथ जो घटना घटित हुई। वह बहुत चिंतनीय और निंदनीय है।



- **आए दिन चल रही गोलियां, ऐसी घटनाएं नहीं होंगी सहन**

हैरानी की बात तो यह है कि इस तरीके से कोई आपराधिक तत्व राज्य की सीमा के अंदर घुस आए हैं और किसी व्यवसाई के पूरे दिन की कमाई लूट कर ले गए। जयराम ठाकुर ने बताया कि उसकी दुकान का महंगा समान लूट कर ले गए और उसे गोली मारकर गायब हो गए।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है और देवभूमि में इस तरीके की घटनाएं हम सहन नहीं करेंगे। इसके लिए सरकार द्वारा जो भी कदम उठाने पड़े, उठाए जाने चाहिए और इस तरह के अराजक तत्वों पर लगाम लगाना जरूरी है।

# भाजपा विश्व का सबसे मजबूत राजनीतिक दल : कर्ण नंदा




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बिलासपुर, भाजपा नैना देवी के दो मंडलों की परिचय बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में मुख्यवक्ता के रूप में प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा उपस्थित रहे और उनके साथ नैना देवी से विधायक रणधीर शर्मा विशेष रूप में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नैना देवी अप्पर के अध्यक्ष नन्द लाल ठाकुर एवं नैना देवी लोअर के अध्यक्ष बलबीर सिंह पप्पी द्वारा की गई।

बैठक को संबंधित करते हुए कर्ण नंदा ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे मजबूत एवं विराट राजनीतिक दल है जिसके राष्ट्र स्तर पर 18 करोड़ से अधिक और हिमाचल प्रदेश में 16 लाख से अधिक प्राथमिक सदस्य बन चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत क्या होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में महिलाओं के प्रति आपराधिक मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। दो वर्षों में हिमाचल प्रदेश में 634 महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं हुई हैं।

> हिमाचल में आज विधानसभा चुनाव हो जाएं तो कांग्रेस पार्टी का खाता खुलना मुश्किल

वहीं, छेड़छाड़ के मामलों का आंकड़ा 900 और महिलाओं के प्रति क्रूरता का आंकड़ा 300 को पार कर गया है। इस वर्ष जनवरी से नवंबर माह 2024 तक हिमाचल में 305 रेप केस दर्ज हुए हैं। 160 केस महिलाओं के प्रति क्रूरता के दर्ज हैं। छेड़छाड़ के 458 केस भी दर्ज हुए हैं। जिलों में रेप केस के आंकड़ों की बात करें, तो जिला बिलासपुर 2023 में 23 मामले और 2024 में 13 मामले दर्ज हुए है।

# बिलासपुर में अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग चैंपियनशिप शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



- **स्वास्थ्य मंत्री ने किया शुभारंभ**
- **बोले- इस प्रयास से बिलासपुर में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा**

बिलासपुर में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तरीय पैराग्लाइडिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिला प्रशासन बिलासपुर एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने किया।

इस अवसर पर तकनीकी की शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर, पूर्व विधायक तिलक राज, उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक आदि उपस्थित रहे। शांडिल ने बताया कि बिलासपुर की बंदला धार स्थित पैराग्लाइडिंग साइट को एक्रोबेटिक उड़ानों के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। यह प्रतियोगिता 23 मार्च से 27 मार्च तक चलेगी, जिसमें अब तक 6 देशों के पैराग्लाइडर्स सहित 70 से अधिक प्रतिभागी रजिस्टर कर चुके हैं। इनमें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मास्टर पैराग्लाइडर्स, पेशेवर खिलाड़ी एवं विभिन्न सुरक्षा बलों के सदस्य शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से बिलासपुर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिलेगी। साथ ही, यह आयोजन स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य बिलासपुर को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। इस दिशा में सरकार पहले ही गोबिंदसागर झील में वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का शुभारंभ कर चुकी है और जल्द ही कोलडैम में भी एडवेंचर स्पोर्ट्स गतिविधियां शुरू की जाएंगी।

# देश के 21 जिलों में 1.10 लाख औषधीय पौधे रोपे : डॉ. राजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा-चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा है कि पोषण पखवाड़ा 2021 के दौरान आयुष मंत्रालय ने राज्यों सरकारों के सहयोग से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, हिमाचल और मिजोरम के 21 जिलों में 1.10 लाख औषधीय पौधों का रोपण किया गया है।



केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को संसद में बताया कि पौषण मिशन के अंतर्गत संबंधित जिलाधीशों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पौषण समिति का गठन किया गया है, जोकि वन, कृषि, बागबानी, पंचायतीराज संस्थाओं, ग्रामीण विकास और आयुष मंत्रालय के साथ कन्वर्जेंस में पौषण वाटिका की चिर स्थायी विकास का निरीक्षण करती है।

उन्होंने बताया की पौषण वाटिका के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बर्ष भर हरी सब्जियां, फल, नट्स, हर्ब्स और औषधीय पौधों को उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया है। पौषण वाटिका के माध्यम से स्वास्थ्यवर्धक खान-पान की आदतों को प्रोमोट करना है और खान पान की विविधता को विकसित करना है।

# पूर्वांचल का हिमाचल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान : तिवारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




परवाणु में भाजपा द्वारा बिहार दिवस 2025, एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वहीं, संगठन महामंत्री सिद्धार्थ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता एवं सांसद मनोज तिवारी भी पहुंचे, परमाणु बद्दी नालागढ़ में पूर्वांचल के प्रवासी लोगों की संख्या बहुत अधिक है। वह पूर्वांचल से आकर बद्दी नालागढ़ और परमाणु में काम कर रहे हैं। तिवारी ने उन्होंने प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बिहारी बहुत मेहनती लोग होते हैं। मेहनती इतने कि विकसित भारत में इनका बहुत बड़ा योगदान रहा है, देश भर में सभी निर्माण कार्यों में आपका बहुमूल्य योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि पूर्वांचल से आए आप सब अपने घर की मिट्टी को भूलना नहीं घर जाते रहना और वहां की गतिविधियों के साथ भी जुड़े रहना। इस मौके पर तिवारी ने बिहार से आए प्रवासी श्रमिकों और व्यवसायियों के योगदान की सराहना की। हिमाचल 'देव भूमि, उद्योग भूमि' है, जहां से पूरे देश को अनेक चीजें निर्यात होती हैं। यह आयोजन केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि उन प्रवासी भाई-बहनों की मेहनत को पहचान देने का अवसर है, जिन्होंने हिमाचल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग अपने परिश्रम और संस्कारों के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने भी सभी को बिहार दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# चमुखा में अवैध शराब की 320 पेटियां बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



पुलिस थाना सुंदरनगर टीम ने चमुखा में एक ट्रक से अवैध अंग्रेजी और देसी शराब की 320 पेटियां बरामद की है। पुलिस टीम ने एएसआई दौलत राम के नेतृत्व में नाकाबंदी के दौरान बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम नाकाबंदी के दौरान किरतपुर-मनाली फोरलेन पर मौजूद दी। इसी दौरान पुलिस ने ट्रक नंबर एचपी-40ए -4727 की चेकिंग के लिए रोका गया। पुलिस टीम ने ट्रक से अवैध अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग की 200, गोल्फर शॉट की 10 और ब्लेंडर प्राइड की 10 और देसी शराब ऊना नंबर-1 की 100 कुल 320 पेटियां बरामद की है। ट्रक चालक की पहचान महेंद्र कुमार पुत्र रतन लाल गांव और डाकघर कुम्मी तहसील बल्ह जिला मंडी के तौर पर हुई है।

आरोपी ने ट्रक के तिरपाल के नीचे अवैध शराब को छुपाया गया था। जिसे पुलिस ने बरामद कर कब्जे में ले लिया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सुंदरनगर नानक चंद ने बताया कि पुलिस थाना सुंदरनगर ने आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39 के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस की आगामी जांच जारी है।

**संसद से** | सीपी ग्राम पोर्टल पर 22,895 शिकायतें मिलीं, 22,735 का हुआ समाधान

# प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना पर देशभर से कुल 70,770 शिकायतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को संसद में बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई गई ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता रख-रखाब को लेकर 18 मार्च तक देश भर से कुल 70,770 शिकायतें व सुझाव प्राप्त हुए है, जिनमें से 63,844 शिकायतों पर अंतिम जबाब दे दिया गया है, जबकि 6,871 सुझाव पर अंतरिम जबाव दे दिया गया है।

उन्होंने कहा की इसके अलाबा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की गुणवत्ता व रख-रखाब आदि के बारे में सीपी ग्राम पोर्टल पर 22,895 जन शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 22,735 जन शिकायतें का समाधान कर लिया गया है तथा बाकि शिकायतों को संबंधित राज्य सरकारों को उचित कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत घटिया व खराब गुणवत्ता की सड़कों के निर्माण की शिकायतें संबंधित सरकारों के स्टेट क्वालिटी को-आर्डिनेशन को भेज दी जाती हैं और अगर संबंधित सरकारों का उचित रिस्पांस नहीं मिलता तो नेशनल रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी आगामी कार्यवाई के लिए नेशनल क्वालिटी मॉनिटर को प्रतिनियुक्त करती है तथा आगामी कार्रवाई नेशनल क्वालिटी मॉनिटर की रिपोर्ट के आधार पर की जाती है।





कमलेश पासवान बताया की योजना की गाइडलाइंस के अनुसार सभी स्वीकृत सड़क परियोजनाओं के रिपेयर और मेंटेनेंस को 5 सालों तक आरंभिक सड़क निर्माण के ठेके में शामिल किया जाता है, ताकि सड़क निर्माण की कंपनी ही आगामी पांच सालों तक सड़क की रिपेयर और मेंटेनेंस के लिए उत्तरदायित्व होती है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के रखरखाब की निगरानी के लिए सभी राज्यों में ई मार्ग ऑनलाइन एप्लीकेशन को लागु किया गया है, जो कि सड़कों के निर्माण से पांच बर्ष तक की अवधि तक मॉनिटर करती है।

उन्होंने कहा की भारत सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को गरीबी उन्मूलन कार्यनीति के सभी ग्रामीण क्षेत्रों को वर्ष भर सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए 25 दिसंबर 2000 को शुरू किया है तथा प्रधान मन्त्री ग्रामीण सड़क योजना दो और तीन को ग्रामीण सड़को को अपग्रेड करके स्कूलों, हॉस्पिटल्स, ग्रामीण कृषि मार्केट आदि से जोड़ने के लिए शुरू किया गया था।

गर्मियों के दिनों में सेहत के साथ अपनी स्किन का भी ध्यान रखना जरूरी होता है। इन दिनों टैनिंग, सन बर्न से जुड़ी समस्या से हर कोई परेशान होता है। ऐसे में जरूरी है कि आप हेल्दी डाइट के साथ स्किन का ध्यान रखें। सनस्क्रीन समस्याओं को लेकर दैनिक अनंत ज्ञान ने सोलन के स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. विनय पटयाल ने बात की तो उन्होंने बताया कि अपने चेहरे की चमक को बरकरार रखने के लिए आपको उसे पर्याप्त हाइड्रोजन देने की जरूरत होती है। इसके लिए खास बातों का ध्यान रखना पड़ता है।

# गर्मियों में स्किन का रखें विशेष ध्यान

## टैनिंग, सन बर्न की समस्या कर सकती है परेशान



### चेहरे पर सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

**डॉ.** विनय पटयाल ने कहा कि गर्मियों के इस मौसम में आपके त्वचा के लिए सबसे जरूरी है सनस्क्रीन। जब कभी आप बाहर निकलें तो अच्छी क्वालिटी का सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। ये आपकी त्वचा को सूरज की तेज यूवी किरणों से बचाने का काम करती है। वहीं अगर आप घर पर है तो भी एसपीएफ 30 की सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना ना भूलें।



डॉ. विनय पटयाल
स्किन स्पेशलिस्ट

### त्वचा को करते रहें मॉइश्चराइज

**गर्मी** में अक्सर हमारी त्वचा बेजान हो जाती है इसके लिए जरूरी है कि आप उसे मॉइश्चराइज करते रहे। दरअसल, आप जब बाहर निकलते है तो तेज धूप की वजह से त्वचा अपनी नमी खो देती है, जिस वजह से वो बेजान लगने लगती है। ऐसे में आप अपनी त्वचा की नमी को बरकरार रखने के लिए मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी त्वचा में ताजगी बनी रहेगी।

### नाइट केयर को न करें नजरअंदाज



**किसी** भी मौसम में त्वचा के लिए नाइट केयर को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जब कभी आप सोने के लिए जाए तो सबसे पहले त्वचा को अच्छे से धो लें फिर किसी भी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर आप अपनी त्वचा को मॉइश्चराइज कर लें ऐसा करने से रात में भी आपकी स्किन हाइड्रेट रहेगी।

प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन

# कचनार के फूल-छाल औषधीय गुणों का भंडार



## कफ और वात दोष को करे दूर | कचनार के पत्ते-जड़ें भी उपयोगी

कचनार (वौहिनिया वरिएगाटा) आयुर्वेद में एक महत्वपूर्ण औषधीय वृक्ष है, जिसका उपयोग विभिन्न रोगों के उपचार में किया जाता है। इसे संस्कृत में 'कचनार' कहा जाता है। यह भारत, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार और चीन सहित एशिया के कई देशों में पाया जाता है। भारत में यह विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दक्षिणी राज्यों में प्राकृतिक रूप से उगता है। हिमाचल प्रदेश में कचनार विशेष रूप से निचले और मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में देखा जाता है, जहां इसकी छाल और फूल पारंपरिक औषधीय उपयोग के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। कचनार मुख्य रूप से बसंत ऋतु (फरवरी से अप्रैल) में फूलता है। इस समय गुलाबी, सफेद और बैंगनी रंग के फूल खिलते हैं, जो बहुत आकर्षक होते हैं और औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं।



डॉ. रंजना कपूर
जोगिंद्रनगर, मंडी

### कुष्ठ रोग, एक्जिमा और सफेद दाग को मिटाए

**यह** रक्त को शुद्ध करता है और फोड़े-फुंसी, कुष्ठ रोग, एक्जिमा और सफेद दाग में लाभकारी होता है। इसकी छाल और फूल कब्ज, अपच और पेट के कीड़ों को दूर करने में सहायक होते हैं। कचनार के फूलों की सब्जी बनाकर खाने से अतिसार (दस्त) और बवासीर में लाभ होता है। महिलाओं के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी है। अनियमित मासिक धर्म और बहुप्रजनन अंडाशय की समस्या जैसी बीमारियों में कांचनार का काढ़ा लाभकारी होता है। प्रसव के बाद गर्भाशय की सफाई के लिए भी इसका सेवन किया जाता है।

### थायराइड, गांठ, त्वचा व पाचन समस्या करे दूर

**कचनार** एक बहुपयोगी आयुर्वेदिक औषधि है, जो थायराइड, गांठ, त्वचा रोग, पाचन समस्याओं और महिलाओं की बीमारियों में अत्यंत लाभकारी है। हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक रूप से इसका उपयोग औषधीय और पोषण संबंधी लाभों के लिए किया जाता है। बसंत ऋतु में इसकी उपस्थिति और औषधीय गुण इसे आयुर्वेद में एक महत्वपूर्ण स्थान देते हैं। इसकी छाल का काढ़ा थायराइड और शरीर में बनने वाली गांठों (रसौली, फाइब्रॉइड, ट्यूमर, लसिका ग्रंथि की सूजन) के उपचार में उपयोगी होता है।

### मूत्र संक्रमण, पेशाब में जलन की समस्या से दिलाए निजात

मूत्र संक्रमण और पेशाब में जलन की समस्या में कचनार की छाल का काढ़ा लाभकारी होता है। यह शरीर की चयापचय क्रिया को बढ़ाकर मोटापा कम करने में भी सहायक होता है। सेवन के लिए 1 चम्मच कांचनार की छाल को 2 कप पानी में उबालें, जब पानी आधा रह जाए तो छानकर पिएं। इसे दिन में 1-2 बार सेवन किया जा सकता है। कांचनार गुग्गुल एक आयुर्वेदिक औषधि है, जो थायराइड, गांठों और त्वचा रोगों के लिए उपयोग की जाती है और इसे वैद्य की सलाह से लेना चाहिए। कचनार के फूलों को हल्का उबालकर सब्जी बनाकर खाना भी लाभकारी होता है। गर्भवती महिलाएं और बच्चे वैद्य की सलाह के बिना इसका सेवन न करें। अधिक मात्रा में सेवन करने से गैस, अपच या दस्त हो सकते हैं।



### अधिक मात्रा में न करें सेवन, नहीं तो बढ़ सकता है पित्त दोष

कचनार की तासीर गरम और रूखी मानी जाती है। कचनार की छाल, फूल, पत्ते और जड़ सभी औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार यह कफ और वात दोष को संतुलित करता है, लेकिन अधिक मात्रा में सेवन करने से पित्त दोष को बढ़ा सकता है। इसलिए इसे संतुलित मात्रा में और सही अनुपान (जैसे शहद या घी के साथ) लेना उचित होता है। कचनार के आम दुष्प्रभावों में से एक रक्तचाप में उतार-चढ़ाव है। जड़ी-बूटी के सक्रिय यौगिक हृदय संबंधी कार्य को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे संभावित रूप से उच्च या निम्न रक्तचाप का स्तर हो सकता है। इसलिए इसका उपयोग अत्यधिक मात्रा में नहीं करना चाहिए।

# जड़ी-बूटियों से बनती हैं होम्योपैथिक दवाएं

हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के जंगलों में पाई जाने वाली जड़ी-बूटियों को दवाइयां बनाने में विशेष पहचान मिली है। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी दवाई बनाने में इन औषधियों का प्रचुर मात्रा में इस्तेमाल किया जा रहा है। दवा कंपनी इलेक्ट्रोहोम्योपैथी दवाओं का निर्माण करने में जुटी है। यह कंपनी चंबा में दवाइयां बनाकर दूसरे राज्यों में भी भेज रही है। इन दवाइयों का निर्माण जंगलों में पाई जाने वाली जड़ी-बूटियों से किया जा रहा है।



डॉ. सुरेंद्र ठाकुर
निदेशक, सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एंड रिसर्च सेंटर, धर्मशाला

वनस्पति विज्ञान पर आधारित शोध व अध्ययन में जुटी संस्था रबिसन इंस्टीट्यूट आफ इलैक्ट्रोहोम्योपैथी एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन धर्मशाला के निदेशक डॉ सुरेंद्र ठाकुर बताते हैं कि भारत में परंपरागत चिकित्सा पद्धतिओं के शोध व विकास के लिए केंद्रीय अथवा राज्य स्तर पर रिसर्च के लिए विशेषज्ञों की टीम तैयार करके उन्हें प्रशिक्षित किया जाए।



### इलेक्ट्रोहोम्योपैथी पद्धति से पूरी तरह खत्म हो जाती है बीमारी

**इलेक्ट्रोहोम्योपैथी** बहुत प्रभावी है यह पद्धति नए प्रयोगों के परिणाम है। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के क्षेत्र में कार्यरत लोंगो द्वारा इसे हर्बल पौधों पर आधारित चिकित्सा पद्धति माना जाता है। केंद्रीय सरकार द्वारा अपनी प्राचीन चिकित्सा पद्धतिओं को बढ़ावा दिया जा रहा है, क्योंकि इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में बीमारी को जड़मूल से उपचार करने की अनूठी विषेशता विद्यमान हैं। तदनुसार रोगियों में नई आशा की किरण जागी है। इस पैथी के साथ एक भी मृत्यु दर नहीं बताई गई। यह पैथी बहुत प्रभावी और बहुत ही किफायती है। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी में पुरानी और तीव्र बीमारी में आश्चर्यजनक परिणाम देखने को मिलते हैं।

### इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के उत्थान के लिए कोई ठोस योजना बनाने की जरूरत

**डॉ.** सुरेंद्र ठाकुर बताते हैं कि हैं कि निसंदेह हिमाचल सरकार को इलैक्ट्रोहोम्योपैथी के उत्थान के लिए कोई ठोस योजना बनाने की जरूरत है, ताकि राज्य सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो सके और लोगों की जान बचाई जा सके। इससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी। संस्थान के अथक प्रयासों से धर्मशाला स्थित बगली गांव में एक निजी शिक्षण संस्थान की स्थापना 2024 को हुई है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। होम्योपैथी एक हर्बल व साइड इफेक्ट रहित चिकित्सा प्रणाली है। इससे गंभीर रोग जैसे काला पीलिया, कैंसर, अधरंग, फाईबराइड, रसौली, डेंगू, दमा, चमड़ी रोग आदि का सफल इलाज किया जाता है। इस कारण ही बहुत सारे इलेक्ट्रो होम्योपैथी डाक्टर जो दूसरे सिस्टम में चले गए थे वह अपनी पैथी में वापस आ रहे हैं। उन्होंने फिर कहा भारत में परंपरागत चिकित्सा पद्धतिओं के शोध व विकास के लिए केंद्रीय अथवा राज्य स्तर पर रिसर्च के लिए विशेषज्ञों की टीम तैयार करके उन्हें प्रशिक्षित किया जाए, पद्धति से मानव शरीर को असाध्य बीमारियों से बचाया जा सके।

प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला

# युवाओं में तेजी से बढ़ रहा हृदय रोग

हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों में दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिसका एक बड़ा कारण धूम्रपान है। अधिक युवा लोग हृदय संबंधी समस्याओं का शिकार हो रहे हैं, जिससे बीमारी के प्रति समय पर जागरूकता और सावधानी बरतने की आवश्यकता है। पंजाब में एक नामी अस्पताल के वे कार्डियक साइंसेज के अध्यक्ष और डीन एकेडमिक्स एंड रिसर्च डॉ. एचके बाली ने कहा कि भारत में लगभग 30 मिलियन लोग कोरोनरी धमनी रोग से पीड़ित हैं। भारत में जल्द ही दुनिया में हृदय रोग के सबसे ज्यादा मामले होंगे। इसके अलावा भारत में 27 फीसदी से अधिक मौतें हृदय संबंधी बीमारियों के कारण होती हैं।



डॉ. एचके बाली
नामी चिकित्सक




### भारत में सबसे ज्यादा मामले

**डॉ.** बाली का कहना है कि 35 वर्ष आयु से अधिक पुरुषों में दिल के दौरे के मामले में भारत दुनिया में शीर्ष पर है और अगले दशक तक हृदय रोग भारत में मृत्यु और विकलांगता का सबसे बड़ा कारण होगा। हृदय रोग से पीड़ित लोगों की औसत आयु कम हो रही है। हैरानी तो यह है कि इन दिनों हमारे पास 25 वर्ष से कम उम्र के मरीज दिल के दौरे के साथ हमारे पास आ रहे हैं। अब बड़ी संख्या में युवा भारतीय अपनी खराब जीवनशैली के कारण कोरोनरी धमनी रोग से पीड़ित हैं, और अगर यह जारी रहा तो भविष्य और भी खतरनाक दिखता है।

### मृत्यु दर भी बढ़ रही

**डॉ.** बाली ने कहा कि भारत में हृदय रोगों ने सबसे बड़े जानलेवा रोग के रूप में संचारी रोगों का स्थान ले लिया है। हालिया आंकड़ों के मुताबिक शहरी आबादी का लगभग 30 प्रतिशत और ग्रामीण इलाकों में रहने वाली 15 प्रतिशत आबादी उच्च रक्तचाप और दिल के दौरे से पीड़ित है। जैसे-जैसे हृदय रोगों के जोखिम कारक बढ़ते हैं, वैसे-वैसे मृत्यु दर भी बढ़ती है। टाइप 2 मधुमेह वाले मरीजों में सामान्य आबादी की तुलना में हृदय की समस्या का खतरा 2 -3 गुना अधिक होता है। %वर्तमान में भारत में मधुमेह से पीड़ित 100 मिलियन लोग हैं और यह संख्या बढ़कर 135 मिलियन होने की उम्मीद है।



### हृदय रोग के जोखिम को कम करने के तरीके


**धूम्रपान** न करें, अपने उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कोलेस्ट्रॉल जोखिमों को जानें, स्वस्थ वजन बनाए रखें, नियमित व्यायाम करें, कम संतृप्त वसा, अधिक सब्जियाँ और अधिक फाइबर खाएं, अपने लिपिड की जांच कराएं और ट्रांस फैट से बचें, शराब से बचें/संयमित मात्रा में सेवन करें, वार्षिक निवारक स्वास्थ्य पैकेज अपनाएं योग, ध्यान द्वारा अपने तनाव को प्रबंधित करें, अपने होमोसिस्टीन स्तर को जानें।

### इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

सीने में बेचैनी, दर्द, जकड़न या दबाव, मतली, अपच, सीने में जलन या पेट दर्द, दर्द जो बांह तक फैल जाता है, चक्कर आना या रक्तचाप में अचानक गिरावट, आपकी छाती के बीच में दर्द या दबाव जो आपके गले या जबड़े तक फैल जाता है, तेज चलने या सीढ़ियां चढ़ने पर सांस फूलना, ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया में अत्यधिक खर्राटे आना, बिना किसी स्पष्ट कारण के पसीना आना, अनियमित दिल की धड़कन, गुलाबी या सफेद बलगम के साथ लंबे समय तक चलने वाली खांसी, टाँगों, पैरों और टखनों में सूजन पर भी चिंता का विषय है। ऐसी स्थिति में तुरन्त चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

**डॉ. एचके बाली ने कहा कि प्राथमिक एंजियोप्लास्टी, कॉम्प्लेक्स एंजियोप्लास्टी, बाइवेंट्रिकुलर पेसमेकर (सीआरटी), कॉम्बो डिवाइसेस, आईसीडी, कैरोटिड आर्टरी स्टेंटिंग, टीएवीआर, पेरिफेरल आर्टरी जैसी सभी सुविधाओं के कारण कई अस्पताल हृदय विज्ञान के लिए उत्कृष्टता का केंद्र बन गए हैं, लेकिन यह काफी नहीं है। लोगों को ऐसी स्थिति से बचने के लिए अपनी जीवन शैली बदलने के साथ साथ बहुत सजग होने की आवश्यकता है। उन्होंने कुछ टिप्स भी बताए।**

प्रस्तुति : राजेश शर्मा, ऊना



# गुर्दा प्रत्यारोपण



## अंतिम चरण के गुर्दा रोग का सबसे अच्छा विकल्प

**अंतिम चरण गुर्दा रोग एक गंभीर स्थिति है, जिसमें गुर्दे अपने सभी महत्वपूर्ण कार्य बंद कर देते हैं। यह स्थिति जीवन के लिए खतरनाक हो सकती है और इसके इलाज के लिए विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। इस स्थिति का इलाज जीवनरक्षक होता है और इसके मुख्य उपचार विकल्प हैं डायलिसिस और गुर्दा प्रत्यारोपण। आइए जानें इन उपचारों के बारे में विस्तार से और उनकी तुलना करें, ताकि मरीज सही निर्णय ले सकें।**

### गुर्दा प्रत्यारोपण के दो स्रोत

गुर्दा प्रत्यारोपण में एक स्वस्थ गुर्दे को रोगी के शरीर में प्रत्यारोपित किया जाता है। यह एक अधिक स्थायी समाधान हो सकता है और डायलिसिस की तुलना में जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है। गुर्दा प्रत्यारोपण के दो स्रोत होते हैं :

**जीवित दाता**

**एक** स्वस्थ व्यक्ति अपना एक गुर्दा दान करता है, जो आमतौर पर परिवार का सदस्य या करीबी मित्र होता है।

**मृतक दाता**

**मृत** व्यक्ति के अंगों को उनके परिवार की सहमति से दान किया जाता है।

**लाभ**

डायलिसिस की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है और अधिक ऊर्जा मिलती है। लंबी अवधि में अधिक स्वाभाविक जीवनशैली संभव होती है।

**चुनौतियां**

प्रत्यारोपण के लिए उपयुक्त दाता का मिलना कठिन हो सकता है। प्रत्यारोपण के बाद दवाइयां जीवनभर लेनी पड़ती हैं, जो प्रतिरक्षा तंत्र को दबाने का काम करती हैं। सर्जरी से जुड़े जोखिम भी रहते हैं।

### जीवनशैली में बदलाव

**दवाइयां :** मरीजों को विभिन्न दवाइयां दी जाती हैं जो गुर्दे की कार्यक्षमता में सुधार करती हैं और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को नियंत्रित करती हैं। इसमें रक्तचाप नियंत्रित करने वाली दवाइयां, एनीमिया का इलाज करने वाली दवाइयां और फॉस्फोरस और पोटेशियम को नियंत्रित करने वाली दवाइयां शामिल हो सकती हैं।

**आहार और पोषण :** मरीजों को विशेष आहार का पालन करना पड़ता है जिसमें प्रोटीन, सोडियम, पोटेशियम, और फॉस्फोरस की मात्रा को नियंत्रित किया जाता है। स्वस्थ वजन बनाए रखना और पोषक तत्वों से भरपूर भोजन करना महत्वपूर्ण है।

**तरल पदार्थ का सेवन :** मरीजों को तरल पदार्थ की मात्रा को नियंत्रित करना पड़ता है क्योंकि गुर्दे पर्याप्त मात्रा में मूत्र नहीं बना पाते हैं।



डॉ. संजय विक्रांत
विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी
एम्स बिलासपुर

**नियमित जांच और देखभाल :** मरीजों को नियमित रूप से चिकित्सकीय जांच और डायलिसिस या प्रत्यारोपण के बाद भी चिकित्सकीय देखभाल की आवश्यकता होती है। यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी समस्या समय पर पहचानी और उपचारित की जा सके। अंतिम चरण गुर्दा रोग के इलाज के लिए डायलिसिस और गुर्दा प्रत्यारोपण दोनों ही महत्वपूर्ण विकल्प हैं। हालांकि गुर्दा प्रत्यारोपण इलाज का सबसे अच्छा तरीका होता है और यह सबसे सामान्य रूप से किया जाने वाला अंग प्रत्यारोपण है। डायलिसिस की तुलना में प्रत्यारोपण से अधिकांश रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। सही विकल्प का चयन मरीज की व्यक्तिगत स्थिति और चिकित्सकीय सलाह पर निर्भर करता है।

### गुर्दा दाता और मरीज का मिलान

**गुर्दा** प्रत्यारोपण के लिए दाता और मरीज के मिलान में कई महत्वपूर्ण कारकों को ध्यान में रखा जाता है, जिनमें प्रमुख हैं:

**रक्त समूह :** प्राप्तकर्ता और दाता के रक्त समूह का मेल आवश्यक होता है।

ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन टाइपिंग : ये प्रोटीन शरीर के ऊतकों को बाहरी तत्वों से अलग पहचानने में मदद करते हैं।

**क्रॉस-मैचिंग :** इस परीक्षण में प्राप्तकर्ता और दाता के रक्त के छोटे नमूनों को मिलाया जाता है। यदि कोई नकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं होती है, तो प्रत्यारोपण किया जा सकता है।

### अधिकांश जीवित दाता मरीज के परिवार के सदस्य

अधिकांश जीवित दाता मरीज के परिवार के सदस्य ही होते हैं, क्योंकि उनमें जैविक समानता की संभावना अधिक होती है। हालांकि, प्रतिरक्षादमन (इम्यूनोसप्रेसेंट) दवाओं में हुई प्रगति के कारण अब रक्त संबंधी न होने पर भी प्रत्यारोपण संभव हो गया है। इसमें जीवनसाथी, परोपकारी दाता (अल्ट्रूइस्टिक डोनर) और जोड़ीबद्ध दान जैसी प्रणालियां अपनाई जा रही हैं।

### भारत में 2 लाख मरीज कर रहे किडनी प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा

भारत में अंग प्राप्त करने वाले लोगों की संख्या आवश्यकता के मुकाबले बहुत कम है। अनुमानित आंकड़ों के अनुसार लगभग 2,00,000 लोग किडनी प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रत्येक वर्ष किडनी प्रत्यारोपण की आवश्यकता का 10 प्रतिशत से भी कम पूरा होता है। पिछले वर्ष केवल 12,000 किडनी प्रत्यारोपण किए गए। इस अंतर को पाटने के लिए भारतीय सरकार सक्रिय रूप से अंग दान को बढ़ावा दे रही है, खासकर मृतक दाताओं से दान को प्रोत्साहित कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएसपी अनिल व थाना प्रभारी मुनीष सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नगरी।** शहीदी दिवस के मौके पर राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन के स्टेट यूथ ऑफिसर बाबा त्रिलोक नाथ, पालमपुर के अध्यक्ष भाग्य ठाकुर ने बैजनाथ के डीएसपी अनिल शर्मा, बैजनाथ थाना प्रभारी मुनीष कुमार को सम्मानित किया गया। बाबा त्रिलोक नाथ ने बताया कि कुछ दिन पहले इन्होंने पपरोला से लापता लड़की को मात्र 24 घंटे में परिजनों तक सही सलामत पहुंचाया गया था। इस मौके पर समाजसेवी जोगिंदर गडेलू, सोम देव, किशोरी लाल, चमन कुमार मौजूद रहे। मगा हटाओ, पानी बचाओ कार्यक्रम के तहत बेटीयां फाउंडेशन ने बैजनाथ थाने में महिला स्टाफ के शौचालय में कांबोज शावर लगवाने को दिए।

### थुरल भाजपा ने बनाई विधानसभा घेराव की रणनीति



**अनंत ज्ञान, थुरल।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के थुरल मंडल की महत्वपूर्ण बैठक मंडल अध्यक्ष विकास धीमान की अध्यक्षता में थुरल में संपन्न हुई। इस अवसर पर इस 27 मार्च को शिमला में होने वाले विधानसभा के घेराव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मंडल के महामंत्री भंडारी राम, विजय सिंह राणा, उपाध्यक्ष सूबेदार महेंद्र सिंह राणा, उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह चौहान एवं समस्त पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य सभी ग्राम केंद्र प्रमुख एवं पूर्व में सुलह मंडल के अध्यक्ष रहे कैप्टन देशराज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### नशे से दूर रहने के लिए खेलों से जुड़ें युवा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** केंद्रीय विश्वविद्यालय शाहपुर के ग्राउंड में मझंग्राम, छतरी शिव शक्ति युवा क्लब द्वारा रविवार को दो दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें छतरी युवा क्लब और थलेल बलाना युवा क्लब द्वारा खेला गया। छतरी युवा क्लब 40 के मुकाबले में 46 रन बनाकर विजय रहा। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री राकेश चैहान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। राकेश चैहान ने कहा हम सभी गांव के प्रतिनिधि और खासकर हिमाचल सरकार को और राजनीतिक पार्टियों को खेल मैदान की दशा को सुधारने के लिए चिंता करनी चाहिए। अगर खेल मैदान अच्छे होंगे तभी हमारे बच्चे और नौजवान युवा खिलाड़ी अच्छे खेल का प्रदर्शन कर पाएंगे। उन्होंने कहा सरकार का युवाओं और खेल के प्रति निराशाजनक रवैया बच्चों को नशे की तरफ धकेल जा रहा है और नशा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंनें कहा यह हम सबके लिए चिंता का विषय है। हम सबको और खासकर सीनियर खिलाड़ियों को अपने गांव में बच्चों को खेल के प्रति मोटिवेट करना चाहिए।

### 76 शोधार्थी आज से करेंगे फील्ड इंवेस्टिगेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** दिल्ली विवि के हिमालयन स्टडी सेंटर, भूगोल तथा दिल्ली स्कूल ऑफ इक्नोमिक्स के 76 शोधकर्ताओं का एक दल हिमालयन स्टडी सेंटर के निदेशक प्रो. बीडब्लयू पांडेय के मार्गदर्शन में 24 से 28 मार्च तक धर्मशाला तथा भरमौर क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक खतरों के बारे में फील्ड इंवेस्टिगेशन करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने देते हुए बताया कि इससे पहले हिमालयन स्टडी सेंटर के शोधकर्ता मनाली, ऊपरी ब्यास बेसिन, सोलंग, सिसु, कोकसर, केलांग में फील्ड विजिट कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विवि का हिमालय स्टडी सेंटर हिमालय क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण को लेकर अनुसंधान के लिए कार्यरत है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि वर्तमान दौर में धर्मशाला जैसे क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से अतिसंवेदनशील है तथा जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं से भी जुझ रहा है इसी के दृष्टिगत पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिमालयन स्टडी सेंटर के शोधकर्ता पांच दिन तक विभिन्न विषयों को लेकर स्थानीय लोगों तक मीडिया के साथ ही परिचर्चा करेंगे, ताकि पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोगी जानकारियां जुटाकर शोध के माध्यम से उनका समाधान सुनिश्चित कर सकें।

# लिदबड़ मेले को मिला राज्य स्तरीय दर्जा : आरएस बाली

## हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम के अध्यक्ष बोले, नगरोटा बगवां की लोक संस्कृति के साथ जुड़ा एक नया अध्याय

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम के अध्यक्ष व कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र की लोक संस्कृति के संरक्षण के साथ एक नया अध्याय जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि नगरोटा बगवां के लिदबड़ मेले को राज्य स्तरीय मेले के रूप में मनाया जाएगा। इस बाबत राज्य सरकार की ओर से अधिसूचना भी जारी कर दी गई है, यह नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ना है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि नगरोटा बगवां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जनभावनाओं का सम्मान है, जो इस क्षेत्र की पहचान को और सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि विकास पुरुष स्वर्गीय जीएस बाली के प्रयासों से इस मेले को 2016 में जिला स्तरीय दर्जा दिलाया गया था।

इस बार लिदबड़ मेला 24 मार्च से 28 मार्च तक आयोजित किया जाए इस बार लिदबड़ मेले का भव्य रूप में आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। इसमें महिला मंडलों, लोक कलाकारों को प्रमुखता से मंच प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा मेले में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पेयजल, विद्युत की भी बेहतर व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संध्याओं के सफल



आयोजन करने तथा लोगों को रात के यातायात की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। लिदबड़ मेले का शुभारंभ उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बेरवा द्वारा 24 मार्च को माता नारदा शारदा की पूजा अर्चना एवं शोभा यात्रा के साथ किया जाएगा। इसके उपरांत नगरोटा और कांगड़ा के बच्चों के लिए नगरोटा केसरी कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। 25 मार्च की सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय युवाओं द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी जाएगी साथ ही हिल रुट बैंड, हाईजैकर बैंड, मोहित गर्ग, धीरज शर्मा, विजय ठाकुर और नाटी किंग कुलदीप शर्मा लोगों का मनोरंजन करेंगे। 26 मार्च के दिन महिलाओं के लिए रस्सी खींचने, तंबोला, चमच रेस, मटका फोड़ने जैसी प्रतियोगिताएं कराई जाएगी और रजिया बेगम, वर्षा कटोच, मनीष चोपड़ा और मशहूर पुलिस बैंड हार्मनी ऑफ द पाइनस ग्रुप अपनी प्रस्तुति देंगे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री मुख्य अतिथि रहेंगी। 27 मार्च की सांस्कृतिक संध्या में पर्यटन निगम के अध्यक्ष बाली मुख्य अतिथि होंगे और इस दिन ब्रज के कलाकारों द्वारा फूलों की होली, विशाल तिलोरिया, शान भंडारी रोहित बोहरा, कुमार साहिल और विख्यात गायक तनवर गरेवाल लोगों का मनोरंजन करेंगे। 28 मार्च के दिन बड़ी कुश्ती का आयोजन किया जाएगा और पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आर.एस बाली मुख्य अतिथि होंगे।

# अध्यापक बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें : संजय रत्न

## विधायक ने ज्वालामुखी कॉलेज के वार्षिक समारोह में नवाजे होनहार

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी विधायक ज्वालामुखी संजय रत्न स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुशील रत्न राजकीय महाविद्यालय ज्वालामुखी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। महाविद्यालय के शिक्षाविदों और विद्यार्थियों द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुशील कुमार बस्सी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विधायक ने शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि यह महाविद्यालय दिन रात प्रगति करके अग्रणी स्थान हासिल करे । उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन को आश्वस्त किया कि वह हर संभव सहायता एवं सहयोग के लिए वह हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

उन्होंने कहा कि आज का दिन किसी भी विद्यालय या महाविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण होता है क्योंकि आज के ही दिन पूरे वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाता है और अभिभावकों को भी लगता है कि विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ साथ क्या उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं है अध्यापक सही मार्गदर्शन कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने को प्रेरित करें। विधायक ने कहा कि इसी महाविद्यालय की छात्रा वंशिका ने अंडर 19 ( 80 किलो भार वर्ग) मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अमेरिका में स्वर्ण पदक हासिल कर महाविद्यालय के साथ साथ ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश और भारत का नाम रोशन किया है।

### अब हर साल 23 को ही होगा वार्षिक समारोह

**विधायक** ने अगले शैक्षणिक सत्र से महाविद्यालय में एनसीसी यूनिट खोलने की बात कही। उन्होंने अपनी ऐच्छिक निधि से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 51 हजार देने की घोषणा की। उन्होंने ज्वालामुखी महाविद्यालय का वार्षिक महोत्सव हर वर्ष 23 मार्च को मनाने की बात कही। उपमंडल अधिकारी ज्वालामुखी डॉक्टर संजीव शर्मा, उपमंडल पुलिस अधिकारी आर पी जसवाल, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग मुनीश गर्ग, अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग करणवीर पटियाल, बीडीओ सुरानी अंशु चंदेल, रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर इशानी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग भारत भूषण, अध्यक्ष नगर परिषद ज्वालामुखी धर्मेंद्र शर्मा, एसएमसी प्रधान विनय, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सत्य पाल, जिला परिषद सदस्य सीमा सहित महाविद्यालय के अध्यापक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गृह सचिव के आदेशों पर महिला नशा तस्कर नजरबंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा के इंदौरा क्षेत्र में महिला नशा तस्कर निवासी गांव छन्नी को नजरबंद करने का आदेश जारी किए है। जानकारी के अनुसार गृह सचिव एवं निरुद्ध प्राधिकरण ने प्रिवेंशन ऑफ इलिसिट ट्रैफिकिंग (पिट) एनडीपीएस अधिनियम के तहत यह फैसला लिया गया है।

इस बारे में एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने जानकारी देत हुए बताया कि 23 मार्च, 2024 को पुलिस ने छन्नी क्षेत्र में बलविंद्र उर्फ सूरज पुत्र जोगिंद्र पाल, निवासी गांव व डाकघर बनाल, जिला गुरदासपुर (पंजाब) से 7.92 ग्राम हैरोइन बरामद की थी। जांच में सामने आया कि इस तस्करी में पिंकी भी सक्रिय थी, जिसे 10 अप्रैल, 2024 को गिरफ्तार किया गया था। नशे के कारोबार में संलिप्त यह महिला पहले भी पकड़ी गई है।

एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने 26 जून, 2024 को गृह सचिव को महिला को निरुद्ध करने की सिफारिश भेजी। गृह सचिव एवं निरुद्ध प्राधिकरण ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रिवेंशन ऑफ इलिसिट ट्रैफिकिंग (पिट) एनडीपीएस अधिनियम की धारा 3(1) के तहत महिला को नजरबंद करने के आदेश जारी कर दिए, जिस पर रविार को पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर नजरबंद कर दिया है।

### महिला पर पहले भी नशा तस्करी के कई मामले दर्ज

**पुलिस** के अनुसार महिला पर पर पहले भी नशा तस्करी के कई मामले दर्ज हैं। उक्त महिला को 5 मई 2021 को 8.07 ग्राम हेराेइन, 28 अप्रैल 2022 को 5.74 ग्राम हेरोइन, 28 नवंबर 2022 को 6.05 ग्राम हेरोइन, 23 मार्च 2024 को 7.92 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है। अब तक पुलिस जिला नूरपुर में 5 नशा तस्करों के विरुद्ध नजरबंदी किया जा चुका है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने कहा कि नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर सहन नही किया जाउगा। उन्होंने युवाओं से अग्रह किया है कि वे नशे से दूर रहें तथा जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए अपने लक्ष्य पर ध्यान दें।

# चंडीगढ़ में अज्ञात वाहन की टक्कर से आदर्श कौंडल की दर्दनाक मौत

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र की सद्दूं पंचायत के युवक आदर्श कौंडल की चंडीगढ़ में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। आदर्श अपनी बाइक से जा रहा था, जब एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और फरार हो गया। आदर्श चंडीगढ़ की एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत था। आदर्श की मौत के दुखद समाचार से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषी वाहन चालक की तलाश जारी है। आदर्श का शव उसके पैतृक गांव सद्दूं लाया जा रहा है, जहां सोमवार को स्थानीय श्मशानघाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्थानीय समाजसेवी एवं एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू ने बताया कि आदर्श बहुत मिलनसार और सबका आदर करने वाला युवक था। अपने नाम के अनुरूप वह युवाओं के लिए आदर्श था। वहीं, सद्दूं पंचायत की प्रधान अर्चना कुमारी ने भी शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं और उन्हें हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। गांव के स्थानीय नंबरदार, सहकारी सभा के प्रधान और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी आदर्श के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, पिता पहले ही लापता

**आदर्श** कौंडल के पिता करीब छह साल पहले लापता हो गए थे, जिनका अब तक कोई पता नहीं चला। ऐसे में अब आदर्श की मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में उसकी मां और बहन ही बची हैं, जिनका सहारा छिन गया है।

### आज सद्दूं में होगा अंतिम संस्कार

# शराब ठेके को लूटकर फरार हुए आरोपी कपूरथला से काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शराब के ठेके को लूटने के फरार आरोपियों को पुलिस ने 3 आरोपियों को पंजाब के कपूरथला में गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस ने मिला जानकारी के अनुसार रक्कड़ थाना के तहत कलोहा से सिकरो दा भरो स्थित नेशनल हाईवे के किनारे चल रहे शराब के ठेके में गुरुवार रात को लुटेरों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इसके अलावा सेल्समैन विक्रमजीत को दराट दिखाकर करीब 40 हजार रुपए नकदी लेकर फरार हो गए थे। इस मामले की सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस थाना रक्कड़ ने कार्रवाई करते हुए विशेष पुलिस टीमों का गठन किया। पुलिस द्वारा आसपास के कैमरों की सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया तथा आरोपियों की गाड़ी को ट्रेस किया। थाना प्रभारी किशोर चंद ने अपनी टीम के साथ मात्र 24 घंटे के अंदर 3 आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों सागर (26), करन (19) व दविंदर (24) को पंजाब के गांव करहाल कला कपूरथला से पकड़ा और उन्हें रक्कड़ थाना ले आए। थाना प्रभारी रक्कड़ किशोर चंद ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# बेटी की दोनों किडनियां फेल, पिता इलाज करवाने में असमर्थ

## गरीब ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से लगाई मदद की गुहार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत डाढ के निवासी राजेंद्र चौधरी की 25 वर्षिया बेटी विशाखा चौधरी की दोनों किडनियां फेल हो गई हैं। समाज सेवा में समर्पित इंसाफ संस्था के प्रतिनिधियों ने डाढ में उसके घर पहुंचकर उसका कुशलक्षेम पूछा।

विशाखा चौधरी ने बताया कि सर्वप्रथम सिरदर्द के कारण शायद ब्लड प्रेशर बढ़ गया फिर आंखों के अस्पताल में नजर टेस्ट करवाई तो उन्होंने टेस्ट करवाने लिख दिए। जब रिपोर्ट आई तो किडनी की गंभीर समस्या निकल आई। अब सप्ताह में दो बार डायलिसिस हो रहा है। विशाखा ने बताया कि माता-पिता दोनों ही अपनी-अपनी किडनी देकर किडनी ट्रांस्पलांट करवाना चाहते थे,



जिसकी एक लंबी प्रक्रिया टांडा मेडिकल कॉलेज में चली। पिता तो सुगर होने के कारण प्रक्रिया से बाहर हो गए, जबकि माता के किडनी टेस्ट मैच कर गए।

टांडा अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लेंट की शल्य चिकित्सा अंतिम स्टेज पर पहुंची तो एकाएक शायद मानसिक तनाव के चलते माता की सुगर रिपोर्ट भी पॉजीटिव आ गई। हमें पीजी चंडीगढ़ में गुर्दा प्रत्यारोपण कके लिए पंजीकरण करवाने को कहा गया। वहां कइयों ने अपनी देह के अंगदान के लिए लिखकर दिया होता है। ऐसे किडनी मैचिंग के बहुत ऑपरेशन होते हैं। विशाखा के पिता ने बताया कि उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी की शादी कर दी है। कई बार पंचायत के ध्यानार्थ लाया गया कि घर के यह दयनीय हालात है। कम से कम बीपीएल में तो शामिल कर लो जिससे महंगे उपचार एवं दवाइयों के खर्चे में कुछ राहत मिल सके।

राजेंद्र चौधरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि हिम केयर कार्ड योजना को सभी अस्पताओं में लागू करने की कृपा की जाए तथा बेटी के इलाज में उनकी आर्थिक रूप से मदद की जाए। उन्होंने कहा किडनी, कैंसर व ओपन हार्ट सर्जरी जैसे ऑपरेशन बहुत महंगे हैं। इनके उपचार के लिए 5 लाख रुपए की राशि बहुत कम है। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भी मदद के लिए आग्रह किया है।

# हिमाचल प्रदेश में भाजपा नेतृत्व टूटने के कगार पर: सुदर्शन शर्मा

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने जसूर में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भाजपा नेतृत्व टूटने के कगार पर है। पूर्व में रहे भाजपा समर्थित वरिष्ठ मंत्री रमेश धवाला देहरा से 25 मार्च को प्रदेश स्तरीय भाजपा असंतुष्ट नेताओं का समूह 'असली भाजपा' बैनर तले विरोध-प्रदर्शन करने जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व छह विधायकों को 'ऑपरेशन लोटस' के माध्यम से भाजपा में मिलाकर हिमाचल सरकार को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन सुक्खू सरकार को गिरा नहीं सकी। सरकार कल्याण योजनाओं के माध्यम से हिमाचल को बुलंदियों की ओर ले जा रही है।

# राष्ट्रीय युवा कांग्रेस ने संसद घेराव की बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राष्ट्रीय युवा कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश जिला कांगड़ा की महत्वपूर्ण बैठक जिला मुख्यालय धर्मशाला में रविवार को आयोजित की गई। इसमें युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला कांगड़ा के प्रभारी चंद्रमणि मुलेठी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। साथ ही जिला परिषद चडी के पार्षद एवं पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज कुमार पंकू व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही युवाओं के साथ 25 मार्च को दिल्ली संसद घेराव को लेकर रणनीति बनाई गई।

युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष का कहना है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के साथ धोखा किया है हर व्यक्ति को 15 लाख देने की बात, युवाओं को हर वर्ष दो करोड़ नौकरियां देने की बात कही गई थी। लेकिन इन सभी वादों को पूरा नहीं किया गया है। आज देश व प्रदेश का युवा भी भटक रहा है, जबकि नशे की गिफ्ट में भी आ रहा है। ऐसे में केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया गया है। इसके साथ ही पूर्व युवा कांग्रेस कांगड़ा के अध्यक्ष एवं चडी वार्ड के पार्षद पंकज कुमार पंकू ने पंजाब से विवादित फोटो लगाकर पहुंचने वाले लोगों का विरोध किया है।

# इंदौरा में व्यक्ति पर जानलेवा हमला

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना इंदौरा के अंतर्गत गांव इंदौरा के वार्ड 7 में देर रात एक व्यक्ति को जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी रात करीब 11 बजे जगजीत सिंह (79) पुत्र स्व. तारा सिंह कटोच के घर के बाहर ट्रैक्टर लेकर पहुंचा व ट्रैक्टर को ओवर रेस करके अंधेरे में छुप गया ट्रैक्टर की आवाज सुन जगजीत सिंह जैसे ही बाहर आया तो घात लगाकर बैठे आरोपी ने तेजधार हथियार से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे वह वहीं बेसुध होकर गिर गया। परिजन जगजीत सिंह को सरकारी अस्पताल इंदौरा ले गए जहां उसका प्राथमिक उपचार कर नूरपुर रेफर कर किंतु परिजन उन्हें लेकर पठानकोट निजी अस्पताल ले गए, जहां जगजीत सिंह का गंभीर हालत में उपचार चल रहा है।

# इंदौरा को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी करें सहयोग: राजन

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

राजकीय स्नातक महाविद्यालय इंदौरा में रविवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। विधायक मलेंद्र राजन ने समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष कर्ण सिंह पठानिया, डीएसपी संजीव कुमार यादव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दविंद्र मनकोटिया, प्रधान भोपाल कटोच, प्रधान कुलबीर सिंह, जीवन सिं व अन्य सम्मिलित हुए। प्रिंसिपल डॉ. सुमीक्षा गुप्ता ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी व अकादमिक सत्र 2024-25 में महाविद्यालय की सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा व विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तो वहीं कॉलेज में रसायन



विज्ञान, स्वर एवं वाद्य संगीत तथा भूगोल विषय की रिक्तियों की ओर भी विधायक का ध्यानाकर्षण किया। विधायक मलेंद्र राजन ने अपने संबोधन में कहा कि मेधावियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र सहित जो प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए किताबें इनाम स्वरूप दी गई हैं, इनका लाभ उठाते हुए एक अधिकारी बनने का सपना साकार करने में यह लाभकारी सिद्ध होंगी और ऐसी किताबें दिया जाना सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि इंदौरा महाविद्यालय को स्नातकोत्तर करने के वे प्रयासरत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों व लोगों से इंदौरा को नशा मुक्त बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

**महादान**

## नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब ने राणा फार्म बौढ में किया विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

# शहीदी दिवस पर नूरपुर में 305 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब द्वारा शहीदी दिवस पर रविवार को राणा फार्म बौढ, नूरपुर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नूरपुर के एसडीएम गुरसिमर सिंह ने किया। सबसे पहले मुख्यातिथि तथा संस्था के सदस्यों द्वारा शहीदों की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी।

सुबह दस बजे से ही रक्तदान करने वालों की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं तथा युवाओं में रक्तदान के प्रति उत्साह देखते ही बनता था। शिविर में दानी सज्जनों द्वारा रक्तदानियों के लिए फ्रूट स्टॉल, जूस स्टाल, काफी स्टॉल, पानी का स्टाल, जलेबियों का स्टाल लगाए गए थे। रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी लोगों के लिए खाने का भी प्रबंध किया गया था। एसडीएम गुरसिमर सिंह ने नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब के प्रयास की सराहना की तथा इतनी बड़ी संख्या में रक्तदान के लिए पहुंचे लोगों को बधाई दी। नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब के अध्यक्ष राजीव पठानिया ने बताया कि नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) के सहयोग से संवेदना-2 के अंतर्गत एक देश, 28 राज्यों व 8 केंद्र शासित प्रदेशों में 2400 जगहों इस प्रकार के रक्तदान शिविरों का आयोजन करके 150000 से अधिक यूनिट एकत्रित



करने का लक्ष्य रखा गया है। इस सारे अभियान का वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस, लंदन की संस्था द्वारा अवलोकन किया जा रहा है। अभियान की सफलता के बाद नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब का नाम भी वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस में शामिल होगा। उन्होंने बताया कि आज के शिविर में टांडा मेडिकल कॉलेज और सिविल हॉस्पिटल पठानकोट के ब्लड बैंकों की टीमों ने हिस्सा लिया। शिविर में कुल 305 यूनिट्स ब्लड एकत्रित किया गया। शिविर में 29 महिलाओं ने भी रक्तदान किया। राजीव पठानिया ने बताया कि आज संस्था द्वारा लगाया गया यह 39वां रक्तदान शिविर था। उन्होंने बताया कि नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब का गठन दिसंबर 2015 में किया गया था तथा संस्था द्वारा रक्तदान शिविरों व आपातकाल में पिछले दस वर्षों में समाज के लिए 10000 से अधिक यूनिट्स का योगदान दिया है, जो कि अपने आप में एक महान उपलब्धि है। राजीव पठानिया ने बताया कि रक्तदान के कार्य को लगातार करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, परंतु संस्था के जांबाज सदस्यों की मेहनत से यह संभव हो रहा है। उन्होंने इस अभियान की सफलता का पूरा श्रेय क्षेत्र की युवा शक्ति को दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### विक्रमादित्य 24 को करेंगे ग्राम पंचायत चेबड़ी का दौरा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 24 मार्च, 2025 को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चेबड़ी के गांव लोटी का दौरा करेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि विक्रमादित्य सिंह 24 मार्च को प्रातः 10.30 बजे सुन्नी-लुहरी मार्ग का निरिक्षण करेंगे और प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत चेबड़ी में सुन्नी बांध का दौरा करेंगे।

### निःशुल्क 'एक्यूपंक्चर चिकित्सा' शिविर 24 से

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्य रेडक्रॉस सोसायटी ने यहां जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस द्वारा 24 व 25 मार्च, 2025 को हिमाचल प्रदेश राजभवन, शिमला परिसर में निःशुल्क 'एक्यूपंक्चर चिकित्सा' शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का शुभारंभ 24 मार्च, 2025 को प्रातः 11:00 बजे राज्यपाल एवं हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। उन्होंने बताया कि इस विशेष चिकित्सा शिविर में एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ तथा अखिल भारतीय एक्यूपंक्चर फाउंडेशन के अध्यक्ष, डॉ. सुनील कुमार, अपनी टीम सहित सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में मरीजों को निःशुल्क एक्यूपंक्चर चिकित्सा परामर्श एवं उपचार भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

### चैत्र माह का नाम गंधर्व समुदाय से सुनना शुभ : विद्यानंद



**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** भारतीय पुरातन पद्वति के अनुसार नववर्ष अर्थात विक्रम संवत का आगमन चैत्रमास से माना जाता है। इस विक्रम संवत के प्रथम चैत्र मास का नाम लोग गंधर्व समुदाय अथवा ढोलरू के मुखारविंद से सुनना शुभ मानते हैं। यह परंपरा बदलते परिवेश में भी विद्यमान है। गिरि गंगा वैली जिसमें सिरमौर व शिमला जिला का काफी क्षेत्र आता है, में गंधर्व समुदाय के लोग आदीकाल से इस परंपरा को निभाते आ रहे है। जबकि त्रिगर्त क्षेत्र में डोलरू नामक जाति के लोग घर घर जाकर नव वर्ष चैत्र माह का नाम गीत के माध्यम से सुनाते है। नववर्ष पर लोग खुशी से इन्हें दान के रूप में आटा, चावल, घी और सुहागियां इत्यादि भेंट करते हैं। प्रदेश के जाने माने साहित्यकार एवं पद्मश्री विद्यानंद सरैक ने विशेष बातचीत में बताया कि चैत्र मास का धार्मिक ग्रंथों में विशेष महत्व है । चित्रा नक्षत्र के नाम पर चैत्रमास का नाम दिया गया हैं।

### क्वालग पेयजल योजना 11 साल से बंद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला के लिए कभी जीवनदायिनी रही अश्वनी खड्ड आज सबसे ज्यादा दूषित मानी जाती है। वर्ष 2007 में पीलिया फैलने के बाद राज्य सरकार ने मल्याणा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से खड्ड में गिरने वाले गंदे पानी को रोकने के लिए एक करोड़ की सीवेज डायवर्जन योजना बनाई थी लेकिन 18 साल बाद भी यह योजना कागजों से बाहर नहीं निकल पाई है। इस कारण क्वालग पेयजल योजना भी 11 साल से बंद पड़ी है। सूचना के अधिकार के तहत 2007 में शहर में फैले पीलिया और हैजा की जांच रिपोर्ट में यह जानकारी मिली है। शहर के मल्याणा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से निकल रहा पानी अश्वनी खड्ड में मिलने से कवालग पेयजल परियोजना में मिल रहा था। वर्ष 2007 में शिमला में पीलिया फैलने का यही मुख्य कारण रहा था। इसके बाद योजना बनाई थी कि सीवरेज प्लांट से निकलने वाले उपचारित पानी को कवालग से आगे अश्वनी खड्ड में छोड़ा जाएगा लेकिन यह योजना अभी तक सिरे नहीं चढ़ पाई है। इस वजह से 20 करोड़ से बनी क्वालग पेयजल योजना अभी तक बंद पड़ी है। वहीं वर्तमान में शिमला शहर हर साल पानी की किल्लत झेल रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि शिमला शहर को प्रतिदिन 2 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रति दिन) स्वच्छ पेयजल देने की क्षमता रखने वाली 20 करोड़ की लागत से बनी क्वालग पेयजल योजना 10 सालों से बंद है। वर्ष 2015 में दोबारा शहर में पीलिया फैलने के बाद इस योजना को पूरी तरह बंद कर दिया था। आज यह परियोजना खंडहर में तब्दील हो चुकी है, जबकि शहर पानी के संकट से जूझ रहा है।

# ठियोग क्षेत्र में भ्रष्टाचारियों के लिए कोई स्थान नहीं : कुलदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवम ठियोग विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप राठौर ने कहा है कि ठियोग विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचारियों के लिए कोई स्थान नहीं है।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि ठियोग क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। यदि किसी भी प्रकार की कोताही बरती जाती है तो संबंधित अधिकारी को बक्शा नहीं जाएगा ।

उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं क्षेत्र के लोग उनसे सीधा संवाद करे ताकि विकास कार्यों को गति प्रदान कर क्षेत्र को आगे ले जाया जा सके । कुलदीप राठौर ने ठियोग महाविद्यालय में वार्षिक वितरण समारोह शिरकत के दौरान ये बाते कही और कहा कि विपरीत वित्तीय परिस्थिति के बावजूद भी ठियोग विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है।



**विकास कार्य की गुणवत्ता में कोई कोताही न बरते अधिकारी**

### शिक्षा के खोए हुए स्वरूप में सुधार

**विधायक** ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के खोए हुए स्वरूप पर कार्य कर आज शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। प्रदेश सरकार गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर कार्य कर रही है । राजकीय महाविद्यालय ठियोग में सुधार के हर संभव प्रयास किए जा रहे है जिसके लिए हमेशा से ही मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री का सहयोग रहता है।

### ठियोग सीवरेज का कार्य शुरू करने के आदेश

**ठियोग** सीवरेज प्रणाली का कार्य पुनः आरंभ किया जा चुका है। अमरुत योजना के तहत 15 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे क्षेत्र में पेयजल समस्या का हमेशा के लिए समाधान होगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त क्षेत्र में सड़कों को बेहतर किया जा रहा है। पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा अन्य विकास कार्यों को भी गति प्रदान की जा रही है।

## अवैध कब्जों को किया जाए नियमित : भाटिया

**अनंत ज्ञान, शिमला।** संत श्री रविदास धर्म सभा के प्रदेशाध्यक्ष कर्म चंद भाटिया नें प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व राजस्व मंत्री जगत प्रकाश नेगी कांग्रेस से आग्रह किया है,प्रदेश में 50 बीघा सरकारी भूमि पर 3/4 पुश्तों से अबैध कब्जाधारियों द्वारा सरकार व वन विभाग की कब्जाई भूमि को को नियमितकरण कर मालिका हक देने का निर्णय लिया है,उसी तर्ज पर शिमला शहरी के विभिन्न विभागों कृष्णा नगर, नाभा, फागली, रूलदूभ, डीसी ऑफिस, बालूगंज संजौली अनाडेल बार्ड सहित अन्य बार्डों में वन व नगर निगम हिमाचल सरकार की सरकारी भूमि पर जिन लोगों सहित अनुसूचित जाति समाज के लोगों सफाई कर्मचारियों के द्वारा 2/4 विस्वा भूमि पर ढारे मकान बनाए हैं, उनको भी नियमितकरण कर मालिकाना हक दिए जाएं।

हैरानी होती है कि लोगों नें सरकार वन विभाग की 50 बीघा भूमि पर अबैध कब्जे सरकार की जानकारी अनुसार किए हुए हैं लेकिन सरकार ने आज तक इस पर कोई कारवाई ही नहीं की आंखे मुंदी रखीं ? ये कब्जे किसी गरीब दलित पीछडा कमजौर व्यक्ति वर्गों के तो हो ही नहीं सकते ?

# रोमांचक मैच में अभिनेता 11 ने नेता 11 को 2 विकेट से हराया



**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर की टीबी मुक्त भारत पहल के अंतर्गत मुंबई के एमसीए क्रिकेट स्टेडियम में नेता बनाम अभिनेता मैत्री क्रिकेट मैच डे-नाइट टी20 का सफल आयोजन हुआ।

अभिनेता इलेवन और नेता इलेवन के बीच टीबी जागरूकता के लिए शनिवार को टी20 फ्रेंडली मैच खेला गया जिसमें सुनील शेट्टी की अगुवाई वाली अभिनेता इलेवन ने दो विकेट से जीत दर्ज की। देर रात तक चले मैच में दोनों टीमों के उम्दा प्रदर्शन के चलते इस रोमांचक मैच का फ़ैसला आखि़री ओवर में हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए नेता 11 की टीम ने यूसुफ पठान के 119 रन, मोहम्मद अजहरुद्दीन के नाबाद 54 रन, चंद्रशेखर आजाद के 29 और कप्तान अनुराग ठाकुर ने 18 रन की बदौलत तीन विकेट पर 249 रन बनाए जिसे सुनील शेट्टी की अगुवाई वाली अभिनेता इलेवन ने चार गेंद बाकी रहते ही आठ विकेट के नुकसान पर 251 रन बनाकर मैच जीत लिया। अभिनेता 11 की ओर से 38 गेंदों पर 119 रन की पारी खेलने वाले यूसुफ पठान को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया तो वहीं अनुराग सिंह ठाकुर को बेस्ट फील्डर के अवॉर्ड से नवाजा गया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मैच की विजेता टीम और उम्दा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खिताबों से नवाजा।

अनुराग सिंह ठाकुर के टीबी मुक्त भारत क्रिकेट मैच में बॉलिवुड सितारे सलमान ख़ान, अर्जुन रामपाल, अर्जुन कपूर, डीनो मोरिया, राजपाल यादव, सोनू सूद, जैकी श्राफ, अनुपम खेर, सुदीप किच्चा, तुषार कपूर, जैकी भगनानी, वरुण शर्मा, वरुण बडोला इत्यादि ने भागीदारी की।

# नई अधिसूचना से बीपीएल चयन में आएगी पारदर्शिता

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

बीपीएल परिवारों के चयन में पारदर्शिता लाने के लिए प्रदेश सरकार ने नई अधिसूचना में व्यवस्था परिवर्तन का प्रयास किया गया है, जिसका चहूंओर स्वागत हुआ है। नई अधिसूचना के अनुसार पहली अप्रैल से बीपीएल की नई सूचियां तैयार करने की प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी और पिछली सूचियां निरस्त हो जाएगी।

यह बात ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने विशेष बातचीत के दौरान बताई गई। इनका कहना है कि बीपीएल के चयन बारे सरकार को काफी शिकायतें आ रही थी जिस पर सरकार ने कड़ा फैसला लिया है ताकि पात्र परिवार ही इस सूची में शामिल हो सके। 1 से 30 अप्रैल तक इच्छुक परिवार दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। 15 अप्रैल तक एसडीएम के नेतृत्व में एक त्रिस्तरीय सत्यापन समिति गठित की जाएगी। इस समिति में पंचायत सचिव, पटवारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल होंगे, जो आवेदनों की जांच कर पात्र परिवारों की सूची तैयार करेंगे। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पंचायत स्तर पर तैयार की गई सूची 15 जून तक ग्राम पंचायतों के नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक जांच के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में चालक की मौत

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** थाना सुन्नी के तहत सुन्नी लुहरी सड़क पर कार के सड़क पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई । दुर्घटना में चालक की मौत हो गई । जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात कार नंबर एचपी 73 7644 गहरी खाई में जा गिरी। गाड़ी में चालक सहित एक अन्य सवार था। दोनों सवारों को आईजीएमसी शिमला लाया गया।

शिमला पहुंचते ही गंभीर रूप से घायल कार चालक मौत हो गई। मृतक चालक की शिनाख्त परलोग निवासी ओम प्रकाश (25 वर्ष) के तौर पर हुई है जबकि दुर्घटना ने घायल भरमौर निवासी अनिल (28 वर्ष) के तौर पर हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# गेयटी थियेटर में होगी उम्दा कलाकारों की ग्रेडिंग प्रक्रिया

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**26 व 27 मार्च को सुबह 11:00 बजे होगा आयोजन**

प्रदेश के सुप्रसिद्ध गेयटी थिएटर में जिला शिमला के उम्दा कलाकारों को बेहतर मंच मिलेगा। इसके लिए चयन प्रक्रिया 26 व 27 मार्च को आयोजित होगी, जो सुबह 11:00 बजे से चलेगी, इसमें उच्च कोटि के कलाकार उभर कर सामने आएंगे और उन्हें सही मंच पर अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा।

इसके तहत गायन, वादन, नृत्य आदि कलाओं से संबंध रखने वाले जिला शिमला के कलाकारों को श्रेणीबद्ध किया जाएगा, जिनके ग्रेडिंग की प्रक्रिया 26, 27 मार्च को सुबह 11बजे से गेयटी थियेटर में आयोजित की जाएगी। इस चयन प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य कलाकारों को मंच प्रदान करना है तथा ग्रेडिंग के माध्यम से पारदर्शिता लाना है।

जिला भाषा अधिकारी अनिल हरटा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तरीय मेलों व उत्सवों में भाग लेने वाले कलाकारों के उचित वर्गीकरण और उन्हें श्रेणीबद्ध करने के लिए यह चयन प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। जिन कलाकारों ने राज्य स्तरीय के मेलों में प्राइम टाईम में 07 बार, राष्ट्रीय स्तर पर 05 बार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन बार प्रस्तुति दी है और प्रमुख टीवी लाइव शो में विजेता या उप-विजेता रहे हैं को (ए+) श्रेणी में शामिल किया जाएगा।

### मेला समिति से सहभागिता प्रमाण करवाना होगा जमा

**जिन** कलाकारों को रेडियो, दूरदर्शन या किसी अन्य सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान या विभाग से चयन प्रक्रिया में श्रेणीबद्ध किया गया है, उन्हें इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने की आवश्यकता नहीं है, परंतु उन्हें मेला समिति से सहभागिता प्रमाण पत्र या श्रेणी प्रमाण पत्र की छायाप्रति जिला भाषा अधिकारी कार्यालय शिमला में जमा करवानी होगी।

### ग्रेडिंग के लिए दो दिन

**जिला** शिमला के जिन कलाकारों ने विभाग में पंजीकरण करवा लिया है, उनकी ग्रेडिंग 26 मार्च को होगी तथा जिन्होंने पंजीकरण नहीं करवाया है उनकी ग्रेडिंग 27 मार्च को होगी।

# मेगा रोजगार मेले में 400 को मिली जॉब

## मेले में 2000 युवाओं ने करवाया था पंजीकरण, 39 कंपनियां पहुंचीं रोजगार देने

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पंजाब के सिटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से रविवार को कल्लरी कॉलेज घुमारवीं में एक दिवसीय हिमपुन-4 मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें देश की करीब 39 नामी कंपनियों ने हिस्सा लिया।

इन कंपनियों में हीरो साइकल्स, अलोरिका इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, होपिंग माइंड्स, युवराज ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड और पेटीएम जैसी जानी-मानी कंपनियां शामिल थीं। मेगा रोजगार मेले में लगभग 2000 युवाओं ने पंजीकरण करवाया था और साक्षात्कार लेने के उपरांत लगभग 400 बच्चों को चयनित किया गया है। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।



**तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी रहे मुख्यातिथि**

इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर घर में रोजगार के लक्ष्य को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कौशल का विकास करें और रोजगार के बेहतर अवसरों का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक और तकनीकी कौशल भी आवश्यक है।

सरकार भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करती रहेगी, ताकि युवाओं को अपने ही राज्य में बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को 'रोजगार प्रदेश' बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है और इस प्रकार के जॉब फेयर को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर सिटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के वाइस चेयरमैन हरप्रीत सिंह,स वाइस चांसलर डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, वाइस चांसलर डॉ. नितिन टंडन, डॉ. विनीत ठाकुर, डॉ .पंकज जैन, डॉ. नितिन अरोड़ा, प्रो. प्रीतम लाल, डॉ सुरेश शर्मा, प्रो. सीता राम व महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

# मंत्री राजेश धर्माणी ने योगासन प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन और अस्मिता लीग खेलो इंडिया खेलो के तहत आयोजित राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का शुभारंभ तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने किया। इस मौके पर झंडूता के कांग्रेस नेता विवेक कुमार, जिला परिषद सदस्य प्रोमिला वसु और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में सभी जिलों की 200 महिलाएं भाग ले रही हैं। यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर की योगासन प्रतियोगिता का हिस्सा है, जिसे इस बार हिमाचल प्रदेश में पहली बार करवाया जा रहा है। इस मौके पर झंडूता के कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने कहा कि आज समाज में सबसे बड़ी कुरीती नशा है। आज नशे के कारण बड़े बड़े खुशहाल परिवार बर्बादी की कागार पर है। ये उस बच्चे की कमी नहीं है। बल्कि जो यह नशा माफिया है वह ऐसे परिवार को निशाना बनाते हैं । जो साधन संपन्न होते हैं। ये नशा माफिया एक बार युवाओं को इसका सेवन करवाते हैं और आदी बनाते हैं। इसलिए हमें इन युवाओं को इसके लिए जागरूक करना है।

## 2 साल में कांग्रेस पूरी तरह बेनकाब : कटवाल



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधायक जीत राम कटवाल ने भाजपा कार्यालय झंडूता में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निपटान करने के लिए संबन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने भिन्न-भिन्न सामाजिक गतिविधियों में शामिल होकर जन समस्याओं को भी सुना और उनका निपटारा भी किया। उन्होंने भाजपा कार्यालय झंडूता में आगामी 27 फरवरी को शिमला में होने वाले विधानसभा घेराव के बारे में कार्यकर्ताओं से चर्चा की और कहा कि झंडूता और शाहतलाई मंडल से 600 से अधिक संख्या इस आक्रोश रैली में भाग लेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल प्रदेश में केवल महंगाई बढ़ाने, संस्थान बंद करने, जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने, पूर्व सरकार की योजनाओं को ध्वस्त करने का काम किया हैं। यह सरकार तालाबंदी, महंगाई, भ्रष्टाचार, जनविरोधी, मित्रों की सरकार हैं। कांग्रेस की सुखविंदर सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।

## पहाड़ी क्षेत्रों में विकास की संभावनाओं पर मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पहाड़ी क्षेत्र का सुनियोजन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 22 और 23 मार्च को शिव शक्ति कॉन्वेंट स्कूल कसारू, घुमारवीं में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य पहाड़ी क्षेत्रों के सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और सुनियोजित योजना निर्माण को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा मंत्री, राजेश धर्माणी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में संतुलित और सतत विकास की आवश्यकता पर जोर देते हुए सरकार द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और सुनियोजित विकास के माध्यम से ही पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा सकता है। इस कार्यशाला का आयोजन गुरु राम दास स्कूल ऑफ प्लानिंग, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर द्वारा किया गया, जिसमें सुनियोजन एवं पर्यावरण समिति, पलासला ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और क्षेत्रीय विकास योजनाकारों ने भाग लिया। उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में विकास की संभावनाओं और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। साथ ही शहरीकरण, संसाधनों के सतत उपयोग, पर्यावरणीय समस्याओं और विकास रणनीतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। प्रतिभागियों को आधुनिक योजना तकनीकों, पर्यावरण-अनुकूल विकास नीतियों और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं को लागू करने की रणनीतियों पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। यह आयोजन न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि स्थानीय योजनाकारों और नीति-निर्माताओं को व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रदान करने में भी सहायक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम आयोजकों ने पहाड़ी क्षेत्रों के सतत विकास के लिए इस प्रकार की कार्यशालाओं को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

# सरकार हर अस्पताल में एबोन किट उपलब्ध करवाए : महेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

संस्कार संस्था द्वारा घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के तहत घर-गांव जागरूकता अभियान में लेहड़ी सरैल पंचायत में लोगों को जागरूक किया गया। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर अस्पताल में एबोन किट उपलब्ध करवाए, ताकि अविभावक अपने बच्चों का टेस्ट आसानी से करवा सके, ताकि जो बच्चे इस चिट्टा के चुंगल में फंसे हुए हैं, उनका समय से इलाज करवाया जा सके। युवा पीढ़ी चिट्टे के जंजाल में कैसे फंस रही है या साजिश के तहत फंसाया जा रहा है, इसकी जांच होनी चाहिए। जो बच्चे चिट्टा के आदी हैं, उनकी काउंसलिंग करनी चाहिए और उनके साथ मरीज की तरह व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल के हर गांव-गाव तक चिट्टा पहुच चुका है इससे युवा पीढ़ी को बचाना बहुत जरूरी है और कि विकास बहुत हो चुका है अब आने वाली पीढ़ी को बचाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी साजिश के तहत अगर किसी देश को बर्बाद करना हो तो युवा पीढ़ी को नशा दो ये साजिश भी हो सकती है। इस दौरान लेहड़ी सरैल पंचायत प्रधान बीना ठाकुर, उपप्राधन अक्षय कुमार, डॉ. केएस वर्मा, प्रेम सिंह, दलीप सिंह, लेख राम, जोगिंदर, कुलदीप सिंह आदि उपस्तिथ रहे।



### पीड़ित और नशा बेचने वालों में अंतर समझना होगा

**महेंद्र** धर्माणी ने कहा कि हमें पीड़ित और नशा बेचने वालो में अंतर समझना पड़ेगा। बच्चों को गुनाहगार न मानो वे पीड़ित हैं। उनकी मनोस्तिथि ठीक नहीं है, यह हमें समझना होगा और उनकी काउंसिलिंग करवानी होगी, ताकि उनका भविष्य बच सके। ये एक बीमारी है डरना इसका इलाज नहीं है, सेवन करने वालों के साथ हमें सहानभूति और मित्रता से साथ रहना होगा और डॉक्टर के पास ले जाकर इलाज करवाना होगा। हमें बीमारी से लड़ना है बीमार से नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार चिट्टे के खिलाफ सख्त कानून बनाए और पुलिस भी बेचने वालों के साथ सख्ती के साथ पेश आए।

## महिका बनी मिस कहलूर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** नलवाड़ी मेले में करवाई गई मिस कहलूर प्रतियोगिता की विजेता का ताज महिका के सिर सजा। प्रतियोगिता के तीन राउंड में बेहतरीन परफॉर्मेंस देकर महिका विजेता बनी। वहीं, प्रथम उपविजेता स्वाति तथा द्वितीय उप विजेता प्रजा शर्मा बनी। मुख्यातिथि ने विजेता और उपविजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## पौणाहारी के जयकारों से गूंजा शाहतलाई

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** बाबा बालक नाथ की तपोस्थली शाहतलाई इन दिनों श्रद्धालुओं की आमद से गुलजार है। न केवल प्रदेश बल्कि अन्य बाहरी राज्यों के श्रद्धालु भी बाबा जी के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। शाहतलाई क्षेत्र बाबा जी के जयकारों से गूंजा हुआ है। एक ओर जहां श्रद्धालु बाबा जी के दर्शन कर रहे हैं। साथ ही बाबा के चरणों में चढ़ावा भी दिल खोलकर चढ़ा रहे हैं। शाहतलाई में मेलों के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई है।

**प्रवेश परीक्षा** बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए अभिभावकों की पहली पसंद बना मिनर्वा स्कूल घुमारवीं

# मिनर्वा में दाखिले के लिए 520 बच्चों ने दिया टेस्ट

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए मिनर्वा स्कूल घुमारवीं अभिभावकों की पहली पसंद बना है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि स्कूल में एडमिशन के लिए आयोजित पहले एंट्रेंस टेस्ट में लगभग 520 बच्चों ने एग्जाम दिया। मिनर्वा स्कूल में रविवार को एंट्रेंस टैस्ट का आयोजन किया। बिलासपुर ही नहीं अन्य जिलों से बच्चे टेस्ट देने पहुंचे। पहले चरण की परीक्षा में दाखिले के लिए 520 से अधिक बच्चों ने एंट्रेंस टेस्ट दिया।

जानकारी देते हुए पाठशाला के प्रधानाचार्य परवेश चंदेल ने बताया कि पहले चरण की परीक्षा में पहली से दसवीं कक्षा तक 300 बच्चों ने एंट्रेन्स टेस्ट दिया। वहीं जमा एक व जमा दो की कक्षाओं के लिए 230 बच्चों ने एंट्रेंस टेस्ट दिया। 25 अप्रैल को एंट्रेंस टेस्ट का रिजल्ट स्कूल की वेबसाइट पर डाल दिया है। परीक्षा में मेरिट के आधार पर ही दाखिला मिलेगा।



उन्होंने बताया कि इस परीक्षा को यदि कोई बच्चा भाग न ले सका हो या कोई उतीर्ण नहीं कर सका हो तो वह 30 मार्च व 4 अप्रैल को आयोजित होने वाले एंट्रेंस टैस्ट में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले चरण की परीक्षा का परिणाम 25 अप्रैल को घाषित किया जाएगा। जो बच्चे इस परीक्षा में उतीर्ण होंगे वह छह अप्रैल तक अपना एडमिशन स्कूल में करवा लें। 10 अप्रैल से नए सेशन की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। प्रवेश चंदेल ने बताया कि एंट्रेन्स टेस्ट में दूसरी कक्षा से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों की परीक्षा 25 अंकों की रखी गई थी। जबकि छठी कक्षा से लेकर नौवीं कक्षा तक के बच्चों की परीक्षा 35, दसवीं कक्षा के बच्चों की परीक्षा 45, जमा एक तथा जमा दो की परीक्षा में 60 अंकों के प्रश्न पूछे गए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बच्चों के अभिभावकों ने मिनर्वा संस्थान पर विश्वास बनाए रखा है, उसके लिए सारा मिनर्वा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए वचनबद्ध है।

### सिविल सर्विसेज-एनडीए की कोचिंग भी देगा संस्थान

**संस्थान** में एमबीबीएस व जेईई मेन्स के अलावा सिविल सर्विसेज और एनडीए की कोचिंग भी संस्थान द्वारा दी जाएगी। इसके लिए भी एंट्रेंस टेस्ट जरूरी है। स्कूल में दाखिले के साथ फाउडेशन कोर्स में भी बच्चे दाखिला ले सकते हैं।

# झंडूता में फिर जुटने लगी भीख मांगते प्रवासी बच्चों की भीड़

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर प्रवासी मजदूरों के छोटे-छोटे बच्चे फिर से भीख मांगते नजर आ रहे हैं। शनिवार को झंडूता बाजार में काले कपड़े पहने इन बच्चों को तेल से भरे डिब्बे लेकर भीख मांगते हुए देखा गया। बस अड्डों और सार्वजनिक स्थानों पर ये बच्चे भगवान के भजन गाकर लोगों से पैसे मांगते हैं, जिससे क्षेत्र में एक बार फिर इस सामाजिक समस्या ने सिर उठा लिया है। सरकारें नई-नई योजनाओं पर भारी बजट खर्च कर रही है, लेकिन इन प्रवासी परिवारों के बच्चों तक इनका लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। कुछ समय पहले तक क्षेत्र में भीख मांगने वाले बच्चों की संख्या में गिरावट देखी गई थी, लेकिन अब यह प्रवृति फिर से बढ़ने लगी है। बस अड्डों और दौड़ती बसों के पास भीख मांगते इन बच्चों की सुरक्षा पर भी सवाल उठ रहे हैं। किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन इस दिशा में प्रशासन का ध्यान नहीं है। कई लोग इन बच्चों को तरस खाकर पैसे दे देते हैं, जिससे उनकी यह आदत पक्की हो जाती है। एक बार भीख मिलने के बाद ये बच्चे इसे ही जीवनयापन का साधन मान लेते हैं और पढ़ाई-लिखाई से दूर हो जाते हैं। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों का कहना है कि प्रशासन को इस मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। भीख मांगने वाले इन बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और उनका भविष्य सुरक्षित हो।

माता–पिता की सेवा और उनकी आज्ञा का पालन करने जैसा दूसरा धर्म कोई भी नहीं। –महर्षि वाल्मीकि

## संपादकीय

# न्याय की आस

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विधायकों ने राजनीति से ऊपर उठकर आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति बनाने की मांग कर वाकई काबिलेतारीफ काम किया है। हिमाचल में आउटसोर्स कर्मचारियों का मामला लंबे समय से चर्चा में है। प्रदेश में सरकार किसी की भी रही हो, इस पर चर्चा होती रही है। दरअसल, आउटसोर्स भर्ती खर्च को कम करने के लिए की जाती है जो ठेकेदार के माध्यम से होती है। हरियाणा में आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए समय पर वेतन देने और उनका शोषण न किए जाने जैसे हकों की जो बात की गई है, उसी तरह की व्यवस्था हिमाचल के आउटसोर्स कर्मचारी भी कर रहे हैं। हिमाचल सरकार भी हरियाणा के नक्शे कदम पर चलना चाह रही है। यदि सरकार वाकई ऐसा कर पाती है तो आउटसोर्स कर्मचारियों के दिन बहुर सकते हैं। इस कदम से कर्मचारी शोषण का शिकार नहीं होंगे, इनको समय पर उचित पैसा मिलेगा। सुक्खू कैबिनेट सब कमेटी इस पर काम कर रही है। चूंकि आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन बहुत कम होता है और उन्हें ठेकेदारों के हाथों शोषण का सामना करना पड़ता है। इस मुद्दे पर विचार करते हुए, एक समिति का गठन किया गया है जो आउटसोर्स कर्मचारियों से जुड़े सभी मुद्दों पर विचार करेगी।

निश्चित रूप से यह कदम आउटसोर्स पर लगे कर्मचारियों में न्याय की आस जगाएगा। अब सवाल यह उठता है कि क्या हिमाचल प्रदेश में आउटसोर्स कर्मचारियों को स्थायी रोजगार मिल पाएगा? आउटसोर्स कर्मचारी वे होते हैं जिन्हें किसी संगठन में ठेके पर या बाहरी एजेंसियों के माध्यम से नियुक्त किया जाता है। इन कर्मचारियों का स्थायी रोजगार नहीं होता और उन्हें अक्सर ठेकेदार के माध्यम से न्यूनतम वेतन मिलता है। हिमाचल प्रदेश में बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी हैं, जो विभिन्न सरकारी विभागों, संस्थाओं और परियोजनाओं में काम करते हैं। आउटसोर्स कर्मचारियों का सबसे बड़ा मुद्दा कम वेतन और स्थिरता की कमी है। उन्हें सरकारी कर्मचारियों की तुलना में बहुत कम वेतन मिलता है और उनकी नौकरी भी अनिश्चित रहती है। इसके अलावा, ठेकेदारों के हाथों शोषण, जैसे कि वेतन में कटौती, बेमियादी कार्यकाल, और सुरक्षा की कमी, आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए सामान्य समस्याएं बन गई हैं। इन कर्मचारियों को कोई पेंशन, चिकित्सा सुविधाएं या अन्य लाभ नहीं मिलते, जो नियमित सरकारी कर्मचारियों को मिलते हैं। इनके रेगुलराइजेशन में कई तरह की अड़चनें रहती हैं।

सबसे पहले, सरकार के पास पर्याप्त संसाधन नहीं होते कि वह हर आउटसोर्स कर्मचारी को स्थायी पद पर नियुक्त कर सके। वर्तमान में प्रदेश की माली हालत से तो सभी वाकिफ ही हैं जिसके चलते सरकार को उधारी पर काम चलाना कठिन हो रहा है। इसके अलावा, राजनीतिक और कानूनी मुद्दे भी सामने आते हैं। सरकार को यह साबित करना होता है कि आउटसोर्स कर्मचारी का कार्य नियमित कर्मचारी के बराबर है। सबसे बड़ी बात है कि इसके लिए बजट की आवश्यकता होती है। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और प्रशासनिक जटिलताएं भी एक बड़ी बाधा रही हैं। हालांकि, सुक्खू सरकार का दृष्टिकोण फिर भी सकारात्मक है। यह जरूर है कि बेशक सरकार के लिए आउटसोर्स कर्मचारियों की नियमितीकरण की मांग को पूरा करना चुनौतीपूर्ण हो, लेकिन इसके लिए कई सकारात्मक कदम उठाए जा सकते हैं। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि आउटसोर्स कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन मिले और उन्हें ठेकेदारों के शोषण से बचाया जाए। सबसे पहले, सरकार को एक स्पष्ट और पारदर्शी नीति बनानी होगी जो आउटसोर्स कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करे।

यह नीति सुनिश्चित करेगी कि आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन, श्रमिक सुरक्षा और अन्य लाभ मिलें। सरकार को इस प्रक्रिया के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन आवंटित करने होंगे, ताकि आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित किया जा सके। इसके लिए बजट में विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं। आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन में सुधार और उनके कार्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्हें सरकारी कर्मचारियों की तरह समान लाभ देने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिए। ठेकेदारी व्यवस्था में पारदर्शिता और निगरानी बढ़ानी होगी। ठेकेदारों द्वारा कर्मचारियों के शोषण को रोकने के लिए कड़े नियम और कानूनी प्रावधान लागू किए जाने चाहिए। समिति का गठन और निरंतर निगरानी भी महत्वपूर्ण पहलू है जैसे कि विधानसभा में एक समिति का गठन किया गया है, यह समिति नियमित रूप से आउटसोर्स कर्मचारियों की स्थिति की समीक्षा कर सकती है और सरकार को सुझाव दे सकती है। इससे कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान जल्दी किया जा सकेगा। प्रदेश सरकार को स्थानीय युवाओं के लिए विशेष रोजगार योजनाएं बनानी चाहिए ताकि वे आउटसोर्स कर्मचारियों के रूप में लंबे समय तक काम करने के बजाय स्थायी रोजगार पा सकें।

बहरहाल, हिमाचल प्रदेश में आउटसोर्स कर्मचारियों को स्थायी रोजगार मिल पाना संभव है, लेकिन इसके लिए सरकार को स्पष्ट नीति, संसाधनों की व्यवस्था और ठेकेदारों की मनमानी पर नियंत्रण लगाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। सुक्खू सरकार को इस दिशा में सकारात्मक पहल करनी होगी ताकि आउटसोर्स कर्मचारियों को सम्मानजनक कार्य परिस्थितियां और स्थिर रोजगार मिल सके। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध साहित्यकार तथा राष्ट्रसेवी

**हरिभाऊ** उपाध्याय का जन्म मध्य प्रदेश में उज्जैन जिले के भौंरोसा नामक गांव में हुआ था। संस्कृत के नाटकों तथा अंग्रेजी के प्रसिद्ध उपन्यासों के अध्ययन के बाद ये उपन्यास लेखन की अग्रसर हुए। हरिभाऊ उपाध्याय ने हिंदी सेवा से सार्वजनिक जीवन आरंभ किया और पहले पहल 'औदुंबर' मासिक पत्र के प्रकाशन द्वारा हिंदी पत्रकारिता जगत में पर्दापण किया। सबसे पहले सन 1911 ई. में वे 'औदुंबर' के संपादक बने। पढ़ते–पढ़ते ही इन्होंने इसके संपादन का कार्य भी आरंभ किया। महात्मा गांधी से प्रभावित होकर हरिभाऊ उपाध्याय 'भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन' में कूद पड़े थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद यह अजमेर के मुख्यमंत्री निर्वाचित हुए थे। हरिभाऊ जी हृदय से यह अत्यंत कोमल थे, किंतु सिद्धांतों पर कोई समझौता नहीं करते थे। राजस्थान की सब रियासतों को मिलाकर राजस्थान राज्य बना और इसके कई वर्षों बाद मोहनलाल सुखाड़िया मुख्यमंत्री बने थे। हरिभाऊ उपाध्याय कई वर्षों तक राजस्थान की 'शासकीय साहित्य अकादमी' के अध्यक्ष भी रहे। ■



हरिभाऊ उपाध्याय
**जन्म :** 24 मार्च, 1892
**मृत्यु :** 25 अगस्त, 1972



## कविता: टीबी मुक्त हमारा भारत

*शिवालिक अवस्थी, शीला चौक, धर्मशाला*

*संदेश यह हर जनमानस तक, मिलकर हमें पहुंचाना है।*
*सही जांच और सही इलाज,*
*तो फिर क्यों घबराना है?*
*जन आंदोलन के जरिए,*
*हर कोने तक हमें जाना है।*
*टीबी तेरा थमेगा पहिया,*
*गति को तेरी घटाना है।।*
*जागरूक समाज सुदृढ़ समाज,*
*इसी सोच को अपनाना है।*
*आओ जुड़ें अभियान से हम–तुम,*
*मिलकर जोश जगाना है।*
*साध्य है टीबी रोग भी अब, यह रोगी को समझाना है।*
*उल्टी गिनती शुरू करो अब, टीबी को भगाना है।*
*समय के साथ चलकर हमको,*
*टीबी को हराना है, देश को जिताना है,*
*टीबी मुक्त हमारा हिमाचल, हमारा भारत,*
*मिलकर हमें बनाना है, मिलकर हमें बनाना है।*

अनंत ज्ञान

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# संवाद, सुरक्षा और समन्वय से खात्मे की ओर नक्सलवाद



नक्सलवाद हमारे देश की न केवल जटिल समस्या है, बल्कि यह समाज के लिए भी नासूर बन चुका है, क्योंकि जहां भी यह पनपा वहां विकास कोसों दूर चला गया। नक्सलियों के सफाए पर केंद्र सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर ही है, लेकिन जरा सोचिए अगर यही पैसा विकास पर खर्च होता तो तस्वीर कुछ और होती। नक्सलवाद या माओवादी उग्रवाद भारत के कुछ हिस्सों में सक्रिय है, जिसमें छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मध्य प्रदेश प्रमुख हैं। यह समस्या विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में गहरी जड़ें जमा चुकी है, जहां विकास के नाम पर सरकार की नीतियों की असफलता ने इन क्षेत्रों के निवासियों को उपेक्षित महसूस कराया है। नक्सलवाद की जड़ें केवल सुरक्षा या राजनीतिक कारणों में नहीं, बल्कि सामाजिक–आर्थिक असमानता और स्थानीय जनता की तकलीफों में भी हैं। दरअसल, नक्सलवाद की उत्पत्ति 1960–70 के दशक में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी में हुई थी। इसके बाद यह विचारधारा देश के विभिन्न हिस्सों में फैल गई। यह नक्सलवाद होता क्या है? दरअसल, इसे हम आतंकवाद, उग्रवाद या नक्सलवाद भी कह सकते हैं। आज हमारे देश को आतंकवाद से ज्यादा खतरा नक्सलवाद से है। अमीर तबके के लोग अपनी पॉवर, पोजीशन या संसाधनों का इस्तेमाल करके गरीब और किसान वर्ग के लोगों के ऊपर अत्याचार करते हैं, उनका शोषण करते हैं। उसके बाद यही गरीब और किसान आपस में एकजुट होकर अमीर वर्ग के खिलाफ एक बहुत ही भयानक और आक्रामक आंदोलन करते हैं, जिसे नक्सलवाद कहा जाता है। जब नक्सलवाद की शुरुआत हुई थी, तो उस समय उसका मकसद शोषण के खिलाफ लड़ना हुआ करता था, लेकिन आज नक्सलवाद मतलब में बदल चुका है। आजकल ये नक्सली हमारे जवानों को चुन–चुनकर मार रहे हैं। सरकारें अगर इनके सफाए के खिलाफ अभियान चलाती हैं तो वह और ज्यादा भड़क जाते हैं। वह सरकार की सारी प्लानिंग को बर्बाद कर देते हैं। नक्सली यह दावा करते हैं कि उनका संघर्ष गरीबों और शोषितों के लिए है। उनका मानना है कि भारतीय राज्य और उसके संस्थान आम जनता, खासकर आदिवासियों और अन्य कमजोर वर्गों के शोषण में लगे हुए हैं। भूमि सुधार, गरीबों के लिए ज्यादा सरकारी योजनाएं, आदिवासी क्षेत्रों में शोषण और भेदभाव का अंत नक्सलियों की मुख्य मांगें हैं। इन कारणों से नक्सलवादी आंदोलन को समर्थन प्राप्त हुआ, खासकर उन क्षेत्रों में जहां राज्य की मौजूदगी कमजोर थी और सरकार की नीतियां आदिवासियों की बेहतरी के लिए प्रभावी साबित नहीं हुईं।

नक्सली अक्सर स्थानीय युवाओं को अपने पक्ष में लाने में सफल रहते हैं। यह युवा अपने क्षेत्र में सरकारी नीतियों के लागू न होने, रोजगार की कमी, बुनियादी सुविधाओं का अभाव और स्थानीय प्रशासन की भ्रष्टाचार के कारण असंतुष्ट होते हैं। नक्सल संगठन इन्हें इस असंतोष का समाधान देने का झांसा देते हैं और उनमें विद्रोह की भावना पैदा करते हैं। वे यह दावा भी करते हैं कि उनका संघर्ष न केवल आदिवासियों के लिए है, बल्कि संपूर्ण भारतीय समाज की बेहतरी के लिए है। नक्सलवादी संगठन उन्हें एक सिस्टम के खिलाफ उठ खड़ा होने की प्रेरणा देते हैं। धीरे–धीरे ये लोग संगठन के सदस्य बन जाते हैं और हिंसक संघर्ष में भाग लेने के लिए तैयार होते हैं। वह मरने मारने से नहीं डरते। इससे न केवल स्थानीय सुरक्षा बलों के लिए समस्या बढ़ जाती है, बल्कि इन युवाओं का जीवन भी जोखिम में पड़ जाता है। आमतौर पर नक्सल प्रभावित जिले को केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से इतना पैसा मुहैया करवाया जाता है कि अगर उस पूरे पैसे को ठीक तरह से खर्च किया जाए तो जिले और राज्य का कायापलट हो सकता है, मगर ऐसा हो नहीं पाता है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की अधिकांश आबादी बिना बिजली और शौचालय के रहती है। अगर कोई बीमार होता है तो उसके लिए पास में कोई ढंग का अस्पताल भी समयसर नहीं है। अगर अस्पताल होता है भी तो उसके लिए मरीजों को मीलों दूर चलकर जाना पड़ता है। इन क्षेत्रों के लिए आवंटित होने वाला पैसा कहां चला जाता है पता नहीं चलता है। जाहिर सी बात है कि ये पैसा नेताओं–अफसरों और ठेकेदारों के बीच बंट जाता होगा। हालांकि इन पैसों का कुछ हिस्सा नक्सलियों के पास भी पहुंचता है। नक्सलवादी सरकारी नीतियों से सहमत नहीं होते हैं। खनन जैसी सरकारी नीतियों के विरोध में उनमें काफी आक्रोश रहता है। नक्सलवाद को खत्म करने के लिए वर्तमान और पूर्व केंद्र सरकारों ने कई बार सैन्य और सुरक्षा अभियान छेड़े, जिनमें कई नक्सली मारे गए या गिरफ्तार हुए, लेकिन इन अभियानों के बावजूद नक्सलवाद का खात्मा नहीं हो सका।

### यथार्थ



**लेखक : समरजीत**
संपादक, अनंत ज्ञान

यह इस बात को स्पष्ट करता है कि सिर्फ सैन्य कार्रवाई से नक्सलवाद की समस्या का समाधान नहीं हो सकता। इसके लिए संवाद, सुरक्षा और समन्वय भी बेहद जरूरी है। गृह मंत्री अमित शाह ने कई बार नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का दावा किया, लेकिन नक्सली नेटवर्क की जटिलता और उनका गहरा क्षेत्रीय कनेक्शन इसे बहुत चुनौतीपूर्ण बना देता है। अब उन्होंने 2026 तक नक्सवाद पूरी तरह खत्म होने का दावा किया है। शाह का बयान उस समय आया, जब वे राज्यसभा में देश की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर बात कर रहे थे। उन्होंने यह दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में नक्सलवाद सिर्फ 12 जिलों तक सीमित हो गया है और 380 नक्सली मारे गए हैं। उनका यह बयान संकेत करता है कि भारतीय समाज में नक्सलवाद के लिए कोई जगह नहीं है। अमित शाह यह दावा यूं ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि यह कटु सत्य है कि देश में पहले के मुकाबले नक्सली हिंसा के मामले में काफी कमी आई है।

नक्सल समस्या के समग्र समाधान के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2015 में राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना बनाकर इस पर गंभीरता से काम किया, जिसके फलस्वरूप सुरक्षा संबंधी उपाय मजबूत हुए। हालांकि, इस दौरान अभियानों में हमें कई जवान भी खोने पड़े। पिछले 10 सालों में नक्सली हिंसा में 65 फीसदी से ज्यादा की कमी आई है, जिससे संतोष किया जा सकता है कि केंद्र सरकार निश्चित रूप से इस अभियान को अंजाम देते हुए अब अंतिम लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। हालांकि, नक्सलवाद को पूर्ण रूप से समाप्त करने की दिशा में कई प्रकार की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक बाधाएं भी हैं, लेकिन यह लक्ष्य कुछ हद तक संभव हो सकता है अगर इसे रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखा जाए। इसके लिए विभिन्न उपायों को लागू करना होगा। अगर अमित शाह का लक्ष्य 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने का है, तो इसे केवल सरकार के प्रयासों से ही संभव नहीं किया जा सकता, बल्कि पूरे समाज को एकजुट होकर इसके खिलाफ काम करना होगा। जब तक जनभागीदारी नहीं होगी तब तक नक्सलियों का समूल नाश नहीं हो सकता। इसके लिए शिक्षा, कानूनी सुधार, आर्थिक समानता, राजनीतिक नेतृत्व और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता होगी। बेशक यह एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है, लेकिन अगर सही दिशा में प्रयास किए जाएं, तो यह लक्ष्य पूरा हो सकता है। नक्सलवादी संगठन अपने अभियानों को जंगलों और पहाड़ी इलाकों में छिपकर चलाते हैं, जो सुरक्षा बलों के लिए ऑपरेशन करना बहुत मुश्किल बना देता है। उनके पास आधुनिक हथियार और युद्ध कौशल भी है, जिससे वे अपनी स्थिति को मजबूत बनाए रखते हैं, मगर ऐसा भी नहीं है कि यह समस्या कभी खत्म नहीं होगी। समस्या जरूर खत्म हो सकती है बशर्ते इसके लिए एक व्यापक रणनीति बनाए जाए, जिसमें सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक पहलुओं को ध्यान में रखा जाए। नक्सलवाद को खत्म करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण बेहद लाजिमी है। नक्सलवाद की जड़ें गरीबी, असमानता और शोषण में हैं इसलिए सरकार को इन क्षेत्रों में व्यापक सामाजिक और आर्थिक सुधारों की आवश्यकता है। आदिवासियों को उनकी भूमि पर अधिकार, रोजगार के अवसर और स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाओं का सही तरीके से वितरण सुनिश्चित करना चाहिए। यदि इन क्षेत्रों में विकास होता है और स्थानीय समुदायों को महसूस होता है कि सरकार उनकी बेहतरी के लिए काम कर रही है, तो नक्सलियों को समर्थन मिलने की संभावना कम हो जाएगी। नक्सलवाद के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के साथ–साथ सरकार को नक्सलियों से बातचीत का रास्ता भी खोलना चाहिए। पिछले वर्षों में कुछ राज्य सरकारों ने नक्सलियों से संवाद की शुरुआत की थी, लेकिन इसे निरंतरता नहीं मिल पाई।

यह भी महत्वपूर्ण है कि नक्सलियों को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए पुनर्वास योजना बनाई जाए, जिसमें उनकी जरूरतों और आशंकाओं का सम्मान किया जाए। जब तक नक्सलियों को यह महसूस नहीं होगा कि सरकार उनके मुद्दों का समाधान ढूंढने के लिए तैयार है, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। कभी–कभी, नक्सलवाद की समस्या में स्थानीय प्रशासन की भूमिका भी अहम होती है। यदि प्रशासन और पुलिस स्थानीय जनता से कटे हुए होते हैं, तो यह नक्सलियों के लिए नए समर्थन जुटाने का एक अवसर बनता है। प्रशासन और पुलिस बलों को चाहिए कि वे लोगों से अच्छे संबंध बनाए रखें, स्थानीय मुद्दों पर ध्यान दें और उनकी समस्याओं का समाधान करें। इससे लोगों में विश्वास पैदा होगा और वे नक्सलियों के समर्थन में नहीं जाएंगे। सरकार को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में समग्र विकास योजना लागू करनी चाहिए, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षा का समावेश हो। जब लोगों को यह दिखेगा कि राज्य उनके जीवन की गुणवत्ता को सुधारने के लिए काम कर रहा है, तो वे हिंसक संघर्ष से दूर रह सकते हैं। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि केंद्र सरकार जिस दिशा में जा रही है उसके आशातीत परिणाम सामने आएंगे।

**रिस्पांस करें : editoranantgyaan@gmail.com**

# सरकार को टीबी के खिलाफ तेज करनी होगी जंग

भारत लंबे समय से टीबी की बीमारी से जंग लड़ रहा है। अब टीबी को लेकर एक डरावनी स्टडी सामने आई है। जर्नल प्लस मेडिसिन की स्टडी के मुताबिक, भारत में अनुमान है कि 2021 से 2040 तक टीबी के 6 करोड़ केस और 80 लाख मौतें हो सकती है। स्टडी के मुताबिक भारत को इस बीमारी के चलते न सिर्फ जान का नुकसान होगा, बल्कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 146 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान होने की संभावना है।

लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन यूके के रिसर्चर ने कहा कि इसके चलते कम आय वाले मिडिल क्लास परिवार ज्यादा संकट में है। उनको स्वास्थ्य संबंधी बोझ झेलना पड़ सकता है, जबकि अमीर परिवारों को आर्थिक बोझ झेलना पड़ सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वैश्विक क्षय रोग (टीबी) रिपोर्ट 2024 जारी की है, जिसमें 2024 में दुनिया की 99 प्रतिशत से अधिक आबादी और टीबी के मामलों वाले 193 देशों के डेटा को शामिल किया गया है। यह रिपोर्ट वैश्विक, क्षेत्रीय और देश स्तर पर टीबी महामारी एवं रोग की रोकथाम, निदान और उपचार में प्रगति का व्यापक व अद्यतन मूल्यांकन प्रदान करती है। रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष के अनुसार 2023 में भारत में लगभग 25.2 लाख टीबी के मामले सामने आए थे। जो 2022 में 24.2 लाख मामलों से अधिक थे।

भारत और इंडोनेशिया में वर्ष 2021 से 2023 तक टीबी के वैश्विक मामलों में कुल वृद्धि 45 प्रतिशत थी। दुनिया के पांच देश भारत, इंडोनेशिया चीन, फिलीपींस, पाकिस्तान में टीबी के कुल वैश्विक मरीजों के 56 प्रतिशत थे। भारत में वर्ष 2015 से 2023 के मध्य टीबी के मामलों में 18 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2025 तक 50 प्रतिशत कमी के लक्ष्य से बहुत कम है। इसी प्रकार टीबी से संबंधित मौतों में 75 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले केवल 24 प्रतिशत की कमी आई है। वैश्विक स्तर पर 2023 में 82 लाख लोगों में टीबी के नए मामलें देखे गए। यह वर्ष 1995 में डब्ल्यूएचओ द्वारा निगरानी शुरू करने के बाद से सबसे अधिक संख्या है। 2023 में टीबी कोविड–19 को पीछे छोड़ते हुए पुनः प्रमुख संक्रामक रोग बन गया है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो संक्रमित लोगों के खांसने, छींकने या थूकने से फैलती है। यह आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है, लेकिन यह शरीर के किसी भी हिस्से में फैल सकती है। इस बीमारी का इलाज तो है बशर्ते लोग नियमित रूप से दवा लें। हर वर्ष 24 मार्च को पूरे विश्व में टीबी (विश्व क्षय रोग) दिवस मनाया जाता है।



**लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार



### विश्व टीबी दिवस पर विशेष

अनंत ज्ञान

इस दिन टीबी यानी तपेदिक रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। भारत में बहुत बड़ी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन गुजार रही है। देश में जब तक गरीबी दूर नहीं होगी तब तक टीबी पर पूर्णतया रोक नहीं लग पाएगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में स्वास्थ्य सेवा का बड़ा ढांचा कमजोर है और स्वास्थ्य कर्मचारियों की भारी कमी है। इसके अलावा बीमारी का शुरुआती दौर में पता लगने में दिक्कत और सही इलाज का मिलना चुनौती बनी हुई है। विश्व में भारत पर टीबी का बोझ सबसे अधिक है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में टीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर लिया गया है। इसका उद्देश्य टीबी के नए मामलों में 95 प्रतिशत की कमी करना और टीबी से मृत्यु में 95 प्रतिशत की कमी लाना है। देश में जिन टीबी रोगियों का इलाज चल रहा है उन्हें सरकार 500 रुपए प्रतिमाह प्रदान करती है। टीबी माइक्रोबैक्टीरियम नामक बैक्टीरिया की वजह से होता है। यह बैक्टीरिया फेफड़ों में उत्पन्न होकर उसमें घाव कर देते हैं।

यह कीटाणु फेफड़ों, त्वचा, जोड़ों, मेरूदंड, कंठ, हड्डियों, अंतड़ियों आदि पर हमला कर सकते हैं। दुनिया में छह–सात करोड़ लोग इस बीमारी से ग्रस्त हैं और हर वर्ष 25 से 30 लाख लोगों की इससे मौत हो जाती है। दुनिया में बीमारियों से मौत के 10 शीर्ष कारणों में टीबी को प्रमुख बताया गया है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में रोजाना करीब आठ सौ लोगों की मौत टीबी की वजह से हो जाती है।

भारत में टीबी के करीब 10 प्रतिशत मामले बच्चों में हैं, लेकिन इसमें से केवल छह प्रतिशत मामले ही सामने आते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि भारत में टीबी के केवल 58 प्रतिशत मामले ही दर्ज होते हैं। एक तिहाई से ज्यादा मामले या तो दर्ज ही नहीं होते हैं या उनका इलाज नहीं हो पाता है। इसका बड़ा कारण यह है कि गैर सरकारी सेक्टर के अस्पतालों में टीबी को दर्ज किए जाने का अब तक कोई सिस्टम नहीं बना पाना है।

संगठन का ऐसा अनुमान है कि ऐसे तकरीबन दस लाख और टीबी मरीज देश में है जिन्हें पहचाना ही नहीं जा सका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि भारत टीबी से निपटने को लेकर गंभीर नहीं है। अपनी ग्लोबल टीबी रिपोर्ट में उसने हमारे आंकड़ों पर भी सवाल उठाया है। उसके मुताबिक भारत ने टीबी के जितने मामले बताए हैं, वास्तव में मरीज उससे कहीं ज्यादा हैं। सरकार ने टीबी रोग को मिटाने के लिए जो प्रतिबद्धता जताई है उस पर तुरंत अमल करने की जरूरत है। विश्व क्षयरोग दिवस 2025 की थीम है हां हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं। प्रतिबद्ध हों, निवेश करें, परिणाम दें। यह टीबी को समाप्त करने के लिए चल रहे प्रयासों पर विचार करने और स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें दवा प्रतिरोधी टीबी के बढ़ते खतरे का मुकाबला करना भी शामिल है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अभिभावक और गुरु की जादुई छड़ी के अभाव में बेलगाम होता बचपन

जिस प्रकार वर्तमान समय में बच्चों से लेकर युवाओं में किसी भी प्रकार का मानों डर नहीं रहा और वही विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों और युवाओं में आदरभाव का अभाव और अनुशासनहीनता देखने को मिलती हैं, जिसके अनेक कारण माने जाते हैं।

क्षेत्र के बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों के अनुभव अनुसार जिस प्रकार वर्तमान समय में सरकार ने छात्रों को अनुशासन और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में छात्रों द्वारा अनुशासनहीनता करने पर डर का वातावरण कही न कही खत्म कर दिया है, जिसके दुष्परिणाम हम सभी के सामने देखने एवं सुनने को मिल रहे हैं, अर्थात् अभिभावकों के जरूरत से अधिक लाड–प्यार के कारण बच्चों में डर और अनुशासन का स्तर कहीं न कहीं कम हुआ है, पूर्व के दशकों में जिस प्रकार स्कूलों में शिक्षकों के द्वारा छात्रों को अनुशासित करने के लिए छड़ी (डंडे) इत्यादि का प्रयोग किया जाता था, जिसका असर कहीं न कहीं तत्कालीन छात्रों के जीवन में बड़ा परिवर्तन और अपनों से बड़े बुजुर्गों, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रति बड़ा आदर भाव और मान–सम्मान देखने को मिलता था, तो वहीं पूर्व में रहें शिक्षकों के अनुभव अनुसार छात्रों के बेहतरीन भविष्य के लिए कहीं ना कहीं डर का होना भी अतिआवश्यक माना जाता रहा है, परंतु जिस प्रकार सरकार ने भी कानूनी रूप शिक्षकों द्वारा छात्रों को किसी भी प्रकार का शारीरिक रूप से दंड अर्थात डंडे इत्यादि का प्रयोग करना निषेध कर दिया है। जिसके कारण शिक्षकों के लिए छात्रों को अनुशासित करने में बड़ी चुनौती और चिंतनीय स्थिति पैदा कर दी है। जहां कुछेक छात्र प्यार से शिक्षा और अनुशासन का निर्वहन करते थे, तो वहीं दूसरी ओर बचपन से शरारती और हुड़दंगी स्वभाव के छात्रों को शिक्षकों द्वारा उस जादुई छड़ी अर्थात डंडे का प्रयोग किया जाता था।



**लेखक : हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

जिसके डर के कारण कहीं न कहीं छात्रों में अनुशासन देखने को मिलता था, अर्थात जादुई छड़ी के डर के अभाव में आज का युवा, छात्र कहीं न कहीं जहां एक और नशे के दल–दल में गिरता जा रहा है तो वहीं अभिभावकों और शिक्षकों को छात्रों और बच्चों का बेहतर व्यक्ति निर्माण करने में बड़ी चुनौती देखने को मिल रही है। हम सभी को इस बात को भी कहीं न कहीं समझने और आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है कि जिस प्रकार आज का बचपन और शुरुआती दौर की शिक्षा से ही संस्कार और आदरभाव जैसे महत्वपूर्ण विषय को महत्व नहीं दिया जा रहा है और अभिभावकों द्वारा मात्र बेहतर शिक्षा देने के लिए दूरदराज और मीलों दूर शहरों की और शिक्षा देने की जैसे होड़ सी लग चुकी है, और जिसके परिणामस्वरूप आगे चलकर वहीं छात्र और युवाओं में संस्कार, आदरभाव, अनुशासन और मर्यादाओं इत्यादि का अभाव वर्तमान की युवा पीढ़ी में देखने को मिलता है। मैं व्यक्तिगत अपने अनुभव अनुसार इस गंभीर विषय पर चर्चा एवं विश्लेषण करने का प्रयास कर रहा हूं कि, हमारे समय में माता–पिता और गुरु के प्रति आदरभाव रहता था तो वहीं माता– पिता और गुरु के उस जादुई छड़ी अर्थात (डंडे) के डर के कारण अनुशासित और बेहतर शिक्षा प्राप्त करने का भी प्रयास किया जाता था।



अनंत ज्ञान

यहां देखने और समझने वाली बात यह भी है कि जिस प्रकार आज का युवा एवं छात्र डर के अभाव में नशा, आवारागर्दी करने अन्य अनैतिक कार्य में संलिप्त होने पर पुलिस इत्यादि के द्वारा मार पड़ती है, जबकि अगर बचपन में गुरु की छड़ी का जादू उन बच्चों पर समय रहते चल जाता तो जवानी में पुलिस के डंडे खाने की जरूरत नहीं पड़ती, बचपन में खाई हुई मार बच्चे को उज्ज्वल भविष्य की और ले जातीं हैं और जवानी में पुलिस के डंडे खाने के बाद वह जिंदगी की रातों को अमावस्या की रात में तब्दील कर देती है, जिसमें अनेक क्षेत्रों में छात्रों के प्रति अनैतिकता के अनेक आरोप भी लगाए जाते हैं जो कि शिक्षक जैसे सम्मानित और गरिमामई व्यक्तित्व को कहीं न कहीं आत्मचिंतन और परिवर्तन लाने की भी परम आवश्यकता मानी जाती है, तो वहीं हर अभिभावक को भी इस बात पर जरूर आत्मचिंतन करने की परम् आवश्यकता है कि जिस प्रकार आज की युवा पीढ़ी बेलगाम और जरूरत से अधिक आजाद होती जा रही है, जिसके अनेक दुष्परिणाम माता–पिता, परिवार और समाज के लिए चिंता का विषय बन चुका है, इस प्रकार हम सभी युवाओं और समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि इस प्रकार की बच्चों और छात्रों के प्रति अधिक आजादी पर आज भी कहीं न कहीं शायद माता–पिता और गुरु की उस जादुई छड़ी का अभाव देखने एवं सुनने को मिलता है जिस जादुई छड़ी की जरूरत हर बच्चे छात्रों के जीवन में देखने को मिलती हैं, भविष्य में इस गंभीर विषय पर क्या बेहतर सुझाव हो सकतें हैं, तो वहीं जनहित में आप भी अपने बहुमूल्य सुझाव ऐसे गंभीर और चिंतनीय विषय पर जरूर प्रेषित करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### श्री राधा-कृष्ण मंदिर से निकली कलश यात्रा

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** ग्राम पंचायत खरयालता (तलमेहड़ा )के गांव बडोआ में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में बडोआवासियों की ओर से रविवार को श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। आचार्य शिवकुमार शास्त्री के नेतृत्व में कस्बे के कथा आयोजन स्थल से बैंड बाजों के साथ शुरू हुई और समाजसेवी एवं प्रभु प्रेमी पं.तरसेम लाल शर्मा गांव बडोआ के घर में कलश यात्रा को विश्राम देने के दौरान बाबा बालक रूपी मंदिर भलखूं, शनि देव मंदिर, हनुमान मंदिर तलमेहड़ा चौंक से होते हुए वापिस मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई।

### 200 लोगों की आंखों का किया चेकअप

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** बाथड़ी स्टे श्री गुरु रविदास ऐतिहासिक चरण छोह गंगा अमृत कुंड खुरालगढ़ साहिब में आंखों का मुफ्त मैडिकल चेकअप कैंप लगाया गया। खुरालगढ़ साहब के प्रधान संत सुरेंद्र दास ने बताया की रविवार को ब्रह्मलीन संत जगदीश लांबा की याद में शंकरा आई हॉस्पिटल लुधियाना के सहयोग से कैंप लगाया गया। जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ मनु रामपाल, शताक्षी, मयूरी, जेएमएम, नमनित, बीएच हरकोमल की टीम ने 250 रोगियों की आंखों की जांच की जिसमे 200 को मुफ्त चश्मे दवाई दी गई व 25 के करीब रोगियों की आंखों का ऑपरेशन कर लेंस हॉस्पिटल लुधियाना में डाले जाएंगे। इस मौके पर विधायक बलाचौर हरगोपाल सिंह, श्री गुरु रविदास चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब चेयरमैन नाजर सिंह मान, राजकुमार, सरूप चंद, पीएल सूद, संत कर्म चंद, मनजीत, अमरीक सिंह भराल, बलविंदर सिंह व रमेश चंद सहित कई मौजूद थे।

### बाबा बालक नाथ मंदिर में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** ग्राम पंचायत नैहरी में पड़ते गांव जनूही के प्राचीन बाबा बालक नाथ मंदिर में सालाना भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मंदिर में झंडा चढ़ाया। इसके बाद बाबा जी को भोग लगा कर भंडारा शुरू किया। इस मौके पर बाबा जी के भगत सतीश कुमार ने बताया कि हर वर्ष मंदिर में बाबा जी का भंडारा किया जाता है। इस मौके पर बीएसएफ से रिटायर्ड असिस्टेंट कमांडेंट रवि दत्त शर्मा, अनूप शर्मा, अनिल शर्मा, रोहित लखन पाल, अश्विन शर्मा, गणेश दत्त, मनोज शर्मा, पूजा शर्मा सहित कई उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमुडा कॉलोनी में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह दिव्य यात्रा ठंडी खुई से आरंभ होकर बंगाणा बाजार से होते हुए हिमुडा कॉलोनी पहुंची, जहां बैंड-बाजों की मधुर ध्वनि और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। इस कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण किए हुए चलीं, जबकि पुरुष श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए इस यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग को फूलों से सजाया गया था और जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर कथा व्यास आचार्य जगमोहन जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा का महत्त्व समझाया। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह मोक्ष का द्वार खोलने वाली दिव्य संहिता है। इस मौके पर कथा आयोजिक नरेश कुमार लक्की व पत्नी पूजा सोनी, राजन सोनी व पत्नी बिंदु सोनी, देसराज मोदगिल, दिनेश खत्री, मनु खत्री, मदन गोपाल बोहरा, राजेंद्र जंबाल, सुनील कुमार के अलावा सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण करके भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### संतोषगढ़ में शहीद भगत सिंह को किया याद



**अनंत ज्ञान, ऊना।** शहीद भगत सिंह यूथ क्लब की ओर से रविवार को शहीदी दिवस स्थानीय गौतम फिलिंग स्टेशन पर मनाया गया। क्लब के संयोजक एडवोकेट राजीव गौतम की अगुआई में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने शहीद ए आजम भगत सिंह के चित्र को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके साथ ही देश की आजादी में उनकी ओर से दिए गए योगदान को याद किया गया एडवोकेट राजीव गौतम ने कहा कि देश की आजादी में भगत सिंह की शहादत को कभी अनदेखा नहीं किया जा सकता। इस मौके पर सभी ने मिलकर भगत सिंह की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी और एकता का संकल्प लिया। इस दौरान प्रधान राकेश कुमार सैनी, प्रधान ऋषि गौतम, उप प्रधान गुरदीप सिंह, सोहन लाल, शिव कुमार, शाम लाल, श्याम सुंदर, पप्पी पटियाल, बाबी, रवि, दविंद्र सिंह, मदन संधू, अश्वनी, पपिंद्र, बरजोत सिंह, दिलबाग, सुच्चा सिंह, जट्ट सिंह व गण्यमान्य मौजूद रहे।

### ऊना सीनियर क्रिकेट टीम के लिए होगा ट्रायल

**संजीव पुरी, ऊना।** स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में सीनियर जिला स्तरीय वनडे प्रतियोगिता के लिए ऊना की टीम के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल में 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायल से 35 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा और उसके बाद उन खिलाड़ियों का कैंप लगाया जाएगा। कैंप के बाद अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो का चयन टीम में किया जाएगा। टूर्नामेंट 4 अप्रैल से आरंभ हो रहा है, जो दो स्थानों पर खेला जाएगा। एक मैदान जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुवेला और दूसरा मैदान पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ है जहां मैच खेले जाएंगे। चयनित हुए खिलाड़ियों के नाम पूरब राज, पृथ्वी राज, दीप सिंह, अमित धीमान, विनायक कपिला, अर्पित सिंह, अभिनव शर्मा, रिशभ ओहरी, रिधम शर्मा, राहुल त्रिलोक चंद, नितिन शर्मा, राघव आंगरा, अंकुश बैंस, अमनप्रीत सिंह, अंकित, हरितिक, केशव सैनी, आदित अरोड़ा, रितिश कौशल, राघव बाली, दशमेश, विनय, अंकुश बेदी, विनय कुमार, निखिल, अजीज, अभिषेक, उमेद, गुरमीत, सुनंदन, अनिकेत, महेश ठाकुर, अनिरुद्ध शर्मा, राघव अग्निहोत्री व देवांशु शामिल हैं। **अनंत ज्ञान**

### ऊना में जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से शनिवार को हिमाचल प्रदेश डिफेंस अकादमी चंद्रलोक कालोनी ऊना के सभागार में निदेशक रिटायर्ड कर्नल डीपी वशिष्ट की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर लगाया गया। इस जागरूक शिविर में नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 तथा अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान तहसील कल्याण अधिकारी ऊना जतिंद्र शर्मा ने विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही दिव्यांगजनों के सामर्थ्य, विकलांग राहत भत्ता, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना, विकलांग विवाह योजना, विकलांग छात्रवृति योजना, विकलांग कौशल विकास,राष्ट्रीय न्यास, यूडीआईडी (विकलांगता पहचान पत्र), स्वयं रोजगार ऋण, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर रिटायर्ड कर्नल (बीएसएम) कुलदीप सिंह, प्रशिक्षक रिटायर्ड कैप्टन विजय सिंह, प्रशिक्षणार्थी सहित लगभग 110 लोगों ने भाग लिया।

# दो कारों में टक्कर, 7 घायल

## पक्का परोह में पेश आया हादसा, अंब अस्पताल में उपचार के बाद दो ऊना रेफर



**अनंत ज्ञान, अंब ( ऊना )**

**उपमंडल** अंब के तहत पक्का परोह में दो कारों की भिड़ंत में 7 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रविवार को पक्का परोह में दो कारों में आमने सामने टक्कर हो गई। इस कारण कार सवार वीरेंद्र कुमार, सोहम शर्मा पुत्र वीरेंद्र निवासी घंघरेट, राजकुमार निवासी अंब, दर्शन पिलानी पुत्र मनोहर लाल, निवासी रोहिणी दिल्ली, नीरू पिलानी पत्नी दर्शन पिलानी, मोहित गुप्ता पुत्र प्रदीप, हर्षित पुत्र मोहित गुप्ता निवासी दीप बिहार रोहिणी दिल्ली घायल हो गए। सिविल अस्पताल अंब में उपचार के बाद दो घायलों वीरेंद्र और राजकुमार को जिला अस्पताल ऊना रैफर किया गया है।

### मैड़ी में ढांक पर लटकी श्रद्धालुओं से भरी पिकअप



**अनंत ज्ञान, अंब।** मैड़ी चरण गंगा धोलीधार रोड पर रविवार को सुबह फिरोजपुर के श्रद्धालु बड़े हादसे का शिकार होते बच गए। ये सभी पिकअप में चरण गंगा धोलीधार के लिए जा रहे थे। रास्ते में तीखे मोड़ पर गाड़ी के आगे अचानक कुत्ता आने के कारण ड्राइवर ने संतुलन खो दिया, जिस कारण सभी श्रद्धालु घबरा गए, परंतु ड्राइवर ने बड़ी सूझबूझ से पिकअप को सड़क के किनारे रिटेनिंग वॉल के साथ टकरा दिया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। बताया जा रहा है कि इस घटना के समय पिकअप में लगभग 20 श्रद्धालु बैठे हुए थे। ग्राम पंचायत मैड़ी उप प्रधान सुरेंद्र कुमार काका ने बताया कि ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया।

# झंडा विवाद: देवभूमि में हुड़दंग मचाने वाले सहन नहीं: नरेंद्र

**अनंत ज्ञान, ऊना**



सनातन मंच के प्रदेश प्रभारी ने दी चेतावनी

**पंजाब** हिमाचल में झंडे विवाद को लेकर हुड़दंग मचाने वालों को सनातन धर्म मंच ने चेतावनी दी है। मंच ने हिमाचल पंजाब सरकार से ऐसे तत्वों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई मांगी है। हिमाचल सनातन धर्म मंच के प्रदेश प्रभारी नरेंद्र राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के धार्मिक स्थलों में कोई भी श्रद्धालु आए। उसका स्वागत है, लेकिन अगर कुछ शरारती तत्व हुड़दंग डालकर देवभूमि में शांति भंग करने की मंशा से आए। तो ऐसे तत्वों से मंच सख्ती से निपटेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की एचआरटीसी बसों के साथ पंजाब में तोडफोड़ करने की घटिया हरकतें करना सही नहीं है। शांति भरा माहौल खराब करने से किसी को कुछ नहीं मिल सकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब व हिमाचल सरकार ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त एक्शन ले। उन्होंने कहा कि बिगड़ती स्थिति के लिए जिम्मेदार तत्वों से नुकसान की भरवाई करवाई जाए। इनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए।

# सैनी समाज के उत्थान के लिए होगा कार्य

## भारतीय सैनी सेवा समाज की जागरूकता बैठक में बोले अनिल सैनी



*जागरूकता बैठक के बाद सैनी समाज के सदस्य।*

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय सैनी सेवा समाज की जागरूकता बैठक प्रदेशाध्यक्ष अनिल सैनी पौंटा साहिब की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में ऊना जिला की अध्यक्षा संतोष सैनी, वरिष्ठ सदस्य देवराज सैनी एवं एनएन सैनी ने प्रदेशाध्यक्ष अनिल सैनी को शॉल-टॉपी भेंट कर सम्मानित किया। पांवटा साहिब से सुरेश सैनी एवं कुलदीप सैनी ने वशिष्ठ अतिथि के रूप में कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष अनिल सैनी ने कहा कि सैनी समाज को संगठित करना एवं समाज के विभिन्न वर्गो का शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से उत्थान करना संगठन का मूल उद्देश्य है। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि सैनी समाज का इतिहास अति प्राचीन, गौरवमयी तथा श्रम की साधना एवं महत्वता का रहा है। इस अवसर पर देवराज सैनी, संतोष सैनी, नरेश कुमार सैनी, दर्शन सिंह, मोहित, किशन चंद, एनएम सैनी, महिंद्र सिंह, तिलक राज सैनी, राकेश कुमार, सुरिंद्र सैनी, जतिंद्र सैनी, हरजी लाल सैनी, सुनिल, गौरव, विक्की, शिव करण, रजत, शशिपाल, संदीप कुमार, रमन, हरबंस लाल, बलराम दास, बलंत कुमार आदि मौजूद रहे।

## लमलेहड़ा में भगवती जागरण, झंडा रस्म निभाई



*अनंत ज्ञान, ऊना। लमलेहड़ा में शनिवार रात्रि को भगवती जागरण का आयोजन हुआ। यह 26वां विशाल भगवती जागरण था, जिसमें रविवार को भंडारा भी लगाया गया। मंदिर के मुख्या सेवादार पंडित पदम शर्मा ने बताया कि झंडा रस्म भी निभाई गई। उसके बाद सुप्रसिद्ध गायक बाली बेंस ने महामाई जी की महिमा का गुणगान किया।*

# स्कूल शिक्षा बोर्ड में जल्द की जाए चेयरमैन की नियुक्ति: राजन शर्मा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

**प्रदेश** स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा ने जारी बयान में प्रदेश के सीएम सुक्खू व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से आग्रह किया है कि प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र की जाए। उन्होंने बताया कि शिक्षाविद को ही बोर्ड और शिक्षकों एवं छात्रों की समस्याओं के बारे में व्यापक जानकारी होती है, जिस से बोर्ड से संबंधित प्रत्येक कार्य को करने और करवाने में सुविधा रहेगी।

कहा- स्कूल में शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड नहीं जरूरी

इसके साथ प्रेस सचिव राजन शर्मा ने सरकार से आग्रह किया है कि स्कूलों में ड्रेस कोड लागू करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि स्कूलों में वैसे भी शिक्षक वर्ग अच्छी एवं सभ्य ड्रेस पहन कर ही आते हैं। शिक्षक वर्ग यह भलीभांति जानता है कि बच्चों के सामने कैसे आना है, क्योंकि स्कूल के बच्चे भी उनका अनुसरण करते हैं। उन्होंने बताया की ड्रेस कोड लागू होने से कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हो सकता। कार्यप्रणाली में सुधार करने के लिए व शिक्षा क्षेत्र में अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर एवं अन्य स्कूल हित के कई सुधार करने के लिए कार्य करने की आवश्यकता होती है ।

इसके साथ ही उन्होंने स्कूल शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बीआर राही के निधन पर भी गहरा दुख व्यक्त किया है।

# कांग्रेस में आपसी संघर्ष चरम पर, आमजन असुरक्षित

## चिंतपूर्णी में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बोले प्रदेश भाजपा सचिव सुमित शर्मा

**अनंत ज्ञान, अंब**

**प्रदेश** भाजपा सचिव एवं संसदीय क्षेत्र सह प्रभारी सुमित शर्मा ने रविवार को यहां चिंतपूर्णी अप्पर मंडल एवं चुरूडू मे चिंतपूर्णी लोअर मंडल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की आपसी खींचतान में जहां प्रदेश की जनता पिस रही है, वहीं अब तो जनप्रतिनिधियों का जीवन भी आए दिन खतरे में पड़ता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की आपसी खींचतान के चर्चे और उदाहरण जगजाहिर हैं, जिसके कारण प्रदेश की वित्त, कानून व्यवस्थाएं और अन्य व्यवस्थाएं आज ध्वस्त होती जा रही हैं। खनन माफिया, भू माफिया, वन माफिया, ट्रांसफर माफिया, लूटपाट, रंगदारी और गन कल्चर भी प्रदेश में पैर पसारते हुए प्रतीत हो रहे हैं, और आए दिन मर्डर, किडनैपिंग और महिला अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। जिसके कारण जनता के स्वाभाविक होने वाले काम प्रशासनिक अधिकारियों की निरसता के कारण नहीं हो पा रहे हैं, वहीं लचर कानून व्यवस्था के चलते प्रदेशवासी डर के साये में जीने को मजबूर हैं। परिवार की सुरक्षा के लिए लोग खुद चिंतित और परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार का आर्थिक कुप्रबंधन भी ऐसे लूटमार और हमलों के लिए जिम्मेदार है। वर्तमान सरकार प्रति वर्ष एक लाख रोजगार देने का वादा करके सत्ता में आई थी, लेकिन गलत नीतियों के कारण रोजगार देने में असफल हो रही है। इसके कारण आज की युवा पीढ़ी नशाखोरी और अन्य कुकृत्यों में शामिल हो रही है, जिससे देवभूमि प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा होना पड़ रहा है।

कांग्रेस नेताओं द्वारा की गई झूठी घोषणाओं के चलते आज प्रदेश का ऋण एक लाख करोड़ से ऊपर जा चुका है, जिससे प्रदेश में स्वरोजगार, पर्यटन और स्थानीय रोजगार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।



### अपने दोस्तों पर मेहरबान सरकार

**सुमित** ने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों के बजट में कटौती करके कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार सिर्फ अपने दोस्तों के ऊपर मेहरबानियां कर रही है। इसका आर्थिक बोझ प्रदेश के युवाओं पर पड़ रहा है। दोस्तों को बड़े-बड़े ओहदे दे दिए गए हैं, कई लोगों के पास तो बिना चुनाव जीते कैबिनेट रैंक भी हैं।

# शहीदी दिवस पर 80 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**विवेक शर्मा, अंब**



**शहीद** भगत सिंह क्लब, गगरेट द्वारा बलिदान (शहीद) दिवस के अवसर पर शिव मंदिर, भंजाल में रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह क्लब के सदस्यों के साथ-साथ गगरेट विधानसभा क्षेत्र की मातृशक्ति, युवाओं, समाजसेवियों व स्थानीय राजनीतिक नेताओं ने बिना किसी राजनीतिक स्वार्थ के समाजसेवा के इस महान कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

शिविर में 80 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो समाज के प्रति समर्पण और सेवा भावना का प्रमाण है। इस अवसर पर पूर्व विधायक और भाजपा नेता चैतन्य शर्मा ने गगरेट मंडल अध्यक्ष नितिन लंबरदार और दौलतपुर मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर एवं दोनों मंडलों के पदाधिकारीगण, ग्राम शक्ति केंद्रों और बूथ अध्यक्षों के साथ इस आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और सक्रिय रूप से भाग लिया।

चैतन्य शर्मा ने इस अवसर पर शहीद भगत सिंह जी, राजगुरु जी और सुखदेव जी के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया और कहा कि इस रक्तदान शिविर में समाज के हर वर्ग से लोगों की इतनी बड़ी संख्या में भागीदारी यह दर्शाती है कि गगरेट की जनता सेवा और परोपकार के कार्यों में हमेशा आगे रहती है। शहीद भगत सिंह क्लब द्वारा किए गए इस आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था और अनुशासन काबिले तारीफ है, जो समाजसेवा की सच्ची भावना को दर्शाता है। चैतन्य शर्मा ने विशेष रूप से क्लब प्रधान भाई मनू ठाकुर, भाई शमी, भाई सिध्दू, रणवीर राणा, अंबोटा से बहन दामिनी और क्लब के सभी सदस्यों का विशेष धन्यवाद किया।

# तेंदुए की दहशत, विभाग ने भेजी टीम

## मलांगड़ के उपरला सोहरला गांव में सूचना मिलने के बाद वन विभाग अलर्ट

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**उपमंडल** बंगाणा के मलांगड़ क्षेत्र के उपरला सोहरला गांव में ग्रामीणों द्वारा तेंदुए की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद वन विभाग सक्रिय हो गया है। रेंज ऑफिसर बंगाणा अंकुश आनंद के निर्देश पर वन विभाग की एक टीम गांव भेजी गई, जिसने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों से बातचीत की।

उपरला सोहरला के ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से तेंदुआ गांव के आसपास देखा जा रहा है। पशुपालकों को अपने मवेशी चराने में डर लग रहा है, और कई लोगों ने रात के समय तेंदुए की गुर्राहट सुनी है। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ अब तक किसी जानवर या इंसान पर हमला नहीं कर पाया है, लेकिन उसकी मौजूदगी से लोगों में भय का माहौल है। जैसे ही इस घटना की जानकारी वन विभाग को मिली। तो रेंज ऑफिसर बंगाणा अंकुश आनंद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम को गांव भेजा। टीम ने ग्रामीणों से विस्तृत बातचीत की और तेंदुए की मौजूदगी के संभावित स्थानों का निरीक्षण किया।

### विभाग की अपील, रात को अकेले बाहर न निकलें

**वन** विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि वे सतर्क रहें और रात के समय अकेले बाहर निकलने से बचें। रेंज ऑफिसर बंगाणा अंकुश आनंद ने बताया कि फिलहाल टीम स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि अगर तेंदुए की गतिविधियां लगातार बनी रहती हैं और ग्रामीणों को पिंजरे की आवश्यकता महसूस होती है, तो जनता की मांग पर पिंजरा लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ने के लिए विभाग पूरी तरह से तैयार है।

### जरूरत पड़ने पर लगाया जाएगा पिंजरा

**वन** विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर पिंजरा लगाने या अन्य उपाय अपनाने के लिए तैयार हैं। बंगाणा के मलांगड़ क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से लोगों में दहशत है, लेकिन वन विभाग पूरी तरह सतर्क है।

# बीबीए विभाग का सुनील पटौदिया वेलफेयर फाउंडेशन के साथ करार

**अनंत ज्ञान, ऊना**



**स्थानीय** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीबीए विभाग का करार सुनील पटौदिया वेलफेयर फाउंडेशन के साथ हुआ है। इस अवसर पर फाउंडेशन के करण कौशल ने अर्थनीमृति परियोजना के तहत विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग विषय पर जागरूक किया। विद्यार्थियों को भविष्य में आने वाली चुनौतियों के बारे में अवगत करवाया और साथ में विद्यार्थियों को देश की अर्थव्यवस्था में आने वाले कई तरह के उतार चढ़ाव के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। बीबीए विभाग में सुनील पटौदिया वेलफेयर के फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन सांझा किया।

कार्यक्रम में विभाग के लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिनमें से 21 विद्यार्थियों का चयन साक्षात्कार के लिए हुआ। बीबीए विभाग के समन्वयक डॉ शाम सिंह बैंस ने विद्यार्थियों को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मीता शर्मा ने बीबीए विभाग को भविष्य में ऐसे कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विभाग के प्राध्यापक प्रो. अंजली कौंडल, प्रो. विजय कुमार, प्रो. किरण बाला, प्रो ऋचा शर्मा उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** विधायक विवेक शर्मा ने ब्रह्मलीन श्री सुग्रीवानंद जी महाराज को अर्पित की श्रद्धांजलि

# ब्रह्मलीन महाराज के आशीर्वाद से मिली आगे बढ़ने की प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** के विधायक विवेक शर्मा ने परम पूजनीय, ब्रह्मनिष्ठ तपोनिष्ठ, विद्यालंकार ब्रह्मलीन 1008 श्री सुग्रीवानंद जी महाराज के बैकुंठवासी होने पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आज श्री डेरा बाबा रूद्रानंद सेवक मंडल, शिमला की ओर से श्रीराम मंदिर में आयोजित श्रीराम धुन और श्रद्धांजलि समारोह में भाग लिया तथा महाराज जी के चरणों में अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस श्रद्धांजलि समारोह के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि श्री सुग्रीवानंद जी महाराज से उनके परिवार का विशेष नाता रहा है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन महाराज जी के पिता के साथ गहरे संबंध थे। जब मैं छोटा था तब कई बार पिता जी के साथ उनके आश्रम जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहां के आध्यात्मिक वातावरण व महाराज जी की कृपा से मैं भी प्रभावित रहा। उनके द्वारा दिए गए आशीर्वाद और शिक्षाओं ने मुझे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। श्रीराम मंदिर में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभी ने मिलकर श्रीराम धुन का गायन किया और दिवंगत महापुरुष को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सेवक मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि श्री महाराज जी ने अपना संपूर्ण जीवन सनातन धर्म की सेवा और आध्यात्मिक उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। श्रद्धांजलि सभा का समापन श्री राम धुन और हवन के साथ हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर और पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत संत को नमन किया। इस श्रद्धांजलि सभा में कुटलैहड़ क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और आध्यात्मिक अनुयायी उपस्थित रहे।



### सभी महाराज के दिखाए मार्ग का करें अनुसरण

**विधायक** विवेक शर्मा ने कहा कि श्री महाराज जी का जाना आध्यात्मिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे हमें सदैव सच्चाई, ईमानदारी और परोपकार का मार्ग दिखाते रहे। उनका आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे, यही प्रार्थना करता हूं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे श्री महाराज जी के दिखाए मार्ग का अनुसरण करें और समाज में शांति, सद्भावना एवं सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएं।

# न्यूज ब्रीफ

## रोजहाट में 62 ग्राम चरस सहित आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिलाई ब्लॉक में पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रोजहाट में एक चाय की दुकान में दबिश देकर वहां से 62 ग्राम चरस बरामद की। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि इस मामले में पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अपनी दुकान में नशीले पदार्थों का धंधा करता है। पुलिस द्वारा दबोचे आरोपी की पहचान ध्यान सिंह पुत्र तुलसी राम निवासी कफोटा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दिया गया है व आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## 5 लीटर अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नौहराधार की पुलिस टीम जब गश्त पर थी, तो चाबधार में गांव पाइंजल की तरफ से एक व्यक्ति अपने हाथ में एक प्लास्टिक कैनी उठाए हुए नौहराधार की तरफ आ रहा था, जो सामने सड़क पर पुलिस को देख वापस गांव पाइंजल की तरफ भागने लगा। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि शक के आधार पर पकड़ कर आरोपी को पूछा तो उक्त व्यक्ति ने अपना नाम अनिल निवासी गांव गराड़ी, बोगधार, नौहराधार बताया। आरोपी के कब्जे से कैनी के अंदर कुल 5 लीटर शराब बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पुलिस थाना संगड़ाह में आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## किसानों को मधुमक्खी पालन के तरीके बताए

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** उद्यान विभाग के चायल महोग स्थित आदर्श पुष्प केंद्र में जिला शिमला के विकास खंड मशोबरा और बसंतपुर के 25 पुरुष व महिला किसान-बागवान को मधुमक्खी पालन पर सात दिनों का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें प्रतिभागियों को उद्योग व केंद्र सरकार की चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उद्यान विभाग के अधिकारी व स्त्रोत व्यक्ति डॉक्टर शरद गुप्ता, दलीप सिंह नरगोटा, प्रिया कपिल, दिनेश ठाकुर, ज्ञान सिंह वर्मा, जितेंद्र ठाकुर, कुशाल मेहता कोर्स को-ऑर्डिनेटर जितेंद्र ठाकुर ने प्रशिक्षण में बताया कि राष्ट्रीय मधुमक्खी परिषद का यह कार्यक्रम प्रायोजित किया गया है। मधुमक्खी पालकों को मार्केटिंग और बाजार उपलब्ध करवाने बारे में विस्तृत जानकारी दी। किसानों को मधुमक्खी पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाकर अपनी आजीविका प्राप्त करने का आह्वान किया।

## ब्राह्मण समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सराहां।** हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा का राज्य स्तरीय सम्मेलन सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में आयोजित हुआ, जिसमें ब्राह्मण समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सम्मेलन की अध्यक्षता सभा के राज्य अध्यक्ष मनमोहन गौतम द्वारा की गई। राज्य अध्यक्ष ने कहा कि ब्राह्मण सभा के सम्मेलन का मुख्य मकसद हिमाचल प्रदेश में शास्त्र शक्ति और देव शक्ति को एक मंच के माध्यम से उजागर कर जनकल्याण के लिए समाहित किया जाए, जिससे ब्राह्मण समाज और अन्य लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। ब्राह्मण सभा हिमाचल प्रदेश सरकार से मांग कर रही है कि प्रदेश के हर जिले में 5 बीघा भूमि उपलब्ध करवाकर एक प्रशिक्षण केंद्र खोला जाए, जहां सनातन संस्कृति के संरक्षण और प्रशिक्षण के लिए काम किया जा सके और खासकर यहां युवा पीढ़ी को प्रशिक्षण दिया जा सके, ताकि वह आगे जाकर इस क्षेत्र में काम कर सकें और व्यवसाय से भी जुड़ सकें। हिमाचल सरकार और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सामने ब्राह्मण सभा द्वारा यह प्रस्ताव रखा जा रहा है, ताकि जल्द इसके लिए बजट का प्रावधान हो। जल्द सरकार के साथ मंथन करने के बाद हिमाचल प्रदेश में एक बड़ा महासम्मेलन ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित किया जाएगा, इसके बाद आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## गुर्जर समुदाय के लोगों को मदद की जरूरत

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** गिरिनगर क्षेत्र में पड्डुनी पंचायत के अंतर्गत रह रहे गुर्जर समुदाय के डेरे में भीषण आग लग गई थी, जिसमें गुर्जर समुदाय के डेरे जलकर राख हो गए थे। उसके बाद अब यह लोग अपना जीवनयापन करने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। देखने में आया कि यह लोग तरपाल लगाकर अपने परिवार का सिर ढक रहे हैं। वहीं, यह इलाका बंदरों से घिरा हुआ है। बंदरों के उत्पात से यह लोग परेशान हैं, इसके लिए समाजसेवी मदद को हाथ बढ़ा सकते हैं तथा इन लोगों को अपना जीवन यापन करने के लिए जो कमी है, उसको उपलब्ध करवा सकते हैं। इन डेरों में छोटे बच्चे भी रह रहे हैं तथा खुले में सो रहे हैं। आज मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के द्वारा इस डेरे में आकर जरूरतमंद लोगों के लिए खुशियों के बैंक में जमा हुए कपड़े वितरित किए गए तथा उन्हें आश्वासन दिया कि उन्हें किसी भी सामान की जरूरत है, तो वह समाजसेवियों के सहयोग से उन्हें जरूर उपलब्ध करवाएंगे।

## प्रेम कश्यप बने साहित्य विंग के राज्य समन्वयक

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट ने अपनी राज्य कार्यकारिणी और विंग का विस्तार करते हुए प्रेम कश्यप को साहित्य विंग का राज्य समन्वयक नियुक्त किया है। इसकी घोषणा यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष रणेश राणा ने चायल में आयोजित यूनियन की बैठक में की। बैठक में संगठन के विस्तार, पत्रकारों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा के बाद कई प्रस्ताव पारित किए गए। इसमें नयना देवी में होने वाले आगामी राज्य अधिवेशन पर भी चर्चा की गई।

## खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** श्री खाटू श्याम सेवा समिति पांवटा साहिब की बैठक समिति के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता की अध्यक्षता में गीता भवन मंदिर में हुई। इसमें समिति के सदस्य मौजूद रहे तथा 29 मार्च को नगर पालिका मैदान में होने वाले सप्तम श्री खाटू श्याम संकीर्तन की तैयारियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा रखी गई तथा 29 मार्च को होने वाले संकीर्तन की तैयारी के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने बताया कि 29 मार्च दिन शनिवार को श्री खाटू श्याम जी का संकीर्तन पांवटा साहिब के नगर पालिका मैदान में किया जा रहा है।

## 170 लोगों का जांचा स्वास्थ्य, दी दवाइयां

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** रौड़ी पंचायत और अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि मारकंडेश्वर हॉस्पिटल सोलन के सहयोग से पंचायत भवन रौड़ी में एक निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंचायत प्रधान रौड़ी रीना शर्मा, पंचायत सदस्य हरदेव शर्मा, मदन शर्मा, रजनी गौतम, प्रेम चंद बंसल, डॉक्टर हार्दिक मालपानी विशेष रूप से मौजूद रहे। शिविर में 170 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, जांच, परामर्श और निशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं।

# स्टाफ की कमी से लंबित हो रहे ऑपरेशन

## स्वास्थ्य मंत्री के गृह क्षेत्र सोलन अस्पताल में डबल ड्यूटी देने को मजबूर एनेस्थीसिया और ओटीए स्टाफ

**आर मोहन चौहान, सोलन**

स्वास्थ्य मंत्री के गृह क्षेत्र सोलन के क्षेत्रीय अस्पताल में डॉक्टरों और पैरा मेडिकल स्टाफ की मांग बढ़ती जा रही है। तीन जिलों का केंद्र बिंदु होने के चलते सोलन अस्पातल में बड़ी संख्या में रोगी उपचार को आते हैं।

रोगियों की ओपीडी बढ़ने के बावजूद यहां पर डॉक्टरों और पैरा मेडिकल स्टाफ के अतिरिक्त पद सृजित नहीं हुए। साथ ही सेवानिवृत्त और ट्रांसफर होने से कई पद खाली पड़े हैं। स्टाफ की कमी का सबसे ज्यादा असर ऑपरेशन थियेटर की सेवाओं पर पड़ रहा है। जहां स्टाफ की कमी से जरूरी ऑपरेशन लंबित हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक सोलन हॉस्पिटल में प्रतिदिन लगभग 8 से 10 ऑपरेशन होते है, लेकिन यहां ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर सहित अन्य पद खाली पड़े हुए हैं। दरअसल एक ऑपरेशन करने के लिए डॉक्टर के बाद एनेस्थीसिया डॉक्टर, ओटीए यानि ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट, स्टाफ नर्स, ओटीए कलेक्टिव, क्लास फोर कर्मी की आवश्यकता होती है।

हॉस्पिटल में काम चलाने लायक स्टाफ तो है, लेकिन तकनीकी स्टाफ की छुट्टी की स्थिति में सारा काम ठप पड़ जाता है। उपरोक्त पोस्टों पर सिर्फ एक-एक ही कर्मी है। लिहाजा यदि एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट दिन में ओटी में बैठता है, तो उसे इमरजेंसी की स्थिति में रात को भी आना होगा। यह हाल ओटीए का भी है। यहां सिर्फ एक ही ओटीए होने के चलते उसे भी दिन-रात काम करना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)



### कुछ दिन तक तो बंद हो गए थे ऑपरेशन

कुछ महीनों पहले यहां ऐसी स्थिति भी बनी थी, जब एनेस्थीसिया का डॉक्टर नहीं था। फिर कुछ समय के लिए बद्दी से डेपुटेशन पर यहां डॉक्टर को तो भेज दिया गया था, लेकिन फिर वह दोबारा बद्दी चला गया है। ऐसे में कुछ समय के लिए सोलन हॉस्पिटल में ऑपरेशन को बंद कर दिया गया था। हालांकि, अब कुछ महीनों से सोलन हॉस्पिटल में परमानेंट एनेस्थीसिया डॉक्टर हैं। ऐसे में अब यह परेशानी तो खत्म हो गई है, लेकिन बाकी अन्य कर्मियों की स्टाफ का टोटा धीरे-धीरे हॉस्पिटल प्रशासन के लिए परेशानी बनता जा रहा है।

> हॉस्पिटल में नियमित रूप से ऑपरेशन किए जा रहे हैं, लेकिन ओटी का स्टाफ कम होने से दिक्कत आ रही है। ओटी में एक ही एनेस्थीसिया का डॉक्टर है, जबकि डिमांड दो की है। ओटीए सहित कई और पदों पर भी सिर्फ एक-एक ही स्टाफ है, जबकि मांग कहीं ज्यादा की है। इस बारे में अधिकारियों को भी पत्र लिखा गया है।
>
> **डॉ. एमपी सिंह, एमएस, सोलन हॉस्पिटल।**

### स्टाफ का छुट्टी पर जाना मुश्किल

**अस्पताल** की ओटी में कार्यरत कर्मियों को भी कई बार दूसरे कार्यों की ड्यूटी निभानी पड़ती है। हालांकि, फिलहाल व्यवस्था कर ऑपरेशन तो किए जा रहे हैं, लेकिन कई बार स्थिति ऐसी भी बन जाती है, जब एनेस्थीसिया का डॉक्टर छुट्टी पर हो या किसी अन्य तकनीकी कर्मी की मौजूदगी न हो तो जरूरी ऑपरेशन लंबित हो जाते हैं। इस परिस्थिति की जानकारी उच्च अधिकारियों को भी है पर नए पद सृजित नहीं होने से सब चुप हैं। सोलन हॉस्पिटल प्रशासन उच्च अधिकारी को पत्र लिखकर स्टाफ बढ़ाने की मांग कर चुका है। बावजूद अब तक काफी समय से किसी भी पद पर कोई भी अतिरिक्त कर्मी की ड्यूटी नहीं लगाई गई है। ऐसे में कहा जा सकता है कि सोलन हॉस्पिटल में ऑपरेशन करना अब धीरे-धीरे हॉस्पिटल मैनेजमेंट को भी मुश्किल होता जा रहा है। सोलन हॉस्पिटल में उपचार के लिए जिला सोलन के अलावा शिमला और सिरमौर के मरीज बड़ी संख्या में उपचार को पहुंचते हैं पर समय पर उपचार न मिलने से रोगियों को निजी अस्पतालों में महंगा उचार करवाने को मजबूर होना पड़ता है।

# 884 ग्राम चूरापोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन पुलिस का नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई अभियान लगातार जारी है।

इसी क्रम में पुलिस थाना कुनिहार की टीम शाम को जब गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए क्षेत्र में रवाना थी, तो उक्त टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर सलीम उर्फ बिल्ला पुत्र स्व. जौंकीराम गांव व डाकघर मंज्याट तहसील अर्की जिला सोलन उम्र 45 वर्ष नामक व्यक्ति से 884 ग्राम से चूरापोस्त बरामद की, जिस पर थाना कुनिहार में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि यह आरोपी नशे के इस सामान को आस-पास के इलाकों में युवाओं को सप्लाई करने की फिराक में था। इस आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड का भी पता किया जा रहा है। अभियोग का अन्वेषण भी जारी है।

**आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड का पता किया जा रहा**

# विस घेराव के लिए जाएंगे 2500 कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर के भाजपा नेताओं ने 27 मार्च को शिमला में भाजपा द्वारा आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम के लिए सिरमौर से ढाई हजार से अधिक कार्यकर्ताओं को शिमला भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया है।



सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता एवं शिलाई भाजपा मंडल के प्रभारी मेला राम शर्मा, जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर, शिलाई भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष विजेंद्र तोमर और शिलाई भाजपा मंडल के महासचिव राकेश ठाकुर ने बताया कि सिरमौर जिले से शिमला में भाजपा द्वारा आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम के लिए ढाई हजार से अधिक कार्यकर्ताओं को शिमला भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिलाई मंडल के गांव खड़कांह और नैनीधार में आयोजित संपर्क कार्यक्रमों के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि राज्य में सुक्खू सरकार की दमनकारी नीतियों की पोल खोलने के लिए 27 मार्च को शिमला में विधानसभा घेराव का एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश भर से भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के आने की संभावना है। सुक्खू सरकार ने समाज के हर वर्ग के साथ ठगी कर सत्ता हथियाई है और गत ढाई वर्षों के दौरान यह सरकार हर मोर्चे पर फेल हुई है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने झूठ बोलकर महिलाओं, युवाओं, किसनों, बागवानों और कर्मचारियों के साथ धोखा किया है और आर्थिक बदहाली के कारण पूरे प्रदेश में विकास प्रक्रिया पूरी तरह से ठप होकर रह गई है, अब इस भ्रष्ट सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने का समय आ गया है और सरकार पूरी तरह दिवालिया होने के कारण अब अधिक देर तक चलने वाली नहीं है। सुक्खू सरकार की दमनकारी नीतियों का असर हिमाचल के इलावा पूरे भारतवर्ष में हुआ है और यही कारण है कि हरियाणा और दिल्ली के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। 27 तारीख को शिमला में आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम के दौरान इस सरकार के काले कारनामों का भंडाफोड़ किया जाएगा। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं विशेष कर युवाओं और महिलाओं से आग्रह किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में 27 मार्च को शिमला पहुंचकर इस हल्लाबोल कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# कांगड़ा-हमीरपुर मैत्री सभा में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कांगड़ा-हमीरपुर मैत्री सभा सोलन कार्यकारिणी की बैठक मैत्री सभा के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सभा प्रधान विक्रम राज शर्मा ने की। बैठक में समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में कांगड़ा हमीरपुर मैत्री सभा कार्यकारिणी सदस्य आश शर्मा के पति स्वर्गीय किशन शर्मा के निधन पर सदस्यों ने शोक प्रकट किया। महासचिव सुरजीत राणा ने बताया कि बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें 6 अप्रैल को मैत्री सभा में स्थापित बाबा बालक नाथ मंदिर में श्री बाबा बालक नाथ की सुबह चौकी का आयोजन किया जाएगा और उसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कांगड़ा हमीरपुर मैत्री सभा सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेती है और आगे भी लेती रहेगी।

# सत्यनारायण कथा, रामचरितमानस पाठ की प्रशिक्षुओं को विधि बताई

**अनंत ज्ञान, अर्की**

सप्तस्थान मंदिर परिसर बथालंग में पौरोहित्य एवं कर्मकांड शिविर तीन दिनों तक इस क्षेत्र के अनेक अंगों का प्रयोगात्मक अध्ययन किया।

संयोजक कमलकांत गौतम ने बताया कि प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र में पूर्व प्राचार्य एवं प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य मदनमोहन शर्मा ने पूजन, आचरण एवं पौराणिक महत्व का विषय बताया। इसके उपरांत आचार्य ललित शर्मा ने संध्या विधि को बताया। अंतिम सत्र में संस्कृति संभाषण करवाया गया। द्वितीय दिवस प्रातः काल आचार्य ललित ने संध्या के प्रायोगिक को करवाया। उन्होंने श्राद्ध चर्चा शौच अशौच व्यवस्था, विवाह तथा सत्यनारायण कथा सहित रामचरितमानस पाठ की विधि को बताया। उसके उपरांत राजकीय संस्कृत महाविद्यालय तुंगेश, शिमला के प्राचार्य डॉ. रमेश शर्मा ने ज्योतिष के गणित एवं फलित पक्ष को समझाया। उन्होंने पंचांग विज्ञान, मूहूर्त निकालना कुंडली निर्माण विधि को समझाया। इसी दिन सायंकाल डॉ. रमेश ने फलित ज्योतिष से संबंधित प्रशिक्षुओं की समस्याओं का समाधान भी किया। अंतिम सत्र में आचार्य जगतप्रसाद शास्त्री ने सामान्य व्यवहार तथा पुरोहित के कर्मसिद्धांत के विषय को बताया। इस शिविर के अंतिम दिन प्रातः सत्र में आचार्य महेश्वरदत्त शर्मा ने वैदिक मंत्र का सस्वर वाचन सिखलाया। इसके उपरांत उन्होंने पुरुष सूक्त एवं श्रीसूक्त का वाचन सिखाकर घनपाठ क्रम का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। समापन में प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं पूर्व अकादमी सचिव डॉ. मस्तराम शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने ज्योतिष का सामान्य ज्ञान तथा वैदिक गणित विषय को समझाया। इसमें 40 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया।

# प्रदेश में अफसरशाही पूरी तरह से बेलगाम : मेलाराम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

हिमाचल प्रदेश की अफसर शाही पूरी तरह से बेलगाम हो गई है और प्रदेश के उच्च अधिकारियों पर मुख्यमंत्री सुक्खू का कोई कंट्रोल नहीं रह गया है।



प्रदेश सरकार पर यह आरोप लगाते हुए सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने कहा कि हालही में पावर कॉर्पोरेशन के इंजीनियर विमल नेगी द्वारा उच्च अधिकारियों की प्रताड़ना के कारण की गई आत्महत्या के बाद यह साफ हो गया है कि हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार का अपने अफसरों पर कोई नियंत्रण नहीं है और ऐसा लगता है कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई संवैधानिक इकाई मानो है ही नहीं। जिला प्रवक्ता ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि इस सरकार का राज्य के अधिकारियों पर कोई कंट्रोल नहीं है और अधिकारी मनमाने ढंग से तानाशाही रवैया अपनाकर अपने विभाग चला रहे हैं। जिला प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि हालही में एसपी विजिलेंस भूपेंद्र नेगी के बयान से यह पूरी तरह साबित हो गया है कि उच्च अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को नाजायज ढंग से सरेआम प्रताड़ित कर रहे हैं और पूरे प्रदेश में प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। मेलाराम शर्मा ने कहा कि अभी उच्च अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने के बाद विमल नेगी की आत्महत्या का मामला शांत भी नहीं हुआ और दूसरी तरह एसपी विजिलेंस जैसे बड़े अधिकारी द्वारा पुलिस महकमे के ही उच्च अधिकारियों द्वारा अपने सीनियर अधिकारियों की प्रताड़ना के मामले ने हिमाचल प्रदेश में हड़कंप मचा दिया है और बेलगाम अफसरशाही पर अनेक प्रश्न पैदा कर दिए हैं।

# नेगी मौत मामले की सीबीआई से कराई जाए जांच

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन दाड़लाघाट एवं नम्होल यूनिट की मासिक बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष कमल ठाकुर ने की। अध्यक्ष प्रेम केशव ने बताया कि बैठक में मुख्य अभियंता स्वर्गीय विमल नेगी के निधन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि विमल नेगी एक ईमानदार अधिकारी थे और उनके निधन पर सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रेम केशव ने कहा कि विमल नेगी के निधन मामले में बिजली प्रबंधन और पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस मामले की जांच सीबीआई से करवाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विमल नेगी के निधन का कारण अधिकारियों की प्रताड़ना थी।

# संगड़ाह में नजर आया तेंदुआ लोगों में दहशत का माहौल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले के संगड़ाह उपमंडल में तेंदुए की मौजूदगी ने एक बार फिर लोगों को चिंता में डाल दिया है।

जानकारी के अनुसार, बीती रात संजय तोमर और विनोद कंठ जब अपनी गाड़ी से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से पुलिस थाना की ओर जा रहे थे, तो उन्होंने तेंदुए को मिनी सचिवालय के पास देखा। यह तेंदुआ संगड़ाह-रेणुकाजी-नाहन मुख्य मार्ग की ओर जाते हुए दिखाई दिया। तेंदुआ दिखने की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। संजय और विनोद ने क्षेत्रवासियों से विशेष रूप से शाम के समय सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कई बार छोटे बच्चे देर रात तक गलियों या सड़कों पर खेलते रहते हैं, जो तेंदुए के खतरे को और बढ़ा सकता है।



**रात के समय सड़क किनारे देखा गया तेंदुआ, बच्चों को सुरक्षित रखने की अपील**

### तेंदुआ कई बार पालतू पशुओं पर कर चुका हमला

**यह** पहली बार नहीं है, जब संगड़ाह क्षेत्र में तेंदुआ देखा गया हो। इससे पहले भी तेंदुआ कई बार पालतू पशुओं और कुत्तों पर हमला कर चुके हैं। 14 जनवरी, 2024 को भी बोगधार क्षेत्र में तेंदुए द्वारा एक पालतू जानवर को निशाना बनाने की घटना सामने आई थी। इन घटनाओं ने वन विभाग की सक्रियता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# नमकीन बनाने के प्रशिक्षण पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** आयोम वेलफेयर सोसायटी जो 19 वर्षों से समाजसेवा में अग्रणी है, उसने वित्तीय वर्ष 2024-25 के समापन पर सिरमौर जिले में दो अंतिम प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत की। 21 मार्च को शुरू किए गए इन कार्यक्रमों में से एक भेरेवाला में आयोजित किया गया, जहां रसायन एवं घरेलू सामग्री जैसे नमकीन आदि बनाने के प्रशिक्षण पर जोर दिया गया। वहीं, दूसरा कार्यक्रम सिंघपुरा में महिलाओं को बुनाई के कौशल से लैस करने के लिए प्रारंभ किया गया है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की अवधि 3 से 7 दिनों के बीच निर्धारित की गई है। इस पहल की शुरुआत में आयोम वेलफेयर सोसायटी के सचिव प्रेरित मानसिंह, राष्ट्रीय महिला मोर्चा की प्रमुख नितिका जिया लाल धीमान, हिमाचल प्रदेश की स्टेट प्रमुख सिमरत अरोरा, रेखा धीमान एवं हिमाचल की टीम से नवीन शर्मा और कोहली की उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रमों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित किया।

# प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने एलआर वर्मा को सौंपी कार्यकारिणी की सूची

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्रेस क्लब सिरमौर के पदाधिकारी कार्यकारी डीसी सिरमौर एलआर वर्मा से मिले। इस दौरान सिरमौर प्रेस क्लब की कार्यकारिणी में किए गए विस्तार की सूची एडीएम को सौंपी। गत दिन नवनियुक्त अध्यक्ष धर्म सिंह तोमर की अध्यक्षता में सर्किट हाउस नाहन में सिरमौर प्रेस क्लब की बैठक आयोजित की गई थी।

इसमें उन्होंने महासचिव सतीश शर्मा व बैठक में मौजूद सदस्यों के साथ विचार-विमर्श के बाद कार्यकारिणी का विस्तार किया। समय के अभाव के कारण उस दिन कार्यकारिणी के विस्तार की सूची नहीं सौंपी जा सकी इसलिए यह सूची सदस्यों द्वारा एलआर वर्मा को सौंपी गई। इस मौके पर महासचिव सतीश शर्मा, सलाहकार जितेंद्र ठाकुर, डॉ. रमेश पहाड़िया और कोषाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा मौजूद रहे। एडीएम को सौंपी गई कार्यकारिणी की सूची में सर्वसम्मति से एसआर पुंडीर, एसपी जैरथ और अरुण साथी को मुख्य सलाहकार, जितेंद्र ठाकुर, चंद्र ठाकुर और डॉ. रमेश पहाड़िया को सलाहकार बनाया गया। दीपक पंवार, नरेश पाबूच और राजेश राही को वरिष्ठ उपाध्यक्ष जबकि प्रवीण शर्मा, सुभाष शर्मा, दलीप सिंह और पंकज तन्हा को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा देवेंद्र वर्मा को कोषाध्यक्ष, संजीव कपूर को कानूनी सलाहकार, चमेल देसाई और अजय धीमान को प्रेस सचिव, जबकि वकील रमौल, संध्या कश्यप, पंकज जसवाल, विनोद चंदोला, शुभांगी सिंह, प्रदीप कल्याण, हेमंत कंवर, राकेश थापा, सोनल ठाकुर, अंकिता नेगी, बबीता शर्मा, लाल सिंह, राजीव सोडा और संजय सिंह समेत 14 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है।

**एसआर पुंडीर, एसपी जैरथ और अरुण साथी बने मुख्य सलाहकार**

प्रेस क्लब के अध्यक्ष और महासचिव ने संयुक्त बयान में कहा कि जल्द ही कार्यकारिणी की बैठक बुलाई जाएगी, जिसके बाद अप्रैल माह में सिरमौर प्रेस क्लब का जनरल हाउस होगा।

**पत्रकार वार्ता** मनोज तिवारी और जयराम ठाकुर ने हिमाचल व बिहार के आपसी सहयोग की प्रशंसा की

# हिमाचल ने बिहार के लोगों का रोजगार देकर रखा ख्याल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

सांसद मनोज तिवारी और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने नालागढ़ में संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।



इस अवसर पर दोनों नेताओं ने बिहार दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और हिमाचल व बिहार के आपसी सहयोग की प्रशंसा की। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि बिहार दिवस के उपलक्ष्य में 22 से 30 मार्च तक बिहार के 35 नेता देश के विभिन्न राज्यों में प्रवास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान सभी राज्यों में बिहार दिवस मनाया जा रहा है। तिवारी ने बिहार के गौरवशाली इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि हिमाचल ने बिहार के लोगों को रोजगार और सम्मान देकर उनका ख्याल रखा है, जिससे दोनों राज्यों के बीच आपसी प्रेम बढ़ा है। उन्होंने बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख किया और कहा कि राज्य में एयरपोर्ट की संख्या भी बढ़ी है। तिवारी ने बिहारवासियों से अपील की कि वे विधानसभा, लोकसभा और नगर निगम चुनावों में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें। दिल्ली का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां एक नेता के दावे के बावजूद भाजपा ने सरकार बनाई, जो लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है। नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है, इसमें राजनीति नहीं है। वहीं, जयराम ठाकुर ने कहा कि बिहार दिवस 22 मार्च से लगातार मनाया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बिहार की प्रगति की सराहना की और कहा कि बिहार ने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ठाकुर ने हिमाचल की तरक्की में बिहार के लोगों के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र एशिया का सबसे बड़ा फार्मा हब बनकर उभरा है, जिसमें बिहार के मजदूरों और श्रमिकों की मेहनत शामिल है। मोदी के कार्यकाल में बिहार का बजट हजारों करोड़ से बढ़कर लाखों करोड़ तक पहुंचा है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री को जाता है। दोनों नेताओं ने इस मौके पर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया और हिमाचल-बिहार के सहयोग को देश के लिए मिसाल बताया।

## एनडीए सरकार हर वर्ग के लिए कर रही कार्य

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन जिले के परवाणू में भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश द्वारा बिहार दिवस-2025 एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वहीं, संगठन महामंत्री सिद्धार्थ विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता एवं सांसद मनोज तिवारी भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार के नेतृत्व में बिहार और देश में विकास लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल रोजगार के लिए आए बिहार के लोग हिमाचल को संवारने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हर वर्ग लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी अपने विचार रखे। परवाणू-बद्दी-नालागढ़ में पूर्वांचल के प्रवासी लोगों की संख्या बहुत अधिक है। वह पूर्वांचल से आकर बद्दी नालागढ़ और परवाणू में काम कर रहे हैं, उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# बुरांश के फूलों से महकी पच्छाद, राजगढ़ की वादियां



**अनंत ज्ञान, सराहां**

पच्छाद व राजगढ़ क्षेत्र के जंगलों में प्राकृतिक रूप से उगने वाला बुरांश का फूल स्थानीय लोगों के लिए आय का साधन बना है। यहां काबिले जिक्र है कि यहां इन दिनों जंगलों में प्राकृतिक रूप से उगे बुरांश के पेड़ों में लाल रंग का फूल खिला हुआ है।

लाल रंग का यह फूल ओषधियों गुणों से भरपूर है। इन दिनों यह फूल काफी मात्रा में खिला हुआ है व लोगों के लिए आय का साधन बना हुआ है क्योंकि इससे यहां बागवानी विभाग द्वारा स्थापित फल विधायन केंद्र में इसका स्क्वैश तैयार किया जाता है। इस स्क्वैश कि मार्केट में काफी डिमांड है क्योंकि बुरांश का यह फूल जंगलों में प्राकृतिक रूप से उगने वाला पूरी तरह से आर्गेनिक होता है। इससे बनने वाला स्क्वैश भी पूरी तरह से आर्गेनिक होता है। इसके साथ-साथ औषधीय गुणों से भी भरपूर होता है इसलिए इसकी मार्केट में काफी मांग रहती है। यहां क्षेत्र के लोग जंगलों से इन फूलों को एकत्र कर लाते हैं और बागवानी विभाग के फल विधायन केंद्र में लाकर बेचते हैं, जिससे उन्हें अच्छी आय प्राप्त होती है फल विधायन केंद्र के कनिष्ठ सहायक जगदीश ठाकुर के अनुसार यहां फल विधायन केंद्र में 28 रुपए प्रति किलो के हिसाब से लगभग 3 हजार क्विंटल बुरांश का फूल स्थानीय लोगों से खरीदा गया। इसका स्क्वैश तैयार किया जा रहा है। यहां फूलों को पहले साफ किया जाता है फिर इसका वैज्ञानिक विधि से स्क्वैश तैयार किया जाता है और इसकी मार्केट में काफी डिमांड रहती है। स्थानीय लोगों को भी इसका काफी आर्थिक लाभ होता है।




# किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है सरकार : मुख्यमंत्री सैनी

## घरौंडा के इंडो-इसरायल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में की होस्टल बनवाने की घोषणा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों की आय बढ़ाने के प्रति गंभीर है। किसानों के हित में अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। इस साल कृषि बजट में 19.2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं को इसरायल भेजा जाएगा ताकि वे कृषि संबंधी नई तकनीकों से अवगत हो सकें। उन्होंने घरौंडा के इंडो-इजरायल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में होस्टल और सेमिनार हॉल बनवाने की घोषणा की और 74 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने शहीदी दिवस पर क्रांतिकारी वीर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत पर उन्हें नमन किया। साथ ही 'हरियाणा बागवानी' पत्रिका का विमोचन किया व किसानों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री आज घरौंडा के इंडो-इजरायल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय 11वें मेगा सब्जी एक्सपो 2025 के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि किसान हरियाणा की शान हैं। किसानों ने परंपरागत फसल चक्र से निकलकर फलों व सब्जियों की खेती तथा मधुमक्खी पालन में नवाचार व आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाकर एक मिसाल कायम की है। मेगा सब्जी एक्सपो-2025 हमारे किसानों के लिए कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने का महत्वपूर्ण मंच है। इस तीन दिवसीय एक्सपो में किसानों को बागवानी, सब्जी उत्पादन और मधुमक्खी पालन से जुड़ी नई तकनीकों, उन्नत किस्मों और आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी मिलने के साथ-साथ कई समस्याओं का समाधान मिला है और नई संभावनाओं के बारे में भी पता चला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसान हितैषी है। किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए हरियाणा के बजट 2025-26 में कृषि के बजट में 19.2 प्रतिशत बढ़ोतरी की है।

# पंजाब के सीएम को मिला नया प्रधान सचिव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को नया प्रधान सचिव मिल गया है। पंजाब सरकार ने 2006 बैच के आईएएस अधिकारी रवि भगत को पंजाब के मुख्यमंत्री का प्रिंसिपल सेक्रेटरी नियुक्त किया है। अभी तक रवि भगत सीएम भगवंत मान के स्पेशल प्रिंसिपल सेक्रेटरी के रूप में काम कर रहे थे। रवि भगत से पहले एडीजीपी गौरव यादव सीएम मान के स्पेशल प्रिंसिपल सेक्रेटरी थे। गौरव यादव 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने सीएम मान के पदभार संभालने के तुरंत बाद यह जिम्मेदारी ली थी। रवि भगत की पदोन्नति राज्य के प्रशासनिक फेरबदल के तहत हुई है। भगत की शैक्षणिक योग्यता भी काफी प्रभावशाली है। उन्होंने जियो पॉलिटिक्स में एम फिल किया है और इसके अलावा रिजनल डेवलपमेंट में एमए, पब्लिक पॉलिसी में एमए और पब्लिक पॉलिसी एंड मैनेजमेंट में एमएससी की डिग्री हासिल की है। रवि भगत की पढ़ाई पंजाब के जालंधर यूनिवर्सिटी से हुई है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के कार्यकाल के दौरान अब तक तीन प्रधान सचिव बदले जा चुके हैं।

# भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीदी दिवस पर करवाई संगोष्ठी




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

गांधी स्मारक निधि (पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश) पट्टी कल्याणा, जिला पानीपत (हरियाणा) द्वारा संचालित गांधी स्मारक भवन के सेक्टर 16 स्थित स्थानीय कार्यालय में अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीदी दिवस पर एक साहित्यिक संगोष्ठी आयोजित की गई।

इस संगोष्ठी का आयोजन गांधी स्मारक भवन और चंडीगढ़ वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसकी अध्यक्षता चंडीगढ़ वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के प्रधान एससी अग्रवाल ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष तथा माननीय राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित सुदेश शर्मा ने की। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता न्यायिक सदस्य, हरियाणा विश्व गुरुद्वारा न्यायिक आयोग तथा पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता जसमीत सिंह बेदी थे। संगोष्ठी के आयोजन में गांधी स्मारक भवन की सलाहकार रंजना गोयल, कार्यालय कर्मी संजू, सपना, राजू और अखिलेश का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें आशुतोष, नेहा, गिरवर शर्मा, सुनीता वर्मा, सुरेश वर्मा प्रमुख थे। मंच संचालन गांधी स्मारक निधि के ट्रस्टी राजेश आत्रेय ने किया। संगोष्ठी में सर्वप्रथम सभी उपस्थितों ने वीर स्वतंत्रता सैनानी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात वरिष्ठ नागरिक आशा शर्मा ने पंजाबी गीत 'जदों वीर भगत सिंह साहिब नूं दित्ता फांसी दा हुकम सुना' पेश कर सभी दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### रोजाना करें व्यायाम, पौष्टिक आहार खाएं : धामी



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को एथलैक्टिस ग्राउण्ड, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून में राज्य सरकार ( सेवा, सुशासन और विकास ) के 3 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर फिट इण्डिया रन का फ्लैग ऑफ किया। खिलाड़ियों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री ने पुश-अप्स लगाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं उन्हें फिट रहने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर, उन्हें फिट इंडिया की शपथ भी दिलवाई। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड युवा कल्याण विभाग के सहयोग से चलाए जा रहे ड्रोन कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले युवाओं को ड्रोन भी वितरित किए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज राज्य सरकार के 3 वर्ष पूरे हुए हैं। यह 3 वर्ष सेवा, सुशासन, विकास और जनहित को समर्पित रहे। उन्होंने युवाओं को देखकर अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि वो भी बचपन में अधिकांश समय शारीरिक, खेल गतिविधियां में बीतते थे। उन्होंने कहा आज जिन भी खिलाड़ियों ने देश का नाम बढ़ाया है, उनकी यात्रा असाधारण परिस्थितियों में शुरू हुई। उन्होंने युवाओं से जीवन में अपने सपनों के प्रति पक्की इच्छाशक्ति और विकल्प रहित संकल्प रखने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों खासकर युवाओं से रोजाना आधा घंटा व्यायाम करने, पौष्टिक आहार ग्रहण करने एवं नशे से दूर रहने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा सभी युवाओं ने मिलकर उत्तराखंड का अभिमान बढ़ाना है। आम नागरिक की फिटनेस ही उत्तराखंड राज्य की ताकत है। उन्होंने कहा हम सबने मिलकर फिटनेस को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना है। उन्होंने सभी से स्वयं को फीट रखने एवं अपने आसपास के लोगों को भी स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, विशेष प्रमुख सचिव श्री अमित सिन्हा, निदेशक खेल श्री प्रशांत आर्य, संयुक्त निदेशक श्री अजय अग्रवाल, जिला अधिकारी देहरादून श्री सविन बंसल, एसएसपी अजय सिंह, राजेश ममगाई एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह को किया सम्मानित

**एजेंसी, चंडीगढ़**

फोर स्टेट टेंट इवेंट एंड डेकोरेटर की तरफ से जसबीर सिंह बंटी को चंडीगढ़ नगर निगम में सीनियर डिप्टी मेयर बनने पर धर्मशाला में सम्मानित किया गया। इस मौके पर फोर स्टेट टेंट इवेंट एंड डेकोरेटर के पैटर्न पंजाब प्रधान एसएस मक्कड़ ने जसबीर सिंह बंटी को दरबार साहिब का सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया। हिमाचल टेंट डीलर संगठन की तरफ से उन्हें हिमाचली टोपी भी सम्मान स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। फोर स्टेट टेंट इवेंट एंड डेकोरेटर के कन्वीनर संदीप महाजन ने खुशी प्रकट करते हुए बताया कि ऑल इंडिया टेंट डीलर एसोसिएशन के लिए बहुत सम्मान की बात है कि हमारा भाई चंडीगढ़ नगर निगम सीनियर डिप्टी मेयर बना है और हम आशा करते हैं कि वह शहर की बेहतरी के लिए खूब काम करेंगे और आपसी भाईचारे को और अधिक मजबूत करेंगे। इस मौके पर चंडीगढ़ टेंट डीलर समिति के जनरल सेक्रेटरी अमनदीप सिंह ने चारों राज्यों के प्रधान कन्वेनिएंट का धन्यवाद किया। वहीं, जम्मू के प्रधान बॉबी कटियाल, अमृतसर के प्रधान हैप्पी नरूला, हिमाचल के प्रधान अशोक पुरी ,अमरजीत सिंह, शिव शंकर राय गुरमीत सिंह अमित गुप्ता विवेक सरीन ने भी उन्हें मुबारकबाद दी।

# डॉक्टर मारवाह ने 75 वर्षीय महिला मरीज को 5 मिनट में किया ठीक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर-21 चंडीगढ़ में 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला जो काफी दिनों से एलोपैथिक और होम्योपैथिक की काफी दवाइयां खा रही थीं, लेकिन आराम नहीं मिल रहा था। किसी ने उसको बताया कि उनके घर के सामने एक डॉक्टर रहते हैं, अस्पताल में एडमिट करने से पहले एक बार माता को डॉक्टर साहब को दिखा देते हैं। डॉक्टर ने एक्यूपंचर विधि की ओर से माता का इलाज शुरू किया ओर 5 से 7 मिनट के अंदर वह होश में आ गईं और एकदम तंदुरुस्त हो गई। यह खबर सुनते ही 'अनंत ज्ञान' की टीम उस बुजुर्ग महिला से मिली और बात की, तो उन्होंने बताया कि मैं काफी समय से बीमार हूं। उन्होंने बताया कि जिन्होंने मेरा इलाज किया वह मेरे घर के सामने ही रहते हैं, तो बड़ी खुश हुई। जब 'अनंत ज्ञान' की टीम डॉक्टर मरवाह से मिली तो उन्होंने बताया कि क्यूपंक्चर एक प्राचीन चीनी चिकित्सा पद्धति है, जिसमें शरीर के विशिष्ट बिंदुओं (एक्यूपंक्चर प्वॉइंट्स) पर पतली सुइयां लगाकर ऊर्जा प्रवाह को संतुलित कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है। मरीज से हुई बात का पूरा इंटरव्यू आप हमारे अनंत ज्ञान के डिजिटल चैनल पर भी देख सकते हैं।

# त्रिवेणी महोत्सव में राज्यपाल कटारिया ने की हिमाचली टोपी की प्रशंसा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



आज हिमाचल महासभा (रजि.) चंडीगढ़ व विश्व हिंदू परिषद चंडीगढ़ महानगर के संयुक्त तत्वावधान में ला भवन सैक्टर 37 चंडीगढ़ में स्नातन त्रिवेणी महोत्सव मनाया गया, जिसमें बतौर महामहिम गुलाब चंद कटारिया माननीय राज्यपाल पंजाब एवं प्रशासक चण्डीगढ़ ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण षष्ठपीठाधिश्वर परम पूजनीय मो. 108 श्री द्वारकेश लाल जी महाराज ने अपने अमृत वचनों से अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजन कर्ता माननीय अरविंद मौदगील अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद चंडीगढ़ महानगर एवं वरिष्ठ स्थायी अधिवक्ता चंडीगढ़ प्रशासन के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ट्राइसिटी के लगभग 800 लोगों ने परिवार सहित शिरक्त की। कार्यक्रम के दौरान हिमाचल कि शान हिमाचली टोपी का भी जिक्र हुआ। अंत में आए सभी मेहमानों ने विशेष तौर पर हिमाचली रसोइयों द्वारा तैयार हिमाचल कि आन बान शान हिमाचली धाम का लुत्फ उठाया। प्रिथी सिंह प्रजापति अध्यक्ष हिमाचल महासभा चंडीगढ़ ने कार्यक्रम को सुचारु रूप से गतिमान करने के लिए विश्व हिंदू परिषद का धन्यवाद दिया।

### पाक के बलूचिस्तान में हमले, आठ की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने अलग-अलग घटनाओं में चार पुलिसकर्मियों और चार मजदूरों को मौत के घाट उतार दिया। नोश्की शहर के गरीबाबाद इलाके में शनिवार को पहली घटना हुई जहां गश्त कर रहे पुलिस दल पर मोटरसाइकिल सवार हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी कर दी, जिसमें चार पुलिसकर्मी मारे गए। वहीं, कलात के मंगोचर शहर के मलंगजई इलाके में दूसरा हमला हुआ, जिसमें पंजाब प्रांत के चार मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी हाशिम खान ने मीडिया को बताया कि पुलिसकर्मियों के शवों को अस्पताल भेज दिया गया है तथा पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश में अभियान शुरू कर दिया है।

### पीएम मोदी और राहुल ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** शहीद दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट की कि आज पूरा देश भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है। स्वतंत्रता और न्याय के लिए उनका निडर प्रयास हम सभी को प्रेरित करता है। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लिखा कि 'शहीद-ए-आज़म सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जी के शहीद दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। अन्याय और अत्याचार के खिलाफ उनका निडर संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान हर भारतीय के लिए एक मिसाल है।

### भारत लाया जाएगा भगोड़ा हीरा कारोबारी मेहुल



**नई दिल्ली।** गीतांजलि जेम्स के मालिक और 13,850 करोड़ रुपए के बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ बेल्जियम में रह रहा है। पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के बाद 2018 में भारत से एंटीगुआ-बारबुडा भाग गया था। चोकसी को भारत लाने के लिए अधिकारियों ने बेल्जियम सरकार से प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है और जल्द भारत लाया जाएगा। इससे पहले चोकसी ने पासपोर्ट सस्पेंड होने के कारण भारत नहीं लौट पाने का बहाना बनाया था।

### दक्षिण कोरिया में जंगलों की आग, इमरजेंसी घोषित



**दक्षिण कोरिया।** दक्षिण कोरिया में कई जंगलों में आग लगी हुई है, जिससे चार लोगों की जान चली गई है, जबकि हजारों लोग अपने घरों से बेघर हुए हैं। ऐसे में दक्षिण कोरिया ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। कोरिया फॉरेस्ट सर्विस ने कहा कि इस आग के चलते 847 हेक्टेयर जंगल नष्ट हो गए हैं, जबकि इलाके से 260 रेजिडेंट्स को यहां से सुरक्षित निकाला गया है

## देश-विदेश

### तुर्किये कोर्ट ने इस्तांबुल के मेयर को भेजा जेल

**अंकारा।** भ्रष्टाचार और आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप में हिरासत में कैद इस्तांबुल मेयर एक्रेम इमामोग्लू को रविवार को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया। इमामोग्लू को तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन का प्रतिद्वंदी माना जाता है और साल 2028 के चुनाव में इमामोग्लू ही एर्दोआन को चुनौती दे सकते हैं।

इमामोग्लू और कई अन्य विपक्षी नेताओं को हाल ही में हिरासत में लिया गया था।

विपक्ष का आरोप है कि राष्ट्रपति एर्दोआन ने अपने विरोधियों को दबाने के लिए यह कदम उठाया है।

# गाजा में इसराइल के हमले, 19 फिलिस्तीनी मारे गए

**एजेंसी, गाजा**

**दक्षिणी** गाजा पट्टी में इसराइली हमलों में हमास के एक बड़े नेता समेत कम से कम 19 फिलिस्तीनी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने इसराइल पर एक और मिसाइल दागी, जिससे हवाई हमले के सायरन बजने लगे। इसराइली सेना ने कहा कि मिसाइल को बीच में ही मार गिराया गया और इससे जान-माल का किसी प्रकार का नुकसान होने की जानकारी नहीं है। दक्षिणी गाजा के दो अस्पतालों ने बताया कि रातभर हुए हमलों में मारे गए बच्चों एवं महिलाओं समेत 17 लोगों के शव अस्पताल लाए गए हैं।



### एयरस्ट्राइक में हमास के नेता सलाह अल बरदावील की मौत

इसराइल की एयरस्ट्राइक में हमास के नेता सलाह अल बरदावील की मौत हो गई। उनकी उनकी पत्नी की मौत हो गई है। हमास ने पुष्टि की है। हमला दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में हुआ था। इसराइल ने शनिवार रात लेबनान में कई जगहों पर हवाई हमले किए। इन हमलों में 7 लोगों की मौत हो गई है। इसराइल ने यह हमला लेबनान से दागे गए रॉकेट के जवाब में किया। पिछले 4 महीने से हिजबुल्लाह के साथ जारी सीजफायर के बाद इसराइल का यह पहला बड़ा हमला था।

### हूती पर कहर बनकर टूटा अमेरिका, यमन के हवाई अड्डे पर एयरस्ट्राइक

**दोहा।** अमेरिका ने यमन के होदेइदाह शहर में हवाई अड्डे पर तीन हमले किए हैं। अमेरिकी सेना ने सादा के उत्तरी प्रांत के सहर और किताफ जिलों पर बमबारी की और मारिब के मध्य प्रांत पर पांच हवाई हमले किए। अमेरिकी सेना ने मारिब के माज्जर जिले को निशाना बनाकर पांच हवाई हमले किए। इस हमले में हूती नौसेना बल के कमांडर मंसूर अल-सादी घायल हो गया है। ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि जब तक हूती विद्रोही अहम समुद्री गलियारे पर आने-जाने वाले मालवाहक पोतों पर अपने हमले बंद नहीं कर देते, तब तक वह 'पूरी ताकत से' हमले जारी रखेंगे।

### दक्षिण अफ्रीका में विमान क्रैश, पायलट की मौत

**सालदान्हा।** दक्षिण अफ्रीका के सालदान्हा में एयर शो के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। एक एयरक्राफ्ट एयर शो के दौरान अनियंत्रित हो गया और जमीन पर गिर गया। इस घटना में पायलट की दर्दनाक मौत हो गई। सोशल मीडिया पर विमान हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा सकता है कि एयर शो के दौरान वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और एयर शो का लुत्फ उठा रहे थे। इस बीच एक पायलट ने विमान की क्षमताओं का प्रदर्शन करना शुरू किया। थोड़ी देर तक वह हवा में अपना करतब दिखाता रहा। अचानक विमान ने नियंत्रण खो दिया और तेजी से गोता लगाते हुए नीचे जा गिरा।

# पीएलआई स्कीम से तमिलनाडु को हुआ सबसे अधिक फायदा : वित्त मंत्री

**एजेंसी, चेन्नई**



**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि तमिलनाडु प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक के रूप में उभरा है। राज्य को इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर में आए प्रोजेक्ट्स में भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा प्राप्त हुआ है। चेन्नई सिटीजन फोरम के द्वारा आयोजित एक इवेंट में बोलते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने उन सभी दावों को खारिज कर दिया, जिसमें कहा जाता है कि केंद्र सरकार ने फंडिंग के मामले में तमिलनाडु की अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि राज्य में कई बड़े प्रोजेक्ट्स की घोषणा की गई है।

# सीमा शुल्क नियमों में संशोधन से आयातकों के लिए अनुपालन की लागत बढ़ेगी: जीटीआरआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत आयातित उत्पादों की जांच के लिए सीमा शुल्क नियमों में संशोधन से कंपनियों के लिए रियायती शुल्क पर आयात करना मुश्किल होगा और इससे उनकी अनुपालन की लागत भी बढ़ेगी। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को यह बात कही। हालांकि, कहा कि इस कदम से एफटीए के दुरुपयोग पर अंकुश लगेगा, क्योंकि भारत ने कई ऐसे उदाहरण देखे हैं जहां चीन जैसे गैर-एफटीए देशों से आने वाले उत्पादों को तरजीही शुल्क लाभ का फायदा उठाने के लिए वियतनाम या सिंगापुर जैसे एफटीए सदस्य देशों के माध्यम से भेजा गया है। वित्त मंत्रालय ने 18 मार्च को सीमा शुल्क नियम, 2020 में संशोधन पेश करते हुए एक अधिसूचना जारी की थी। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह बदलाव कई मौजूदा एफटीए के तहत 'टकराव' पैदा करता है, जहां निर्यातक देश की ओर से जारी मूल प्रमाणपत्र ही स्वीकार्य दस्तावेज है।

# मणिपुर में पूर्वी इंफाल में मैतेई व पंबेई संगठन के सदस्यों में झड़प

**एजेंसी, इंफाल**



**मणिपुर** के पूर्वी इंफाल जिले में मैतेई संगठन अरंबाई टेंगोल के सदस्यों और प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पंबेई) के सदस्यों के बीच झड़प हो गई। इसमें चार उग्रवादी घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि घायल हुए चार यूएनएलएफ (पंबेई) उग्रवादियों को पुलिस हिरासत में ले लिया गया। एक अस्पताल में उनका इलाज किया गया और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस ने बताया कि अरंबाई टेंगोल के लगभग 15-20 सदस्य कोंगपाल चिंगंगबाम लेइकाई में इरेंगबाम नंदकुमार सिंह (56) के रूप में पहचाने गए यूएनएलएफ के एक उग्रवादी के घर में घुस गए और इंफाल घाटी स्थित संगठन के उग्रवादियों पर हमला कर दिया। घर में मौजूद चार यूएनएलएफ (पंबेई) उग्रवादियों को लाठियों से पीटा गया।

### न्यायिक प्रणाली में लोगों का विश्वास कम हो रहा है: सिब्बल

**नई दिल्ली।** न्यायिक प्रणाली के प्रति लोगों का विश्वास कम होने का दावा करते हुए राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कहा कि विकल्प तभी मिल सकते हैं जब सरकार और न्यायपालिका दोनों यह स्वीकार करें कि न्यायाधीशों की नियुक्ति सहित मौजूदा प्रणालियां कारगर नहीं रह गई हैं। किस तरह जिला और सत्र न्यायालयों द्वारा ज्यादातर मामलों में जमानत नहीं दी जा रही है। सिब्बल ने पिछले साल इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव द्वारा दिए गए विवादास्पद बयान के मुद्दे का भी हवाला दिया। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर कथित रूप से भारी मात्रा में नकदी मिलने के मामले पर टिप्पणी करने से परहेज किया।

# सुकमा में माओवादियों के ठिकाने से हथियार व विस्फोटक बरामद



**एजेंसी, सुकमा**

**छत्तीसगढ़** के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने दो अलग-अलग माओवादियों के ठिकाने मरकनगुड़ा और मेटागुड़ा जंगल की पहाड़ी से भारी मात्रा में डंप बंदूक आदि हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद किया है। यह कैंप दुलेड अंतर्गत मरकनगुड़ा के जंगल पहाड़ी क्षेत्र से नक्सलियों के छिपाए हुए छह भरमार बंदूक हथियार, बीजीएल सेल व भारी मात्रा में विस्फोटक सहित अन्य सामाग्री की बरामदगी हुई है।

सुक्रमा की एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि सुकमा जिले के नक्सल उन्मूलन अभियान तहत नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शनिवार को जिला पुलिस बल, सुरक्षाबलों व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग के लिए थाना चिंतागुफा अंतर्गत दुलेड कैम्प के मरकनगुड़ा जंगल क्षेत्र में रवाना हुई थी।

### कनाडा के पीएम कार्नी संसद में शामिल होने के लिए ओटावा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे

टोरंटो। कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी पहली बार संसद सदस्य बनने के लिए ओटावा क्षेत्र के एक जिले से चुनाव लड़ेंगे। 'लिबरल पार्टी' ने यह घोषणा की। कार्नी देश में मध्यावधि आम चुनाव की घोषणा करेंगे, जिसके लिए मतदान 28 अप्रैल को होने की संभावना है। यह चुनाव अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से पैदा किए गए संप्रभुता को खतरे और व्यापार युद्ध की आशंका की पृष्ठभूमि में होगा।

'लिबरल पार्टी' ने कहा कि कार्नी ओटावा के उपनगरीय क्षेत्र नेपियन का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनाव लड़ेंगे। ओटावा वह जगह है जहां कार्नी ने अपने परिवार का पालन-पोषण किया और अपना करियर सार्वजनिक सेवा के लिए समर्पित किया।

# जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में भीषण सड़क हादसा, 4 की मौत



**एजेंसी, श्रीनगर**

**जम्मू**-कश्मीर के गांदरबल जिले में श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर रविवार को एक बस और टैक्सी की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हादसा गुंड इलाके में हुआ और दोनों वाहनों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में 21 लोग घायल हुए, जिनमें से चार की मौत हो गई और 17 अन्य का इलाज जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि हादसे की चपेट में आए लोग मध्यप्रदेश के पंजीकरण नंबर वाली टैक्सी में यात्रा कर रहे थे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### शार्दुल ठाकुर चोटिल मोहसिन खान की जगह लखनऊ की टीम में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नीलामी में नहीं बिकने वाले भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वापसी के लिए तैयार हैं और लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ने उन्हें चोटिल मोहसिन खान के स्थान पर टीम में शामिल किया है। नए कप्तान ऋषभ पंत के नेतृत्व में एलएसजी सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। आईपीएल में बयान में कहा, ''लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान की जगह शार्दुल ठाकुर को अपनी टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने ठाकुर को दो करोड़ रुपए के आधार मूल्य में अपनी टीम से जोड़ा है।''



### प्रियंका गोस्वामी ने स्लोवाकिया में 35 किमी स्पर्धा का बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने स्लोवाकिया के डुडिंस में डुडिंस्का 50 प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं की 35 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। प्रियंका ने शनिवार को आयोजित की गई इस गोल्ड लेवल की प्रतियोगिता में दो घंटे 56 मिनट 34 सेकेंड का समय निकाला और 11वें स्थान पर रही। उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3.13.19 था। इस बीच राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक आकाशदीप सिंह पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में 1.24.13 के समय के साथ छठे स्थान पर रहे।




### आईजीयू जूनियर स्तर पर 'सिक्सेज' प्रारूप में प्रतियोगिता करेगा शुरू

**एजेंसी, गुरुग्राम।** छह राज्यों के युवा गोल्फ खिलाड़ी सोमवार को यहां डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में छह-होल वाली गोल्फ 'सिक्सेस जूनियर' टूर्नामेंट में भाग लेंगे, जिसका उद्देश्य इस खेल को टी-20 और टी-10 क्रिकेट की तरह अधिक गतिशील बनाना है। विश्व गोल्फ नियम नियामक संस्था 'द आरएंडए' के साथ साझेदारी में आयोजित गोल्फ सिक्स को युवा खिलाड़ियों के लिए खेल को अधिक गतिशील, सुलभ और आकर्षक बनाने के लिए तैयार किया गया है। इस टीम आधारित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को छह होल के खेल में अपना कौशल दिखाना होगा। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) के अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह ने इस प्रारूप को लेकर विश्वास व्यक्त किया कि नया प्रारूप युवा पीढ़ी के बीच गोल्फ की लोकप्रियता बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, ''हमें इससे सफलता की उम्मीद है। जिस तरह टी20 ने खेल को छोटा करके और इसे अधिक गतिशील और दर्शकों के अनुकूल बनाकर क्रिकेट में क्रांति ला दी, गोल्फ का यह नया प्रारूप भी ऐसा कर सकता है।'' उन्होंने कहा, ''यह खेल को अधिक रोमांचक और आकर्षक अनुभव में बदलने की क्षमता रखता है। इसमें नई पीढ़ी कम समय में खेल के रोमांच का आनंद ले सकती है।

### लॉरेन बेल खूबसूरत अंदाज में

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की दिग्गज खिलाड़ी लॉरेन बेल अपनी टीम की शान हैं और साथ ही अपनी खूबसूरती को लेकर भी चर्चा में रहती हैं।



### आरसीबी की टीम में क्रुणाल पांड्या शानदार पसंद : मैथ्यू हेडन

**एजेंसी, कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए चुनी गई टीम में कुछ खास है और उन्होंने भारतीय ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या के चयन को शानदार पसंद करार दिया। आरसीबी ने आईपीएल के वर्तमान सत्र के अपने पहले मैच में शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को सात विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। क्रुणाल पांड्या ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि फिल साल्ट (56), विराट कोहली (59) और कप्तान रजत पाटीदार (34) ने उपयोगी पारियां खेली। हेडन ने कहा, ''नए कप्तान के रूप में रजत पाटीदार के लिए यह एक जोरदार और महत्वपूर्ण जीत थी। विराट कोहली के शानदार फॉर्म में होने से निश्चित रूप से मदद मिलती है।'' उन्होंने कहा, ''उनकी गेंदबाजी लाइनअप मजबूत दिख रही है। क्रुणाल पंड्या ने बीच के ओवरों में उपयोगी गेंदबाजी की, जबकि जोश हेजलवुड ने वह किया जो वह सबसे अच्छा करते हैं। मैं जब आरसीबी की इस टीम को देखता हूं तो मुझे लगता है कि इस बार इस टीम में कुछ खास है।'' हेडन ने कहा कि पांड्या की गेंद की गति बदलने और स्टंप्स पर हमला करने की क्षमता इस बाएं हाथ के स्पिनर के लिए काम आई। उन्होंने कहा, ''वह शानदार पसंद है। वह चतुर गेंदबाज है। उनकी गति में बदलाव करने और विकेट को निशाना बनाने की क्षमता उत्कृष्ट है।''



# हैदराबाद ने राजस्थान को 44 रनों से हराया

## ईशान किशन ने शतक तो ट्रेविस हेड ने लगाई फिफ्टी



ईशान किशन 106/47



ट्रैविस हेड 67/31

**एजेंसी, हैरदाबाद**

सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल-18 में जीत से शुरुआत की है। टीम ने रविवार के पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 44 रन से हराया। हैदराबाद ने अपने होम ग्राउंड में 286 रन का स्कोर बनाया। फिर राजस्थान को 242 रन के स्कोर पर रोक दिया। सिमरजीत सिंह और हर्षल पटेल ने 2-2 विकेट झटके। हैदराबाद ने लीग के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया।

राजस्थान की ओर से ध्रुव जुरेल ने 70 रन और संजू सैमसन ने 67 रन की पारियां खेलीं। फिर शिमरोन हेटमायर (42 रन) और शुभम दुबे (34 रन) ने फिफ्टी पार्टनरशिप करके स्कोर 200 पार पहुंचाया, लेकिन टीम को जिता नहीं सके। हैदराबाद की ओर से ईशान किशन ने 106 रन बनाए, उन्होंने 45 बॉल पर अपने आईपीएल करियर का पहला शतक लगाया। ट्रैविस हेड ने 67, हेनरिक क्लासन ने 34, नीतीश रेड्डी ने 30 और अभिषेक शर्मा ने 24 रन बनाए। राजस्थान से तुषार देशपांडे ने 3 और महीश तीक्षणा ने 2 विकेट लिए। ईशान किशन प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक क. जायसवाल ब. तीक्षणा | 24 | 11 | 5/0 |
| हेड क. हेटमायर ब. देशपांडे | 67 | 31 | 9/3 |
| इशान (नाबाद) | 106 | 47 | 11/6 |
| रेड्डी क. जायसवाल ब. तीक्षणा | 30 | 15 | 4/1 |
| क्लासेन क. पराग ब. संदीप | 34 | 14 | 5/1 |
| अनिकेत क. आर्चर ब. देशपांडे | 07 | 03 | 0/1 |
| मनोहर क. पराग ब. देशपांडे | 00 | 01 | 0/0 |
| पेट कमिंस (नाबाद) | 00 | 01 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 18 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | 286/6 | | |

**विकेट पतन :** 1-45, 2-130, 3-202, 4-258, 5-279, 6-279.

**गेंदबाजी :** फारूकी 3-0-49-0, तीक्षणा 4-0-52-2, आर्चर 4-0-76-0, संदीप 4-0-51-1, राणा 1-0-9-0, देशपांडे 4-0-44-3.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल क. मनोहर ब. सिमरजीत | 01 | 05 | 0/0 |
| सैमसन क. क्लासेन ब. पटेल | 66 | 37 | 7/4 |
| पराग क. कमिंस ब. सिमरजीत | 04 | 02 | 1/0 |
| राणा क. कमिंस ब. शमी | 11 | 08 | 2/0 |
| जुरेल क. किशन ब. जम्पा | 70 | 35 | 5/6 |
| हेटमायर क. मनोहर ब. पटेल | 42 | 23 | 1/4 |
| दुबे (नाबाद) | 34 | 11 | 1/4 |
| आर्चर (नाबाद) | 01 | 01 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 13 | | |
| **कुल : (50 ओवर)** | 00/10 | | |

**विकेट पतन :** 1-20, 2-24, 3-50, 4-161, 5-161, 6-241.

**गेंदबाजी :** शमी 3-0-33-1, सिमरजीत 3-0-46-2, कमिंस 4-0-60-0, अभिषेक 2-0-17-0, जम्पा 4-0-48-1, पटेल 4-0-34-2.

# अगर कप्तानी की पेशकश हुई तो विचार करूंगा : रबाडा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा का कहना है कि अगर क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) उन्हें राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की पेशकश करता है तो वह इस पर गंभीरता से विचार करेंगे क्योंकि वह कई भूमिकाएं निभाने के खिलाफ नहीं है। आधुनिक समय के महान तेज गेंदबाजों की तिकड़ी में जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस के साथ रबाडा तीसरे गेंदबाज हैं। इनमें से कमिंस नियमित ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हैं, जबकि बुमराह भारत के लिए टेस्ट और टी20अंतरराष्ट्रीय में अस्थायी कप्तान रहे हैं।



रबाडा को अगर मौका मिलता है तो वह भी इस भूमिका में उनके साथ जुड़ना चाहते हैं इसलिए 29 वर्षीय यह खिलाड़ी इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए जरूरी मानसिक बदलाव के बारे में सोच रहा है। रबाडा ने कहा, ''मुझसे यह सवाल कई बार पूछा गया है। और इसने मुझे इस पर विचार करने के लिए मजबूर किया है। मुझे लगता है कि इसके लिए मेरी ओर से कुछ परिपक्वता की आवश्यकता होगी, लेकिन अगर क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका या किसी कोच द्वारा मुझसे यह सवाल पूछा जाता है तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा।''

उन्होंने कहा, ''और मैं पहले से ही सोच रहा था कि इसमें किस तरह का बदलाव होगा क्योंकि अब आप केवल अपने आप पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकते क्योंकि तब आपको हर किसी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। और सिर्फ मैदान पर ही नहीं बल्कि मैदान के बाहर भी।'' रबाडा ने कहा, ''मुझे लगता है कि इसके लिए निश्चित रूप से परिपक्कता की आवश्यकता होगी और इसके लिए बहुत सारी योजना बनानी होगी। इसलिए, अगर मुझसे यह सवाल पूछा जाता है तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा।''

# मुझ पर दबाव था, लेकिन कोहली और गेंदबाजों ने इसे कर दिया कम : पाटीदार

**एजेंसी, कोलकाता**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि मैच से पहले उन पर कुछ दबाव था, लेकिन दिग्गज विराट कोहली से समर्थन मिलने और गेंदबाजों के टीम की रणनीतियों पर टिके रहने के बाद यह दबाव कम हो गया।



पाटीदार ने आरसीबी कप्तान के रूप में अपने कार्यकाल की शानदार शुरुआत की और शनिवार को यहां आईपीएल 2025 के शुरुआती मैच में अपनी टीम को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर सात विकेट से जीत दिलाई। पाटीदार ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, ''मेरे ऊपर दबाव था, लेकिन यह मेरे लिए अच्छा दिन था। उम्मीद है कि ऐसे और दिन आएंगे। विराट कोहली के कप्तान तौर पर खेलना बहुत अच्छा लगता है। वह काफी समर्थन करते हैं, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक से सीखने का यह एक शानदार मौका है।''

पाटीदार ने स्पिनर क्रुणाल पांड्या की सराहना की, जिन्हें बाद में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने बीच के ओवरों में इस वामहस्त स्पिनर के साथ लेग स्पिनर सुयश शर्मा का अच्छा इस्तेमाल किया। केकेआर ने कप्तान अजिंक्य रहाणे और सुनील नारायण की आक्रामक शतकीय साझेदारी से अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इन स्पिनरों ने बीच के ओवरों में मैच का पासा पलट दिया।

# विश्व कप क्वालीफाइंग: हॉलैंड ने दिलाई नॉर्वे को बड़ी जीत

**एजेंसी, लंदन**

स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड की अगुवाई में नॉर्वे ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग के अपने पहले मैच में मोल्दोवा को 5-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। नॉर्वे ने तीसरी और आखिरी बार 1998 में विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाई थी। हॉलैंड का जन्म इसके दो साल बाद हुआ था। इस बार हालांकि नॉर्वे को विश्व कप में जगह बनाने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है जो 2026 में अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। नॉर्वे का ग्रुप आई से शीर्ष पर रहना तय माना जा रहा है जिसके एक अन्य मैच में इज़राइल ने एस्टोनिया को 2-1 से हराया।

हॉलैंड ने मोल्दोवा के खिलाफ नॉर्वे की तरफ से दूसरा गोल किया जो 2019 में पदार्पण करने के बाद अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से 40 मैच में उनका 39वां गोल था। डॉर्टमुंड के डिफेंडर जूलियन रायर्सन ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद नॉर्वे के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की। हॉलैंड ने 23वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद थेलो असगार्ड, अलेक्जेंडर सोरलोथ और स्थानापन्न एरोन डोनम ने भी गोल किए। यूरोपीय क्वालीफाइंग के अन्य मैचों में वेल्स ने कजाकिस्तान को 3-1 से हराया। इसके अलावा ग्रुप जे में नॉर्थ मैसेडोनिया ने लिचेटेंस्टीन पर 3-0 से जीत हासिल की। चेक गणराज्य ने पैट्रिक स्किच के दो गोल की मदद से ग्रुप एल में फरो आइलैंड्स पर 2-1 से, जबकि मोंटेनेग्रो ने जिब्राल्टर पर 3-1 से जीत हासिल की।

# अजिंक्य रहाणे ने करारी हार के बाद कहा, घबराने की जरूरत नहीं

**एजेंसी, कोलकाता**

कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल के शुरुआती मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से मिली सात विकेट की करारी हार के बाद कहा कि अभी किसी भी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है। मौजूदा चैंपियन कोलकाता की टीम ने बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी। आरसीबी ने 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर दिया।



रहाणे ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' यह सत्र का हमारा पहला मैच था तथा हमारे पास कुछ ऐसे बल्लेबाज हैं जो आक्रामक होकर खेलना पसंद करते हैं। मैं कुछ खास विभाग की चर्चा नहीं करना चाहता हूं। हमने कुछ क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया। कुछ क्षेत्र ऐसे होते हैं जिनमें एक टीम और एक खिलाड़ी के रूप में सुधार की हमेशा गुंजाइश रहती है।'' उन्होंने कहा, ''हमें किसी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है। हमें अपने प्रदर्शन पर बहुत अधिक विचार करने की भी जरूरत नहीं है। गेंदबाजों के लिए यह मुश्किल प्रारूप है। हमारे गेंदबाजों ने अपनी तरफ से अच्छा प्रयास किया। वे कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मेरे लिए यह हमेशा नियंत्रण बनाए रखने से जुड़ा है।''

चोट से उबर कर वापसी करने वाले आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने चार ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए और अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पिछले साल अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण आईपीएल में नहीं खेल पाने वाले हेजलवुड ने कहा, ''मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मुझे लग रहा है कि मैंने मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। केवल चार ओवर करने से काफी मदद मिलती है।'' उन्होंने कहा,''मैंने पिछले साल दिसंबर से कोई मैच नहीं खेला था और इसलिए मैं शारीरिक और मानसिक तौर पर तरोताजा महसूस कर रहा हूं। मैंने वापसी करने के लिए कड़ी मेहनत की। उम्मीद है कि मैं आगे भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखूंगा।''

### गुवाहाटी अपने पहले टेस्ट मैच की मेजबानी के लिए तैयार : सैकिया

**एजेंसी, गुवाहाटी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के महासचिव देवजीत सैकिया ने रविवार को कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच इस साल नवंबर में होने वाली टेस्ट सीरीज के दौरान गुवाहाटी पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। उन्होंने इसके साथ ही बताया कि गुवाहाटी इस साल के आखिर में आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के दौरान अपने पहले विश्व कप मैच की भी मेजबानी करेगा। सैकिया ने कहा, ''गुवाहाटी में अब तक कोई टेस्ट और विश्व कप मैच नहीं खेला गया है, लेकिन शनिवार को बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में लिए गए फैसले के अनुसार, गुवाहाटी इस साल इस तरह के दोनों मैच की मेजबानी करेगा।'' उन्होंने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच 22 नवंबर से यहां असम क्रिकेट संघ (एसीए) स्टेडियम में खेला जाएगा।



# चौथे टी20 में पाकिस्तान की 115 रनों से हार, सीरीज पर न्यूजीलैंड का कब्जा

**एजेंसी, ऑकलैंड**

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को चौथा टी20 मैच खेला गया, जिसमें न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 115 रनों से हरा दिया। टॉस हारने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान के सामने 221 रनों का विशाल लक्ष्य रखा, और जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 105 रनों पर ढेर हो गई। फिल एलन को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया, उन्होंने 20 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें 6 चौका और 3 छक्का शामिल था। यह न्यूजीलैंड की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उनकी सबसे बड़ी जीत 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ आई थी, जिसमें उन्होंने कैरेबियाई टीम को 119 रनों से हराया था।



शॉट खेलता न्यूजीलैंड का बल्लेबाज फिल एलन।

न्यूजीलैंड ने 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की अजय बढ़त बना ली है। पांचवां और सीरीज का आखिरी टी 20 मैच 26 मार्च को खेला जाएगा। माउंट मंगोनी में खेले गए मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 220 रन बनाए। फिन एलन ने 50, माइकल प्रेसवेल ने 46 और टिम सेफर्ट ने 44 रन बनाए, जबकि डेरिल मिशेल ने 29 और मार्क चैपमैन ने 24 रन बनाए।

पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी ने 4 ओवर में 49 रन दिए और शादाब खान भी कोई विकेट लेने में नाकाम रहे, उन्होंने 4 ओवर में 49 रन दिए, जबकि हारिस रऊफ ने 3 विकेट, अबरार अहमद ने 2 विकेट और अब्बास अफरीदी ने एक विकेट लिया।

221 रनों के जवाब में पाकिस्तान की बल्लेबाजी न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और शुरुआत से ही विकेट गिरने लगे, जिसकी वजह से 16.2 ओवर में 105 रन पर ही पूरी टीम ढेर हो गई। पाकिस्तान के 8 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी छूने नहीं सके। अब्दुल समद ने 44 रन बनाए, जबकि इरफान खान 24 रन बनाकर आउट हुए और अबरार अहमद 1 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से जैकब डफी ने 4 और जकारी फौल्केस ने 3 विकेट हासिल किए।

## इंडियन प्रीमियर लीग

## लखनऊ की कमान ऋषभ पंत के हाथ, तो दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल

# नए कप्तानों के साथ जीत से आगाज करने उतरेंगे दिल्ली और लखनऊ

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

नए कप्तान और नई टीम के साथ दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम सोमवार को जब यहां आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नए सत्र का आगाज जीत से करना होगा। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा, जबकि दिल्ली की टीम अपने दो घरेलू मैच यहां खेलेगी।

अपने आईपीएल करियर में अभी तक केवल दिल्ली की टीम से खेलने वाले ऋषभ पंत इस बार लखनऊ की टीम की कमान संभाल रहे हैं जिसने उन्हें आईपीएल की नीलामी में रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। अपनी महंगी कीमत के कारण पंत का चर्चा में रहना लाजमी है, लेकिन यह विकेटकीपर बल्लेबाज इन सब बातों को दरकिनार कर अच्छा प्रदर्शन करके सीमित ओवरों की राष्ट्रीय टीम में अपना स्थान पक्का करना चाहेगा। पंत चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल थे लेकिन उन्हें एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला था।

दूसरी तरफ के एल राहुल हैं जो पिछले दो सत्र में लखनऊ की कमान संभालने के बाद इस बार एक खिलाड़ी के रूप में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलेंगे। दिल्ली की टीम ने ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तान नियुक्त किया है, लेकिन बल्लेबाजी में राहुल की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। दिल्ली की टीम में दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसी भी हैं जो पिछले साल तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कमान संभाल रहे थे। दिल्ली ने उन्हें उप कप्तान बनाया है। कागजों पर दिल्ली की टीम काफी मजबूत नजर आती है क्योंकि उसके पास विदेशी और भारतीय खिलाड़ियों का अच्छा संयोजन है। दूसरी तरफ लखनऊ के पास केवल छह विदेशी खिलाड़ी हैं।



दिल्ली को बल्लेबाजी में जहां डु प्लेसी के अनुभव का फायदा मिलेगा वहीं गेंदबाजी में उसके पास ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क हैं। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले करुण नायर की मौजूदगी में दिल्ली का मध्यक्रम मजबूत नजर आता है जिसमें राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिज़वी और आशुतोष शर्मा भी शामिल हैं। दिल्ली की गेंदबाजी इकाई भी मजबूत नजर आ रही है जिसके स्पिन विभाग में भारत के दो अनुभवी स्पिनर अक्षर और कुलदीप यादव शामिल हैं। उसके तेज गेंदबाजी विभाग में स्टार्क के अलावा टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार और दुशमंत चमीरा शामिल हैं। लखनऊ को उम्मीद होगी कि उनके भारतीय खिलाड़ी विदेशी खिलाड़ियों के साथ अच्छी तरह से सामंजस्य बिठाएंगे। विदेशी खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श केवल एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध हैं। ऐसे में लखनऊ को डेविड मिलर और एडेन मार्करम की दक्षिण अफ्रीकी जोड़ी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

निकोलस पूरण के रूप में लखनऊ के पास विस्फोटक बल्लेबाज है जो अपने दम पर मैच का पासा पलट सकता है। उनके अलावा लखनऊ की टीम में आयुष बडोनी, अब्दुल समद और शाहबाज अहमद के रूप में अच्छे भारतीय बल्लेबाज हैं। लखनऊ के लिए गेंदबाजी विभाग हालांकि चिंता का विषय है क्योंकि उसके भारतीय तेज गेंदबाज मयंक यादव, आवेश खान और आकाशदीप अभी चोटों से उबर रहे हैं। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को टीम में शामिल करने से लखनऊ को मजबूती मिली है। ठाकुर को तेज गेंदबाज मोहसिन खान के चोटिल होने के कारण उनकी जगह पर टीम में शामिल किया गया है।

**मैच : शाम 7 : 30 बजे से**

### संभावित टीमें

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसिस, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्करम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, अवेश खान, आकाश दीप, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, मयंक यादव, शार्दुल ठाकुर, रवि बिश्नोई।